RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 298
फरीदाबाद, शुक्रवार, 08 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




स्मिथ के मैनेजर ने उनकी संन्यास की चर्चा को खारिज किया

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 69521 | ▼ 132.04 | |
| निफ्टी | 20901 | ▼ 36.55 | |
| सोना | 62458 | ▲ 18 | /10 gm |
| चांदी | 74640 | ▼ 191 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 25.00°C
न्यूनतम 11.00°C

## क्विक न्यूज

### छह महीने से लापता पूर्व चीनी विदेश मंत्री की मौत



**बीजिंग।** करीब छह महीने से लापता चीन के पूर्व विदेश मंत्री क्विन गेंग की मौत हो गई है। ये दावा अमेरिकी मीडिया हाउस पॉलिटिको ने किया है। रिपोर्ट में क्विन की मौत की वजह सुसाइड या टॉर्चर बताई गई है। पॉलिटिको ने चीन के दो अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि क्विन की जुलाई में ही बीजिंग के एक मिलिट्री अस्पताल में मौत हो गई थी।

### सरकारी डॉक्टर नौ दिसंबर को रहेंगे हड़ताल पर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर अपनी नौ दिसंबर को होने वाली पेन डाउन हड़ताल को जारी रखेंगे। सरकार द्वारा दिए गए प्रमोशन के ऑफर को हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज (एचसीएमएस) एसोसिएशन ने ठुकरा दिया है। एसोसिएशन पदाधिकारियों का कहना है कि प्रमोशन मेडिकल ऑफिसर का अधिकार है। सरकार को उनके द्वारा की जाने वाली मांगों पर ही विचार करना होगा। इससे कम पर कोई भी समझौता स्वीकार नहीं होगा।

### छात्राओं से अश्लीलता के आरोप में प्रिंसिपल गिरफ्तार

**कैथल।** कैथल में छात्राओं को ऑफिस में बुलाकर अश्लील हरकतें करने के आरोपी प्रिंसिपल रवि कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रिंसिपल पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले के उजागर होने के बाद राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने एसपी उपासना से 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी थी। जिसके बाद पुलिस एक्शन में आई।

### वाराणसी में आंध्रप्रदेश के चार लोगों ने की आत्महत्या

**वाराणसी।** वाराणसी के दशाश्वमेध कोतवाली क्षेत्र के कैलाश भवन देवनाथपुर में गुरुवार शाम एक परिवार के चार लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सभी आंध्र प्रदेश से काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने आए थे। धर्मशाला की तीसरी मंजिल के कमरे में तीनों के शव लटके मिले। मरने वालों की पहचान जय राज (23), लावणिया (45), कोंडा वर्षीय (50) और राजेश (25) के तौर पर हुई है। इधर चोरों की मौत पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।


विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441


# दस दिसंबर तक तय हो पाएगा मप्र में मुख्यमंत्री का चेहरा: विजयवर्गीय

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**बीजेपी** महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि मुख्यमंत्री के नाम पर सस्पेंस रविवार को खत्म हो जाएगा। जब उनसे पूछा गया कि कोई नया चेहरा भी आ सकता है क्या? इस पर उन्होंने कहा कि 10 तारीख का इंतजार करिए। इससे पहले मुख्यमंत्री कौन होगा? इस सवाल पर सीएम शिवराज सिंह ने कहा कि यह तय करना पार्टी का काम है। इधर ग्वालियर में नरेंद्र सिंह तोमर के बॉस लगे पोस्टर्स लगे हैं।

दिल्ली में गुरुवार शाम को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए पीएम आवास पहुंचे। बता दें कि बीजेपी में मध्यप्रदेश के साथ ही छत्तीसगढ़ और राजस्थान के लिए सीएम तय के लिए विचार-मंथन और बैठकों का दौर जारी है।

भाजपा ने संकेत दिए हैं कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री पद के लिए मौजूदा सीएम शिवराज सिंह चौहान के साथ पार्टी नए चेहरों के विकल्प पर भी जा सकती है। पार्टी के शीर्ष नेताओं की बैठक के बाद इन अटकलों को बल मिला है। फिलहाल, नाम फाइनल करने के लिए नतीजे आने के चौथे दिन आज भी मंथन चल रहा है। बीजेपी की जीत में



लाड़ली बहना नहीं चली। मोदी मैजिक चला? पूर्व में दिए इस बयान पर विजयवर्गीय ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि मैंने ऐसा नहीं बोला। मैंने कहा कि मोदी मैजिक चला और उसके साथ सारी योजनाएं चली। प्रधानमंत्री आवास योजना भी चली। आयुष्मान योजना भी चली। एक गुलदस्ता होता है योजनाओं का। उस गुलदस्ते में एक योजना लाड़ली बहना भी थी।

### राजस्थान में सीएम चेहरे को लेकर राजनीतिक हलचल तेज, वसुंधरा प्रयासों में जुटीं



**राजस्थान** में सीएम के नाम की घोषणा के कयासों के बीच दिल्ली में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। गुरुवार शाम को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास मिलने पहुंच वाली थीं। उधर, विधायकों को होटल रुकवाने के मामले में किशनगंज विधायक ललित मीणा के पिता हेमराज मीणा ने वसुंधरा राजे के बेटे और सांसद दुष्यंत सिंह पर बड़ा आरोप लगाया है। पूर्व विधायक हेमराज ने कहा कि मेरे बेटे और झालावाड़-बारां के विधायकों को सांसद दुष्यंत जयपुर लेकर आए थे।

### एक आईपीए, दो एचसीएस अधिकारियों का तबादला

**चंडीगढ़।** प्रदेश हरियाणा सरकार ने गुरुवार को फिर प्रशासनिक अधिकारियों का तबादला किया। मुख्य सचिव संजीव की ओर से जारी की गई ट्रांसफर लिस्ट में एक आईएएस के साथ दो एचसीएस की ट्रांसफर की गई है।

गुरुग्राम डिवीजन के कमिश्नर, हरियाणा सीड्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन और हरियाणा मिनरल्स के एमडी आईएएस रमेश बिदान को मेवात डेवलपमेंट एजेंसी का चेयरमैन बना दिया गया है। इनके अलावा इस लिस्ट में दो एचसीएस के नाम भी शामिल हैं।

# सुशासन के लिए भाजपा लोगों की पसंदीदा पार्टी बनी : मोदी

**बोले, तीन राज्यों में जीत के अलावा तेलंगाना और मिजोरम में भी पार्टी की ताकत बढ़ी**

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को चुनावी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासन के लिए लोगों की सबसे पसंदीदा पार्टी बन गई है क्योंकि सत्ता में रहते हुए चुनाव जीतने का उसका रिकॉर्ड कांग्रेस और अन्य दलों के मुकाबले काफी बेहतर है।

भाजपा संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने हालिया विधानसभा चुनावों में पार्टी की बड़ी जीत का श्रेय किसी नेता को नहीं, बल्कि टीम भावना को दिया और कहा कि तीन राज्यों में जीत के अलावा तेलंगाना और मिजोरम में भी पार्टी की ताकत बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने पार्टी के नेताओं से कहा कि वे जनता से संवाद के दौरान ऐसी भाषा का इस्तेमाल करें जो वे (लोग) पसंद करते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि उन्हें मोदी जी की गारंटी के बजाय मोदी की गारंटी का इस्तेमाल करना चाहिए। मोदी ने कहा कि भाजपा के लिए यह आंकड़ा 39 बार में 22 है, यानी सफलता दर 56 प्रतिशत है। क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस से बेहतर प्रदर्शन किया है, लेकिन वे भाजपा से बेहतर नहीं कर सके क्योंकि उन्होंने सत्ता में रहते हुए 36 में से 18 बार जीत हासिल की और उनकी सफलता दर 50 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि यह दिखाता है कि भाजपा सरकार चलाने के लिए सबसे पसंदीदा पार्टी है। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि उनके लिए चार सबसे बड़ी जातियां गरीब, युवा, महिलाएं और किसान हैं और पार्टी नेताओं को उनके विकास के लिए काम करना चाहिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा में हिस्सा लेने को कहा जिसका उद्देश्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाना है। बाद में मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज भाजपा संसदीय दल की बैठक में शामिल हुआ।

हमारी पार्टी के कार्यकर्ता हाल के विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन से उत्साहित हैं और आने वाले समय में और भी कड़ी मेहनत करने के लिए तत्पर हैं, जिससे जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों के बीच विकास का संदेश फैल सके।

# फडणवीस ने की नवाब मलिक को गठबंधन में न शामिल करने की अपील

**एजेंसी।** मुंबई





**महाराष्ट्र** के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने डिप्टी सीएम अजीत पवार को लेटर लिखकर नवाब मलिक को गठबंधन में शामिल न करने की मांग की है। देवेंद्र में ने लेटर में यह भी लिखा है कि जिस तरह के गंभीर आरोप उन पर लग हैं, उस स्थिति में उनको गठबंधन (महायुति) में शामिल करना ठीक नहीं। सत्ता आती है जाती है,लेकिन सत्ता की अपेक्षा देश महत्वपूर्ण है। श्वष्ठ ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नवाब मलिक को फरवरी 2022 में गिरफ्तार किया था। अगस्त में सेहत खराब होने की वजह से सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें पहले दो महीने के लिए जमानत पर छोड़ने का आदेश दिया था। वे 18 महीने तक जेल में थे।

गुरुवार को नवाब मलिक आज नागपुर विधानसभा के पहले दिन काम काज में शामिल हुए थे और सत्ता पक्ष की तरफ बैठे थे।। इसके बाद कयास लगाए गए कि नवाब मलिक अजित गुट के साथ जाएंगे।

### दिग्विजय ने बरैया को मुंह काला करने से रोका



**भोपाल** में गुरुवार को हाई पॉलिटिकल ड्रामा देखने को मिला। नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया अपना मुंह काला करने के लिए राजभवन के लिए निकले। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया और मुंह काला नहीं करने दिया। दिग्विजय सिंह ने बरैया को काला टीका लगाकर उनका वचन पूरा कराया। बाद में बरैया ने ईवीएम वाले पोस्टर्स पर काली स्याही पोत दी। उन्होंने कहा कि हम ईवीएम का मुंह काला कर रहे।

### कतर में आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों से मिले भारत के एंबेसडर

**दोहा।** कतर की जेल में कैद भारत के आठ पूर्व नौसैनिकों से वहां मौजूद भारत के एम्बेसडर विपुल ने मुलाकात की है। ये मुलाकात रविवार यानी तीन दिसंबर को हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इसकी जानकारी गुरुवार को दी।

बागची ने कहा, हमने पूर्व नौसैनिकों की मौत की सजा के खिलाफ अपील की थी। इसके बाद दो बार सुनवाई हो चुकी है। हम मामले पर नजर बनाए हुए हैं। उन्हें सभी कानूनी और काउंसलर मदद दी जा रही है। ये बेहद संवेदनशील मामला है, इसलिए ज्यादा जानकारी नहीं दी जा सकती। इससे पहले 23 नवंबर को नौसैनिकों की मौत की सजा के खिलाफ लगाई गई याचिका को कतर की अदालत ने स्वीकार कर लिया था। भारत सरकार ने करीब 1 महीने पहले पूर्व नौसैनिकों की सजा के खिलाफ अपील की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने 9 नवंबर को अपील दायर करने की जानकारी दी थी।

# पैत्रिक गांव में हुआ सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का अंतिम संस्कार



**एजेंसी।** जयपुर

**श्री राष्ट्रीय** राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों पर गुरुवार को पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया।

फरार दोनों आरोपी रोहित सिंह राठौड़ और नितिन फौजी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें राजस्थान के अलावा अन्य प्रदेशों में भी छापेमारी कर रही हैं। उधर, सुखदेव सिंह का अंतिम संस्कार शाम करीब 5:30 बजे हनुमानगढ़ के गोगामेड़ी गांव में हुआ। इससे पहले बुधवार देर रात एसएमएस हॉस्पिटल में मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया था। इसके बाद सुबह राजपूत सभा भवन में समाज के लोगों ने अंतिम दर्शन किए।

यहां से श्रद्धांजलि यात्रा रवाना पैतृक गांव गोगामेड़ी के लिए रवाना हुई थी। यात्रा भवानी निकेतन कॉलेज, चौमूं, रींगस, सीकर, लक्ष्मणगढ़, फतेहपुर, चूरू, तारानगर, साहवा, भादरा होते हुए शाम करीब चार बजे गोगामेड़ी पहुंची। अंतिम दर्शन के लिए गांव में तांता लग गया। इधर, हत्या के विरोध में अलवर और हनुमानगढ़ शहर बंद रहा।

### हरियाणा में रिश्वतखोर एसडीओ गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने यमुनानगर जिला के रादौर में तैनात पंचायती राज संस्था के एसडीओ को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी एसडीओ संदीप कुमार ने शिकायतकर्ता से 30 लाख रुपये के बिल पास करने की एवज में 50 हजार रुपये की मांग की थी।

इसमें से 10 हजार आरोपी को एक दिन पहले छह दिसंबर को दिए गए थे, जबकि बाकी पैसे गुरुवार को देने थे। इस मामले में रिश्वत लेते हुए आरोपी एडीओ को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। यह पूरी कार्रवाई गवाहों के समक्ष पूरी पारदर्शिता बरतते हुए निष्पक्ष रूप से की गई।

# रेवंत रेड्डी ने ली तेलंगाना सीएम पद की शपथ

**एजेंसी।** हैदराबाद

**कांग्रेस** नेता रेवंत रेड्डी ने बृहस्पतिवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भट्टी विक्रमार्क डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। उनके साथ 11 मंत्रियों ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम एलबी स्टेडियम में हुआ। इसमें सोनिया गांधी, राहुल, प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए।

रेवंत ने शपथ लेने के तुरंत बाद दो फाइलों पर दस्तखत किए। पहली फाइल चुनाव से पहले कांग्रेस की तरफ से दी गईं छह गारंटियों की थी। दूसरी फाइल में एक दिव्यांग महिला को नौकरी देने का वादा किया गया।



इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय प्रगति भवन के बाहर लगी फेंस को हटवा दिया, जिसकी वजह से कई साल से लोगों को ट्रैफिक जाम की परेशानी हो रही थी। तेलंगाना का गठन 2014 में हुआ था। तब से लेकर 2023 तक दो बार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) केके. चंद्रशेखर राव (केसीआर) मुख्यमंत्री रहे। इस साल हुए विधानसभा चुनाव में केसीआर को हार मिली और रेवंत रेड्डी के रूप में राज्य को दूसरा (कार्यकाल के हिसाब से तीसरा) सीएम मिला।

# आईएसआईएस से जुड़े छह संदिग्ध गोधरा से पकड़े

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**गुजरात** आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने गोधरा से इस्लामिक स्टेट खोरासन प्रोविंस (आईएसकेपी) से जुड़े छह संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एटीएस के डीआइजी दीपेन भद्रन ने बताया कि हमें राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों से इनपुट मिला था कि आतंकी संगठन आईएसकेपी का स्लीपर सेल गुजरात के गोधरा शहर में एक्टिव है। इसी जानकारी के बाद गोधरा में छापेमारी कर इन्हें हिरासत में लिया गया।

फिलहाल इनकी पहचान गुप्त रखी गई है। सुरक्षा अधिकारी इनसे पूछताछ कर रहे हैं। जल्द ही पूरी



तस्वीर साफ होने पर मीडिया को विस्तृत जानकारी दी जाएगी। गौरतलब है कि इसी साल जून महीने में सूरत से एक महिला को अरेस्ट किया गया था। गुजरात के भरूच शहर में रहने वाली यह महिला भी आईएसकेपी से जुड़ी थी। महिला की शादी तमिलनाडु में रहने वाले एक युवक से हुई है और परिवार में दो बच्चे भी हैं।

### महाराष्ट्र विधानसभा में फल-सब्जी की माला पहनकर पहुंचे विपक्षी

**नागपुर।** महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र गुरुवार से नागपुर में शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन महाराष्ट्र के गृह मंत्री और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र विधानसभा में महाराष्ट्र कसीनो (नियंत्रण एवं टैक्स) विधेयक पेश किया। वहीं, राज्य के वित मंत्री अजित पवार ने विधानसभा में चिटफंट महाराष्ट्र संशोधन विधेयक पेश किया।

सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा में विपक्ष के नेताओं ने किसानों समेत कई मुद्दों पर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान कई नेता फलों-सब्जियों की माला पहने हुए नजर आए। वहीं, कईयों ने बैनर लेकर भी प्रदर्शन किया।

# प्रदेश के 12 जिलों में दो दिन तक छाया रहेगा कोहरा

**एजेंसी।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के 12 जिलों में गुरुवार और शुक्रवार घने कोहने को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। विभाग की ओर से कहा गया है कि अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, गुरुग्राम, मेवात, पलवल, फरीदाबाद, रोहतक, सोनीपत, पानीपत में सुबह और शाम को कोहरे का ज्यादा प्रभाव रहेगा। राज्य में महेंद्रगढ़ का तापमान 6.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है।

मौसम विभाग ने अभी दो दिनों तक रात और दिन के तापमान में गिरावट होने के आसार जताए हैं। 11 से 13 दिसंबर के बीच एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके कारण आसमान में बादलों का प्रभाव रहेगा। इसके साथ ही सूबे के कुछ जिलों में बारिश के आसार भी बनेंगे। राजस्थान के साथ लगते हिसार तथा महेंद्रगढ़ जिले में सबसे अधिक तापमान गिरा है।

प्रदेश में रात का तापमान 6 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। बुधवार को महेंद्रगढ़ में रात का तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हिसार का तापमान 7.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रेवाड़ी में न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री रहा। प्रदेश में अधिकतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस से 25.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है।

**राज्य में महेंद्रगढ़ का न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया**



## 22 व 23 दिसंबर को आयोजित होगा जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव

**फरीदाबाद।** एडीसी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में आगामी जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 2023 के लिए हवन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सेमिनार, झाकियों सहित तमाम तैयारियां शुरू कर दी गई है। दो दिवसीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर एडीसी ने अधिकारियों, सामाजिक, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों संग बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा की गई। गीता जयंती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, सेमिनार व शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि आगामी 22 व 23 दिसंबर को दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह में अधिक से अधिक सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करें। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि 22 से 23 दिसंबर दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर सेक्टर-12 में आयोजित किया जाएगा। एडीसी आनन्द शर्मा ने आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में आगामी 22 से 23 दिसंबर तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों और धार्मिक तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

दो दिवसीय गीता जयंती महोत्सव सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा जहां महोत्सव में सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ सभी सामाजिक-धार्मिक संगठनों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है। एडीसी ने बैठक कक्ष में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तरीय गीता जयंती महोत्सव कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है।

## आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय

### मरीजों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**गांव** छांयसा स्थित श्री अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में इन पेशेंट डिपार्टमेंट (आईपीडी) को शुरू करने के लिए वार्ड बनाने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। सभी वार्ड में मरीजों को भर्ती करने के लिए बेड को लगाया जा रहा है। वहीं, अन्य जरूरी सामान की खरीद शुरू कर दी गई है। ओपीडी के बाद अब आईपीडी और इमरजेंसी सेवा इस साल के अंत तक शुरू कर दी जाएगी। मेडिकल कॉलेज के आसपास के 20 से अधिक गांववासियों को फायदा होगा।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय की ओपीडी सेवाएं 16 जुलाई 2022 में शुरू की गई, लेकिन मरीजों की संख्या में इजाफा नहीं होने की वजह 2023-24 के द्वितीय बैच में (प्रथम नवीनीकरण) प्रवेश लेने की अनुमति के प्रस्ताव को भारतीय चिकित्सा परिषद ने अस्वीकार कर दिया गया है। उसके बाद महाविद्यालय की ओर से अपील की गई और छह महीने के हरियाणा सरकार द्वारा दी गई अंडरटेकिंग के बाद अनुमति प्रदान कर दी गई। वह अनुमति जनवरी माह में खत्म होने वाली है। उसी के चलते महाविद्यालय में मरीजों की संख्या को बढ़ाने के लिए कई प्रकार की सुविधाओं को शुरू करने की कवायद की जा रही है।

निदेशक बीएम वशिष्ठ ने बताया कि सरकार की ओर से दिया गया छह महीने का समय जनवरी माह में खत्म होने वाला है। उससे पहले उनकी ओर से आईपीडी और इमरजेंसी सेवाओं को शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इसमें उनकी ओर से वार्ड में बेड लगने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वहीं, साइन बोर्ड भी लगने शुरू हो गए है। उन्होंने बताया कि हर बीमारी के मरीज को भर्ती करने के लिए अलग-अलग वार्ड को बनाया गया है। उनके अस्पताल 400 बेड का बनेगा। इसमें इमरजेंसी के बेड भी शामिल होंगे। आईपीडी और इमरजेंसी सेवाएं शुरू होने के बाद ओपीडी में भी मरीजों की संख्या बढ़ जाएगी। क्योंकि ओपीडी में आने वाले मरीजों को कई बार अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता होती है। इसलिए अब ओपीडी में आने वाले मरीजों को सुविधा अनुसार भर्ती किया जाएगा। जल्द ही अस्पताल में खून की जांच, एक्सरे आदि सेवाएं भी शुरू होगी। यमुना के आसपास बसे करीब 20 से अधिक गांव के मरीजों को फायदा होगा। अब तक यहां के लोगों को अपने इलाज के लिए दयालपुर के पीएचसी, मोहना के पीएचसी, बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल और बीके अस्पताल जाना पड़ता था, जोकि काफी दूर है। आईपीडी और इमरजेंसी सेवा शुरू होने के बाद गांव हीरापुर, गांव मोहना, गांव चांदपुर, गांव अरुआ, गांव मोठूका, गांव छांयसा, गांव अटाली, गांव महमदपुर, गांव नरहावली, गांव नरियाला, गांव दयालपुर, गांव कोराली, गांव फजौपुर खादर, गांव पंचायती झुग्गी, गांव मखनपुर, गांव लतीफपुर, गांव बागपुर आदि को फायदा होगा। महाविद्यालय परिसर के अंदर मरीजों को कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को लगाए जा रहे है। वहीं, पुलिस आयुक्त से मिलकर महाविद्यालय परिसर के अंदर एक पुलिस चौकी को खोला जाएगा। लोगों को आने जाने में कोई परेशानी न हो, उसके लिए रोडवेज महाप्रबंधक से बैठक करके रोडवेज बस सेवा को शुरू किया जाएगा। जिससे मरीज आसानी से अस्पताल में उपचार लेने के लिए पहुंच पाएंगे।

> **फायर** फाइटिंग सिस्टम का कार्य कुछ रह गया है। इसे लेकर ठेकेदार की ओर से कार्य करना बंद कर दिया गया है। उच्च अधिकारियों की ओर से ठेकेदार को पेमेंट का भुगतान नहीं किया गया। इसकी वजह से कार्य को रोक दिया गया। अब ठेकेदार के साथ बैठक की जाएगी। इसके बाद कार्य को जल्द शुरू करके एनओसी ली जाएगी।
>
> **- डॉ. बीएन वशिष्ठ, निदेशक श्री अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय**

## बुखारपुर तथा जुन्हेड़ा में ग्रामवासियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया स्वागत

### यात्रा के जिला कोऑर्डिनेटर विजेंद्र नेहरा ने कार्यक्रम में की शिरकत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**विकसित** भारत संकल्प यात्रा का आज वीरवार को फरीदाबाद के गांव बुखारपुर तथा जुन्हेड़ा में पहुंचने पर ग्रामवासियों ने यात्रा वाहन का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में आए लोगों को केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित किए गये शिविरों के माध्यम से लोगों को अलग-अलग प्रकार की सेवाओं से लाभांवित किया गया। कार्यक्रम में आए लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उपचार उपलब्ध कराया गया।

कार्यक्रम में शिरकत करते हुए यात्रा के जिला कोऑर्डिनेटर व मुख्य वक्ता विजेंद्र नेहरा ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा - जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हर नागरिक को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना ही इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओजस्वी नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने ग्रामीण विकास की रूपरेखा तैयार की है। उन्होंने कार्यक्रम में नागरिकों से 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों, प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई सोच के साथ एक नए भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस संकल्प यात्रा में जनसंवाद कार्यक्रम को जोड़कर हरियाणा में पिछले नौ साल में हुए विकास कार्यों एवं योजनाओं को भी इसमें शामिल किया है, जिस बारे आमजन को जानकारी दी जा रही है और योजनाओं का लाभ नागरिकों को सुगमता से उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब योग्य व्यक्ति को कार्यालयों की चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है, बल्कि उन्हें घर बैठे योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित नागरिकों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम में जिला कोऑर्डिनेटर व मुख्य वक्ता विजेंद्र नेहरा ने सभी स्टालों का अवलोकन भी किया।

इस यात्रा के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं शामिल हैं, जिन्हें इस यात्रा के माध्यम से जनता के समक्ष रखा जा रहा है। एलईडी वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर नागरिकों को जागरूक किया गया और मौके पर उपस्थित लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर गांव जुन्हेड़ा के सरपंच योगेंद्र कुमार, गांव बुखारपुर की सरपंच मधु, नायब तहसीलदार अजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने इस यात्रा की सराहना की।

## मुनाफा कमाने के चक्कर में गंवाए साढ़े 17 लाख रुपये

**फरीदाबाद।** अधिक मुनाफा कमाने के चक्र में निजी कंपनी कर्मी ने साढ़े 17 लाख रुपये गंवा दिए। साइबर ठग ने उन्हें टास्क को पूरा करने पर दोगुना मुनाफे का लालच दिया गया। थाना साइबर सेल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-7 ई निवासी सौरभ सिंघल ने बताया कि वह निजी कंपनी में कार्यरत है। उनके पास 21 नवंबर को गूगल मैप पर समीक्षा संबंधित परियोजना से व्हाट्सएप पर प्राप्त हुआ। इसमें उनको समूह में शामिल होने के लिए टेलीग्राम लिंक भेजा गया। समूह में शामिल होने के बाद उनको प्रत्येक समीक्षा के लिए 50 रुपये भुगतान किया गया। विभिन्न प्रकार के टास्क को पूरा करने पर उनके खाते में 2800 रुपये भेजे गए। उसके बाद 23 नवंबर को क्रिप्टो करेंसी के नाम पर पांच हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करने के लिए कहा गया। पैसे देने के बाद उनको वीआईपी टास्क ग्रुप में जोड़ दिया गया। 28 नवंबर को सभी कार्य पूरा करने के बाद खाते में अपना रिफंड वापस लेने के लिए विड्रॉल रिक्वेस्ट करने के लिए बैंक खाते का विवरण भरने के लिए कहा। कुछ समय के बाद उनको पता चला कि खाते का विवरण सही ढंग से दर्ज नहीं किया।

## स्कूल बस ने बाइक को मारी टक्कर, निगम कर्मचारी की मौत



**फरीदाबाद।** नेशनल हाईवे नंबर 19 पर बल्लभगढ़ अनाज मंडी के पास एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने बाइक सवार को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान 37 वर्षीय सतीश निवासी गांव रामगढ़ हसनपुर के रूप में हुई है। मौके पर पहुंचे रणबीर हवलदार ने बताया कि वह सोहना टी प्वाइंट पर ड्यूटी पर थे। तभी उन्हें एक होमगार्ड द्वारा सूचना दी गई कि नेशनल हाईवे नंबर 19 पर एक बाइक सवार को बस चालक ने कुचल दिया है, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे तो बाइक सवार की मौत हो चुकी थी। फिर घटना के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बादशाह सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। वहीं, इस मामले में नगर निगम सफाई कर्मचारी के प्रधान गुरचरण खांडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक सतीश बल्लभगढ़ नगर निगम में निगम रोल पर लगा हुआ था और ड्यूटी के सिलसिले में ही वह जा रहा था। तभी स्कूल बस ने उसे कुचल दिया। खंडिया के मुताबिक मृतक के घर में पत्नी और बुजुर्ग पिता सहित तीन छोटी-छोटी बेटियां हैं, जो अब पिता के जाने के बाद बेसहारा हो गईं। वह चाहते हैं कि बस चालक के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए और मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

## स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षाओं में धड़ल्ले से हो रही नकल



**फरीदाबाद।** स्थानीय नेहरू कॉलेज में चल रही स्नातक व स्नातकोत्तर परिक्षाओं में छात्रों द्वारा धड़ल्ले से नकल की जा रही है। जिससे परिक्षाएं सुचारू रूप से होने पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। यहां आने वाले अभिभावकों व बाहर के शिक्षाविदों का कहना है कि नकल करके परीक्षा पास करने वाले छात्र व छात्राओं का आगे क्या भविष्य होगा। परीक्षा में नकल कॉलेज प्रशासन की मिलीभगत से हो रही है, इस पर तुरंत रोक लगाई जाए। नेहरू कॉलेज में इस समय सेमेस्टर स्तर की स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छात्रों द्वारा खुलेआम नकल की जा रही है। कुछ समाजसेवियो ने जब कॉलेज का दौरा किया तो उन्होंने पाया कि परीक्षा दे रहे छात्रों द्वारा खुलेआम पुस्तकें खोलकर उनमें से नकल की जा रही थी। वहीं उनके आस-पास पर्चियों भी पड़ीं थीं। परीक्षा करा रहे सुपरवाइजर और सुपरिटेंडेंट भी नकल कर रहे छात्रों को नहीं रोक रहे थे। जिससे उनके हौंसले और भी अधिक बढ़ गए हैं। लोगों का कहना है कि नकल के बलबूते पर परीक्षा पास करने वाले छात्र आगे क्या करेंगे। इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता हैं। नकल का सबसे अधिक नुकसान बेहतर छात्रों पर पड़ेगा। नकल करने वाले छात्र उनके अधिक नंबर ले लेंगे। जिससे उनकी योग्यता में गिरावट आयेगी। लोगों ने कॉलेज प्रशासन से नकल पर रोक लगाने की मांग की है।

## एसपीएस इंटरनेशनल का समाज को संदेश-नशे को ना

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल




**हुडा** सेक्टर-2 स्थित समाज कल्याण से जुड़े कार्यों के लिए प्रसिद्ध एसपीएस इंटरनेशनल ने एक बार फिर एक नई पहल की है। जिसमें एसपीएस इंटरनेशनल की एंटी ड्रग सेल की टीम ने मार्गदर्शन के बैनर तले एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक था नशे को ना। विद्यालय के छात्रों ने पलवल के शेखपुरा मोहल्ला में इस नुक्कड़ नाटक को प्रस्तुत कर समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। एसपीएस इंटरनेशनल ने हाल ही में अभी एक मैराथन का आयोजन भी किया था जिसका एकमात्र उद्देश्य भारत को अखंड तथा नशा मुक्त बनाना था उसी कड़ी में यह नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। विद्यालय में एक एंटी ड्रग सेल गठित है जिसके माध्यम से युवा पीढ़ी को नशे के दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराया जाता है तथा उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाता। समाज के लोगों ने भी इस पहल की सराहना की है तथा सोशल मीडिया पर भी इस नुक्कड़ नाटक को काफी पसंद किया जा रहा है। विद्यालय के संस्थापक सुरेश भारद्वाज ने बताया कि नशा समाज के लिए एक अभिशाप है तथा हमारी आज की युवा पीढ़ी को खोखला करता जा रहा है। नशे के कारण ही कई घरों के चिराग भी असमय बुझ जाते हैं तथा परिवार जनों के जीवन में कठिनाई उत्पन्न हो जाती है। आज की युवा पीढ़ी को नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराना अति आवश्यक है। इसी सोच के साथ विद्यालय के छात्रों ने जगह-जगह पर इस प्रकार के नुक्कड़ नाटक को प्रस्तुत किया है। विद्यालय की अकादमिक डायरेक्टर संतुष्टि थापर ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए केवल पढ़ाई ही जरूरी नहीं है बल्कि समाज से जुड़कर रहना भी उसका एक अभिन्न अंग है। विद्यालय के छात्र भविष्य में एक सफल एवं आदर्श नागरिक बने इसी सोच के साथ विद्यार्थियों को विद्यालय में शिक्षा दी जाती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता छाबड़ी ने सभी विद्यार्थियों तथा उनके अध्यापकों को इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एसपीएस इंटरनेशनल के छात्रों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से यह साबित कर दिया है कि वह किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।

## नीमका जेल में लगाई लोक अदालत में दो केंसों का किया निपटारा



**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप गर्ग के दिशा निर्देशानुसार जिला जेल नीमका में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकीर्ति गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जेल लोक अदालत में 21 केस रखे गए, जिनमें से दो केसों का मौके पर निपटारा किया गया। जोकि चोरी व छोटी मारपीट से संबंधित थे। जेल में बंद दिनों को सजा मानकर कटी। सजा पर यदि आरोपी किसी दूसरे केस में वांछित ना हो तो ऐसे दो हवालाती बंदियों को छोड़ने का आदेश दिया गया। इस मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकीर्ति गोयल ने विचाराधीन बंदियों को कहा कि जाने अनजाने में जो गलती हुई है। उनका सुधार करते हुए अपना समय अच्छे काम में लगाएं। ताकि आपका आने वाला भविष्य उज्ज्वल हो सके। आप अपना बेहतर जीवन समाज में जाकर मुख्यधारा से जुड़ कर जी सकें। जिला जेल लोक अदालत में जेल सुपरिटेंडेंट हरिंदर सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल एडवोकेट दीपक परमार, रईस खान व प्रभात शंकर स्टेनो उपस्थित रहे।

## अमेरिका के प्राध्यापकों ने किया एमवीएन विश्वविद्यालय का दौरा




**फरीदाबाद।** एमवीएन विश्वविद्यालय में यूनाइटेड स्टेट, अमेरिका के व्याख्यात ऑबर्न विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों ने दौरा किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग ने बताया कि उनके दौरे का मुख्य उद्देश्य भारतवर्ष में विभिन्न एनजीओ और विश्वविद्यालय को घूमना है और जो एनजीओ और विश्वविद्यालय स्वास्थ्य संबंधित कार्य कर रहे हैं, उनके साथ अनुबंध करना है, ताकि भारत में पिछड़े गांवों में स्वास्थ्य प्रणाली को बढ़ावा दिया जा सके। ऑबर्न विश्वविद्यालय से आये प्रोफेसरों ने बताया कि हमने एमवीएन विश्वविद्यालय में पाया है कि वो निरंतर पिछले काफी वर्षों से समाज के स्वास्थ्य के उत्थान के लिए समय समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर, बीमारी जागरूकता रैली कर रहें हैं, जोकि बहुत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि वो भविष्य में विद्यार्थियों और अध्यापकों के लिए आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में ट्रेनिंग भी देंगे, ताकि स्वास्थ्य के स्तर को और ऊपर उठाया जा सके। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग, उप कुलपति डॉक्टर एनपी सिंह, कुलसचिव डॉक्टर राजीव रतन, डायरेक्टर कॉरपोरेट अफेयर्स प्रोफेसर नरेंद्र आहूजा, डीन अकादमिक डॉक्टर योगेंद्र सिंह, डीन रिसर्च डॉक्टर विनीत, डीन फार्मेसी डॉक्टर तरुण विरमानी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रबंधक संचालक कांता शर्मा, कुलाधिपति वरुण शर्मा ने इसकी प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के समय में स्वस्थ रहने के लिए काफी आधुनिक सुविधाओं का समावेश जरूरी है और उसके लिए हमारा विदेशों के प्रतिनिधियों से अनुबंध करना अत्यंत आवश्यक है, जोकि एमवीएन विश्वविद्यालय लगातार कर रहा है।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103

### नज़रिया



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

**बढ़ा है वोट प्रतिशत आप खुद को यह बधाई दो**
**लड़ोगे कैसे सबसे यूँ बहन और भाई दो**
**अगर सत्ता की चाहत है तो फिर पैदा करो हिम्मत**
**युवाओं को करो आगे बुज़ुर्गों को विदाई दो**

## जीवन में सफलता पाने के लिए शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ साथ प्रवीणता जरूरी : एडीसी

### जिला स्तरीय सांस्कृतिक पारितोषिक वितरण समारोह हुआ संसन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**उपायुक्त** विक्रम सिंह एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद के कुशल मार्गदर्शन में वीरवार को बाल महोत्सव 2023 के अंतर्गत जिला स्तरीय सांस्कृतिक एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय सांस्कृतिक एवं पारितोषिक वितरण समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएल खत्री, जिला बाल कल्याण अधिकारी ने की। मुख्य अतिथि एडीसी आनंद शर्मा ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ साथ लाइफ स्किल्स में प्रवीणता होना जरुरी है और ये प्रतियोगिताएं लाइफ स्किल्स का हिस्सा है। जिनमे भाग लेने से उसकी क्षमता का आंकलन होता है तथा विभिन्न विधाओं में निपूर्णता हासिल होती है। अंत में सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में जिला बाल कल्याण परिषद्, फरीदाबाद द्वारा ऐसे ज्यादा कार्यक्रम कराने को कहा। जिससे बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को और निखारा जा सके। जिला बाल कल्याण अधिकारी एसएल खत्री ने अथितियों का स्वागत करते हुए कहा कि वीरवार के कार्यक्रम में बाल महोत्सव- 2023 के दौरान 46 विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता 380 बच्चो को पुरस्कृत किया गया। सेंट जांस स्कूल सेक्टर-7, फ़रीदाबाद व डीऐवी सेक्टर -14, फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने जिला में बाल महोत्सव 2023 के अंतर्गत प्रतियोगितओं में सबसे अधिक परुस्कार प्राप्त किये।

जिला स्तर पर प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाने वाले निर्णायक मंडल के 20 सदस्यों को भी सम्मनित किया गया। मंच का संचालन देवेंद्र गौर ने किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चो, अध्यापकों और मुख्य अतिथि व अन्य अथितियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर रविंद्र मनचंदा, सतेंदर सोरौत, सुखबीर दहिया, मुनीश पांधी, संजय मिश्रा, नरेंद्र कुमार, श्रीबांके बिहारी, मनोज शास्त्री, बॉबी कुमार गुप्ता, पिंकी मोर प्रशिक्षु बाल कल्याण अधिकारी, अनिल दहिया, कार्यक्रम अधिकारी के साथ साथ बाल भवन का स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की व बच्चों को आशीर्वाद दिया।

# सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए दे रही हर संभव सहायता : प्रवीण डागर

## पलवल में शुरू हुई राज्यस्तरीय महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हथीन** के विधायक प्रवीण डागर ने चार दिवसीय हरियाणा राज्य स्तरीय चौथी एलीट बॉक्सिंग चैंपियनशिप की विधिवत शुरुआत पलवल के देवा बॉक्सिंग क्लब में खिलाड़ियों के हाथ मिलाकर कराई। प्रदेश की इस महत्वपूर्ण बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रदेश के 22 जिले और रोहतक-भिवानी व हिसार साई के लगभग 350 महिला खिलाड़ी भाग ले रही हैं। पलवल में इस तरह का बड़ा आयोजन पहली बार कराया जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी एवं पलवल बॉक्सिंग क्लब की अध्यक्ष प्रियंका तेवतिया द्वारा चलाई जा रही देवा बॉक्सिंग क्लब में चार दिवसीय महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप की विधि व शुरुआत कराई गई। उन्होंने बताया गया कि इस टूर्नामेंट में कई विश्व स्तरीय खिलाड़ी भाग ले रही हैं। यहां पर विजयी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।

टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हथीन के विधायक प्रवीण डागर ने प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों और उनके कोचों का स्वागत करते हुए आयोजन समिति अध्यक्ष प्रियंका तेवतिया को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने इस बड़े आयोजन में भाग लेने आने वाले खिलाड़ियों के सुनहरे भविष्य की कामना करते हुए अपनी ओर से एक लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की।




राज्य स्तरीय महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप आयोजन समिति एवं पलवल बॉक्सिंग क्लब की अध्यक्ष प्रियंका तेवतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह राज्य स्तरीय सीनियर वर्ग महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप सात से 10 दिसंबर तक कराई जा रही है। जिसमें विश्व स्तरीय महिला खिलाड़ी भाग ले रही है। पलवल में इस तरह का बड़ा आयोजन पहली बार किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पलवल में कराई जा रही है राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप नए कीर्तिमान स्थापित कर नए रिकॉर्ड कायम करेगी। यहां पर जो खिलाड़ी जीत कर जाएंगे, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा।

इस प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा बाक्सिंग संघ के प्रधान सत्यपाल सिंधु की देखरेख में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी स्विटी बूरी, पूजा बूरा और नीतू घनघस भी भाग ले रही हैं। ये तीनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर चुकी हैं। इस प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ी आगे नोएडा में 20 से 27 दिसंबर तक होने वाली राष्ट्रीय महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगी।

नोएडा की राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीतने वाली महिला खिलाड़ी आगे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगी। पलवल में प्रतियोगिता का आयोजन करवा रही बॉक्सिंग संघ पलवल की अध्यक्ष प्रियंका तेवतिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग ले रही खिलाड़ियों के रहने-ठहरने व खाने आदि का पूरा प्रबंध पलवल संघ की तरफ से किया गया है। प्रतियोगिता में कोच की भूमिका अशोक सौरोत व योगेश रावत आदि निभा रहे हैं।

# डंपर के नीचे दबकर ड्राइवर-कंडक्टर की मौत

## सामने पशु आने से अनियंत्रित होकर पलटा, यमुना से रेत भरकर जा रहे थे चचेरे भाई



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हसनपुर** मार्ग पर अतवा गांव के निकट डंपर के पलटने से ड्राइवर-कंडक्टर की दर्दनाक मौत हो गई। सामने से जंगली पशु आने के बाद उसे बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और डंपर बिजली के खंबे से टकराकर पलट गया। हसनपुर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

हसनपुर थाना प्रभारी रामचंद्र जाखड़ के अनुसार, जिला मथुरा (यूपी) के शाहपुर गांव निवासी मोहन श्याम ने दी शिकायत में कहा है कि उसका 25 वर्षीय भाई लक्ष्मण डंपर ड्राइवर था। उसके साथ ताऊ का लड़का हर्ष बतौर कंडक्टर कार्यरत था। बुधवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे दोनों डंपर में यमुना से रेत लेकर हसनपुर से पलवल की तरफ आ रहे थे, लेकिन जब उनका डंपर रास्ते में अतवा गांव के निकट पहुंचा तभी सामने से जंगली जानवर आ गया।

जिसे बचाने के चक्कर में डंपर अनियंत्रित हो गया और बिजली के खंबा से टकराकर पलट गया। हादसे में लक्ष्मण व हर्ष मौके पर ही डंपर के नीचे दब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर हसनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर जिला नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। उनके पास से मिले कागजातों के आधार पर पहचान होने पर परिजनों को दुर्घटना की सूचना दे दी। सूचना मिलने पर गुरुवार सुबह मृतकों के परिजन जिला नागरिक अस्पताल पहुंच गए और दोनों मृतकों की पहचान लक्ष्मण व हर्ष के रूप में की। पुलिस ने मृतक लक्ष्मण के भाई की शिकायत पर 174 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## महिला को लिफ्ट देकर तीन लाख लूटे

**पलवल।** नेशनल हाईवे पर मीरापुर चौक के पास से स्कूटी पर लिफ्ट देने के बहाने बुजुर्ग महिला से चालक तीन लाख रुपए से भरे बैग लूटकर फरार हो गया। पुलिस ने महिला की शिकायत अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, चांदहट निवासी कृपा देवी ने दी शिकायत में कहा है कि वह छह दिसंबर को शाम के समय बस स्टैंड से मीरापुर जाने के लिए आई थी। बस स्टैंड पर पीड़िता का बेटा अशोक उसे एक लाख 22 हजार रुपए बैंक से निकालकर देकर गया था। पैसों को पीड़िता ने अपने बैग में रख लिया, बैग में पहले ही एक लाख 80 हजार रुपए रखे हुए थे।

पीड़िता के अनुसार बैग में तीन लाख दो हजार रुपए व एक की-पेड मोबाइल रखा था। जिसके बाद पैसों को लेकर पीड़िता एक ऑटो में बैठकर नेशनल हाईवे-19 पर मीरापुर चौक पर पहुंची तो वहां ऑटो से उतर गई। शिकायत में कहा है कि वहां पहले से एक स्कूटी सवार व्यक्ति खड़ा हुआ था। जिसने बोला कि मैं आपको मीरापुर गांव में छोड़ दूंगा।

# नाबालिग बहन से चचेरे भाइयों ने किया गैंगरेप

## अश्लील वीडियो वायरल करने की दी धमकी, गर्भवती होने पर खुला मामला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**दो सगे** भाइयों ने अपनी ही नाबालिग चचेरी बहन को घर में अकेली देखकर हवस का शिकार बना दिया। इतना ही नहीं उसकी अश्लील वीडियो बनाई और वायरल करने की धमकी देकर बार-बार रेप किया। मामले का खुलासा तब हुआ जब नाबालिग गर्भवती हो गई। पुलिस ने नाबालिग के पिता की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक रेप सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जांच अधिकारी सुरेखा के अनुसार, हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी की तीन दिसंबर को तबीयत खराब हो गई। जिसके बारे में उन्होंने पूछा तो बेटी ने बताया कि सात माह पूर्व वह घर पर अकेली थी, उसी दौरान उसके ताऊ के दो लड़के घर में अंदर आ गए। आरोप है कि दोनों भाइयों ने उसके हाथ बांधकर उसके साथ जबरदस्ती रेप किया और उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर व नाबालिग के भाई को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ बार-बार दुष्कर्म करते रहे। जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई। जब गर्भवती होने की जानकारी दोनों आरोपी भाइयों को चली तो उन्होंने पीड़िता को गोली खिला दी।

पीड़िता ने जब घटना के बारे में आरोपियों के पिता व अन्य परिजनों को बताया तो उन्होंने कहा कि अगर तुमने कोई कार्रवाई की तो जान से मार देंगे। जिसके बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को घटना के बारे में बताया। जिसकी शिकायत पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ जाकर हसनपुर थाना में दी। हसनपुर थाना पुलिस ने नाबालिग के पिता की शिकायत पर दोनों सगे भाइयों व उनके पिता सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# तीन दिवसीय स्काउट शिविर के समापन पर कैंप फायर कार्यक्रम का आयोजन किया

**पलवल।** रामानुजन एजुकेशनल कॉलेज औरंगाबाद पलवल में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के तीन दिवसीय शिविर के समापन पर प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण तथा कैंप फायर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत ने बताया बीएड के प्रशिक्षित अध्यापकों को रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल के प्रशिक्षक अंकित कुमार, डीओसी भारत दहिया, संजू बाला, प्रशिक्षक शारदा पाराशर, विष्णु गौड तथा अर्चना कुमारी के द्वारा प्राथमिक चिकित्सा, रोगी को एंबुलेंस में ले जाने के तरीके, घायल को विभिन्न प्रकार की पट्टियों को बांधना, रोगी की देखभाल करना तथा सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी प्रदान की गई है। इस अवसर संस्था के डायरेक्टर केपी शर्मा की अध्यक्षता में प्रशस्ति पत्र वितरण व कैंप फायर कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां के



माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया है। विशेष रूप से मुख बधिर दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगान व स्काउट झंडा गीत का गायन आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनिल तंवर, अंशु डांबला, निर्मल सिंह, हुकम सिंह, सुशीला सिंह, पूनम शर्मा ने निर्णायक भूमिका का निर्वहन किया।

# दूषित खाने ने किया 15 वर्षीय बच्चे का लिवर फेल

## कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को बचाने में डॉक्टरों को मिली सफलता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अगर** आप भी बाहर खाना खाने के शौक़ीन हैं तो सावधान हो जाएँ। क्योंकि बाहर के अनहाइजीनिक फूड का सेवन आपके लिए जानलेवा हो सकता है। हाल ही में सेक्टर-16 स्थित मैरिंगो एशिया अस्पताल में एक ऐसा चोंकाने वाला मामला आया, जहां दूषित खाने के सेवन से फरीदाबाद निवासी 15 वर्षीय निशांत का लिवर फेल हो गया। मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद में पेट एवं लिवर रोग विभाग के डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. बीर सिंह सहरावत ने बताया कि जब मरीज हमारे पास आया तो उसे बुखार, पीलिया, पेट में दर्द और उल्टी की समस्या हो रही थी। धीरे-धीरे मरीज बेचैनी और गफलत में जा रहा था। मरीज को दिखाई भी नहीं दे रहा था। दिमाग में सूजन के कारण वह ठीक से बोल भी नहीं पा रहा था। हालत लगातार बिगड़ती देख उसे आईसीयू में एडमिट किया गया। जांच करने पर हमें पता चला कि बाहर के दूषित भोजन के सेवन से हेपेटाइटिस ए का कीटाणु बच्चे के अंदर गया। हेपेटाइटिस ए वायरस ने बच्चे के लिवर पर अटैक किया, इस कारण बच्चे का लिवर एक दम से फेल हो गया था। इसे एक्यूट लिवर फेलियर कहा जाता है। इसके अलावा बच्चे में ऑटो इम्यून हेपेटाइटिस की बीमारी का भी पता चला, इस बीमारी में शरीर में कुछ ऐसे एंटीबॉडी बनते हैं जो लिवर को नुकसान पहुंचाते हैं। जाँच के बाद मरीज की लिवर की दवाइयां शुरू की गईं। विषाक्त पदार्थ शरीर से बाहर निकालने के लिए मरीज की दो बार प्लाज्मा थेरेपी की गई जिसमें खून में नया प्लाज्मा बदला गया। कुछ दिन वेंटिलेटर पर रहने के बाद मरीज की हालत में सुधार हुआ। मरीज को बिना लिवर ट्रांसप्लांट किये वेंटिलेटर से बाहर निकाल लिया गया। इस जानलेवा बीमारी से बच्चे की जान बचाने में मैरिंगो एशिया अस्पताल के पेट एवं लिवर रोग



विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. संजय कुमार और डॉ. निखिल का भी विशेष योगदान रहा। स्वस्थ होने पर मरीज को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। दूषित खाने एवं पानी के कारण होने वाली बीमारियां हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई से ग्रस्त 8-10 मरीज हर महीने अस्पताल में आ रहे हैं।

डॉ. बीर सिंह सहरावत ने कहा कि यह केस काफी चुनौतीपूर्ण था क्योंकि धीरे-धीरे मरीज का पीलिया बढ़ रहा था और दिमाग में सूजन भी थी। लिवर फेल होने के कारण मरीज की किडनी भी प्रभावित हो रही थी और पेशाब भी कम आ रहा था। उसकी हालत बिगड़ती जा रही थी इसलिए उसे वेंटिलेटर पर भी रखना पड़ा। लिवर पर हेपेटाइटिस ए वायरस के अटैक के कारण मरीज की हालत में इतनी ज्यादा गिरावट आ गई कि एक टाइम पर लगा कि बिना लिवर ट्रांसप्लांट किए मरीज को बचाना मुश्किल होगा। दरअसल जिन बच्चों को दूषित पानी या भोजन के सेवन से हेपेटाइटिस ए का इंफेक्शन होता है, इस इंफेक्शन के कारण उनका लिवर खराब हो जाता है और उनके बचने के संभावना बहुत कम होती है। जो बच्चे बच पाते हैं वे केवल लिवर ट्रांसप्लांट की बदौलत बच पाते हैं। सौभाग्य से इस मामले में 10-15 दिन के कड़े संघर्ष के बाद दवाओं से ही बच्चा ठीक हो गया और लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत ही नहीं पड़ी।

सलाह : बाहर का तला हुआ, अधपके खाद्य पदार्थ के सेवन से बचें, क्योंकि ये चीजें बहुत ज्यादा दूषित हो सकती हैं और इनमें विभिन्न प्रकार के वायरस और बैक्टीरिया मौजूद हो सकते हैं, जो शरीर को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। कई बार जानलेवा भी हो सकते हैं। अगर आपको कोई भी स्वास्थ्य समस्या होती है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत योजनाओं का फायदा उठा रहे लाभार्थी

## विधायक प्रतिनिधि सतीश डागर ने गांव चांदपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को दिलाई संकल्प शपथ

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**विधायक** हथीन के प्रतिनिधि सतीश डागर ने बतौर मुख्यातिथि गुरुवार को गांव चांदपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गांव में पहुंचने पर संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सतीश डागर ने ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई।

विधायक प्रतिनिधि सतीश डागर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर एक पात्र व्यक्ति को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने से यदि कोई व्यक्ति अछूता रह गया है तो उन्हें योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है। मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व वंचित व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र ने प्रदेशवासियों को अलग पहचान दिलाई है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी व आसान तरीके से मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि सतीश डागर ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभपात्र महिलाओं को गैस चूल्हे वितरित किए और इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह व बच्चों सहित कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इसी क्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वागत में गांव आदूपुर (यादूपुर) में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पलवल ब्लॉक पंचायत समिति के चेयरमैन भगत सिंह घुघेरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में



समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को पूरा करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। समाज के अंतिम से अंतिम व्यक्ति का विकास कर उसे समाज की मुख्यधारा में शामिल करना सरकार का ध्येय है। इस दौरान चेयरमैन ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत महिला लाभार्थी को गैस चूल्हा भी भेंट किया। इसी प्रकार गांव गदपुरी व सोफ्ता में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉलों तथा कृषि विभाग के नमो दीदी ड्रोन का भी अवलोकन किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष विभाग की ओर से आरोग्य शिविर, योगाभ्यास, क्रिड द्वारा परिवार पहचान पत्र संबंधी सेवाओं के लिए हेल्प डेस्क, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा व किसानों के लिए कृषि और बागवानी विभागों की हेल्प डेस्क बनाई गई, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टॉल, ऋण आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए। संकल्प यात्रा के दौरान एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को प्रदर्शित किया गया तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित भी किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मेरी कहानी-मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने मन की बात लोगों के साथ सांझा की। सूचना जनसंपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के कलाकारों ने विकास गीतों के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का बखान कर उपस्थित लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। कार्यक्रम में उप सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी, जैंदापुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य जगबीर सिंह, गांव चांदपुर के सरपंच रूपेश यादव, आदूपुर सरपंच लाल सिंह, राम निवास, गोविंदराम, सहित महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, युवा, विभागीय कर्मी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## जीवन ज्योति स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**पलवल।** जीवन ज्योति स्कूल पलवल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल के प्रबंधक विरेंद्र गहलौत रहे। प्रबंधक ने नर्सरी कक्षा के नन्हे-छात्र-छात्रों के साथ खेल प्रतियोगिताओं के लिए रिबन काटवा कर खेलों का शुभारंभ किया। मुख्य रूप से नर्सरी कक्षा की छात्रा दीप्ति ने मुख्य अतिथि के साथ रिबन काट कर सभी को मंत्रमुग्ध कर अपने साथी छात्र-छात्राओं के साथ दो दिवसीय खलों का विगुल बजाया। स्पोर्टस में भाग लेने वाले वाले छात्र-छात्राओं में निखिल हर्ष प्रताप नर्सनी कक्षा प्रथम स्थान, दीप्ती नेंसी द्वितीय स्थान तथा गोरस युग तृतीय स्थान पर रहे। एलकेजी से तन्वी, ध्रुव, डिंपल, देवांक, धनुष्का प्रथम स्थान, साक्षी आर्यन द्वितीय स्थान, साक्षी, भव्य तृतीय स्थान पर रहे। वहीं यूकेजी से कनिका, वनिष्का प्रथम स्थान, गर्व, अभय द्वितीय स्थान तथा आरव व कनक तृतीय स्थान पर रहे। स्पोर्ट्स गेम्स का संचालन वरिष्ठ डीपी हरिश कुमार, सुनिता चौधरी, हितेष कुमार द्वारा किया गया। स्कूल प्रबंधक विरेंद्र गहलौत ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर सभी का उत्साह बढाया और भविष्य में खेल के महत्व का वर्णन कर छात्र-छात्राओं महत्वपूर्ण जानकारी को सांझा किया। स्कूल चेयरमैन बीरपाल गहलौत, प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार, अशोक गहलौत ने भी सभी भाग लेने वाले छात्रों को बधाई दी तथा उनका खेलों के प्रति मनोबल बढ़ाया।

## किसान जमा करवाएं फसल अवशेष प्रबंधन के आवेदन



**पलवल।** कृषि उपनिदेशक डॉ. बाबूलाल ने बताया कि हरियाणा सरकार की फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत किसानों को पराली में आग न लगाने तथा पराली का खेत के अंदर व खेत के बाहर (इन-सीटू, एक्स-सीटू) प्रबंधन करने पर एक हजार रुपए प्रति एकड़ का अनुदान दिया जाना है। इसके लिए पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि जिला पलवल में 18803.72 एकड़ रकबे का एक हजार 349 किसानों द्वारा पंजीकरण करवाया गया है। फसल अवशेष प्रबंधन में किए गए आवेदनों को सत्यापित करने के लिए उपायुक्त द्वारा ग्राम स्तरीय टीम का गठन किया गया है, जिसमें ग्राम सचिव, पटवारी तथा कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आवेदनों का सत्यापन किया जाना है। हरसेक द्वारा प्राप्त लोकेशनों के साथ-साथ यदि किसी किसान द्वारा अपने खेतों की पराली में आग लगाई गई होगी, तो ऐसे आवेदनकर्ता के आवेदनों को गठित की गई टीम द्वारा निरस्त कर दिया जाएगा। कृषि उप निदेशक डॉ. बाबूलाल ने सभी से आह्वान किया है कि सभी आवेदक किसान अपने आवेदनों को गठित टीम के सदस्यों द्वारा सत्यापित करवाकर अपने-अपने खंड कृषि कार्यालय में जमा कराएं, जिससे सभी को जल्द से जल्द सरकार की योजना के अनुसार लाभान्वित किया जा सके।

## उद्योगपति की बीमा पॉलिसी बढ़वाने का झांसा दे 22 लाख ठगे

**फरीदाबाद।** ठगों ने एक मामले में उद्योगपति की बीमा पॉलिसी को बढ़ाने का झांसा देकर तो दूसरे शहरवासी को टेलीग्राम एप का लिंक भेजकर दोनों के खाते से 22 लाख रुपए साफ कर दिए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। जयबीर सिंह रावत ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह उद्योग चलाते हैं। इसमें फ्रेबिकेशन का काम होता है। इन्होंने वर्ष 2021 से 2022 तक अलग-अलग कंपनियों में बीमा पॉलिसी करा रखी हैं। 11 अगस्त 2023 को उन्हें मोबाइल पर एक कॉल आई। जिसने अपना नाम विवेक कश्यप, जीवन बीमा लोकपाल अधिकारी (हैदराबाद ब्रांच) बताया। उसने कहा आपने जो जीवन बीमा की पॉलिसियां करा रखी हैं। उन पर मैच्योरिटी के 18 लाख रुपए दिला देंगे। इसके लिए आपको रजिस्ट्रेशन फीस के 25,500 रुपए जमा करने होंगे। बाद में यह रकम वापस कर दी जाएगी। उद्योगपति ने बताया ठग ने 24 अगस्त को फोन कर कहा कि रजिस्ट्रेशन फीस 25,500 रुपए अभी जमा नहीं किया है, जबकि वह उसके बताए हुए अकाउंट में पैसे भेज चुके थे। ठग ने वेरिफिकेशन चार्ज के नाम पर कुल 4,17,068 रुपए ठग लिए। पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य का दावा है कि जनवरी से अभी तक ठगी के कुल 141 मामले दर्ज किए गए है। इनमें से 97 मामलों को सुलझाते हुए 317 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## नेत्रदान से दृष्टिहीन के अंधेरे जीवन में रोशनी भर सकते हैं



**पलवल।** हर इंसान चाहता है कि जीवन मे ऐसा कुछ करे कि मरने के बाद भी लोग उसे याद करे, ऐसा ही पुण्य का कार्य करके पलवल निवासी, मुकेश जैन अमर हो गये। उनकी इच्छा अनुसार उनकी पत्नी नीलम जैन पुत्रों अभिषेक व गौरव नें उनके नेत्र पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज की मदद से नागरिक अस्पताल पलवल की नेत्रदान टीम को दान करवा दिये। पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के संयोजक विकास मित्तल ने बताया कि इस नेत्रदान में पलवल डोनर्स क्लब की सहसंयोजक अल्पना मित्तल, कपिल गर्ग, मानव गर्ग, निधि गर्ग, हेमंत गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा। गत दिवस पलवल स्थित पंचवटी धाम में नेत्रदाता परिवार को महामंडलेश्वर महंत कामता दास और महंत श्रषिदास ने सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महंत कामता दास ने नेत्रदानी परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नेत्रदान महादान है। इससे बड़ा कोई दान नहीं है। हम इससे किसी दृष्टिहीन के अंधेरे जीवन में रोशनी भर सकते हैं। विकास मित्तल और अल्पना मित्तल ने भी नेत्रदानी परिवार का धन्यवाद करते हुए बताया कि गत दिनों नीलम जैन ने अपने पिता रमेशचंद गुप्ता का देहदान भी किया था। नेत्र दान में मृत्यु के बाद व्यक्ति के कॉर्निया को दान किया जाता है। जिसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को उनकी दृष्टि वापस पाने में मदद करना है। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों के अलावा अनेक गणमान्य व्यक्ति समाजसेवी घनश्याम गोयल, विक्रम वशिष्ठ, राजकुमार आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सीएम विंडो की शिकायतों का समयावधि में करें निपटारा

**पलवल।** सरल पोर्टल, जनसंवाद, सीएम विंडो व एसएमजीटी पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निर्धारित समयावधि में निपटारा सुनिश्चित किया जाए तथा सरल पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों पर भी तय समय सीमा में सेवाएं प्रदान की जाएं। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगराधीश द्विजा जिला सचिवालय के सभागार में सरल पोर्टल, जनसंवाद, सीएम विंडो व एसएमजीटी की समीक्षा बैठक करते हुए विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने कहा कि इनमें किसी भी प्रकार की देरी के लिए विभागीय अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होंगे। सरकार द्वारा सरल पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इनके लिए सरकार द्वारा सेवा का अधिनियम के तहत समय सीमा निर्धारित की गई है। सभी अधिकारी इस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए निर्धारित अवधि में आवेदकों को सेवाओं का लाभ प्रदान करें। निर्धारित अवधि के बाद आस अर्थात ओटोमैटिक अपील सिस्टम के माध्यम से यह शिकायत उच्च अथॉरिटी के पास अपील में चली जाती है।

# भूजल स्तर में सुधार के करें प्रयास, पानी का दुरुपयोग रोकें: सुधीर सिंगला

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### विधायक ने किया छह लाख लीटर क्षमता के बूस्टिंग स्टेशन का उद्घाटन

### 900 मीटर एरिया, अशोक विहार, शीतला कालोनी, गुड़गांव गांव को मिलेगी सुविधा

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने 6 लाख लीटर क्षमता वाले बूस्टिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। इस बूस्टर पम्प से शहर के 900 मीटर एरिया, अशोक विहार, शीतला कॉलोनी, गुड़गांव गांव को पेयजल की उपलब्धता होगी।

इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हरियाणा सरकार बिजली, पानी, सड़कें, सीवरेज जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करने पर लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर इन विषयों पर काम हो रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि कोई भी सुविधा मिलने का मतलब यह नहीं हो कि उसकी दुरुपयोग हो। पेयजल का हमें सोच-समझकर उपयोग करना चाहिए। गुरुग्राम की लगातार आबादी बढ़ रही है। ऐसे में यहां पर सुविधाएं भी उसी हिसाब से चाहिए। पानी को व्यर्थ बहाने से हमें परहेज करना चाहिए। गुरुग्राम में भूमि का जल स्तर काफी घट रहा है। यहां के कई क्षेत्र भूजल स्तर के मामले में डार्क जोन में हैं। आबादी के हिसाब से गुरुग्राम में पानी की मांग अधिक है। लगातार यहां पर आबादी बढ़ ही रही है। ऐसे में हम जल की बचत पर विशेष ध्यान देना होगा। यह अच्छी बात है कि सोसायटियों में जल का शोधन करके उसी पानी को उपयोग में लिया जा रहा है। समय रहते हमें पानी की बचत पर ध्यान देना होगा। विधायक ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 11 मीटर तक जल स्तर नीचे जा चुका है। वर्ष 2009 में यहां का जलस्तर 25.74 मीटर नीचे था। वर्ष 2018 तक यह तक 36 मीटर से भी नीचे पहुंच गया। हर साल 1 मीटर से भी अधिक गहराई में पानी जा रहा है। उन्होंने कहा कि पानी के इन हालातों पर हर नागरिक को गंभीर होना होगा। सरकार अपने स्तर पर सभी प्रयास कर रही है। सरकार के साथ आम नागरिकों को भी सक्रियता दिखानी होगी। उन्होंने लोगों को बरसाती पानी के संचयन के लिए प्रेरित किया। अपने क्षेत्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जरूर लगवाएं। बरसात के समय में लाखों गैलन पानी नालों में बह जाता है। अगर हमारे आसपास रेन वाटर हार्वेस्टिंग होंगे तो हम बरसाती से जमीन को रिचार्ज कर सकेंगे।


गुरुग्राम के 900 मीटर एरिया में बूस्टिंग स्टेशन का उद्घाटन करते विधायक सुधीर सिंगला।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सुविधाएं लेने के साथ उनको बनाए रखने के लिए भी हम सबका योगदान होना चाहिए। आरडब्ल्यूए भी अपने स्तर पर जनसुविधाओं की देखरेख करे, ताकि वे दुरुस्त रह सकें। इस अवसर पर पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी, भगत कटारिया, सुरेंद्र सांगवान, एसडीओ संजोग शर्मा, प्रदीप यादव, अभिषेक ठाकुर, सतीश, लिली फौजी, बिट्टू, रणवीर, मनीष, मयंक समेत शीतला कॉलोनी, अशोक विहार के लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रभक्ति का भाव लेकर गांव मेहंदवाड़ा व बिल्हाका पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा


गुरुग्राम के गांव मेहंदवाड़ा व बिल्हाका में भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्टॉल का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं का किया निवारण

**बिल्हाका** और मेंहदवाड़ा गांव में आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में गुरुवार को सैकड़ों ग्रामवासियों ने वर्ष 2047 में आजादी के सौ साल पूरे होने तक भारत के एक विकसित राष्ट्र बन जाने की शपथ ली। ग्रामवासियों ने संकल्प लिया कि वे गुलामी की मानसिकता को त्याग कर भारत भूमि की एकता व अखंडता को कायम रखते हुए देश के विकास के लिए काम करेंगे।

सोहना खंड के गांव महेंदवाड़ा और बिल्हाका में गुरुवार को भाजपा के प्रदेश मंत्री समय सिंह भाटी ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संकल्प है कि भारत देश दुनिया का सरताज बने। इसके लिए गांव-गांव और शहर-शहर में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिससे कि युवा, महिला, बुजुर्ग, किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी सभी वर्गों में राष्ट्र भक्ति का एक भाव जगे और हम सब मिलकर अपने देश को समृद्ध बनाने की ओर आगे बढ़ें।

**योजनाओं से ग्रामीणों को करवाया अवगत :** गांव मेंहदवाड़ा व बिल्हाका के राजकीय विद्यालय में आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग की ओर से मेडिकल कैंप भी लगाए गए। जिसमें ग्रामीणों को भारत सरकार की ओर से चलाए जा रहे टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में बताया गया। सोहना के एसएमओ डा. इंद्रजीत ने ग्रामीणों को बताया कि किसी भी व्यक्ति को अधिक समय तक खांसी की शिकायत रहे या सांस लेने में दिक्कत हो तो उसको नजदीक के सरकारी अस्पताल में जाकर अपनी टीबी की जांच करवानी चाहिए। टीबी के मरीज का नि:शुल्क इलाज किया जाता है। यहां लगी विभागों की स्टाल पर ग्रामवासियों ने अपने परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करवाया और नई-नई स्कीमों की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायतों का मौके पर ही निवारण किया।

**कृषि विभाग द्वारा ड्रोन दीदी चलाया जाएगा कार्यक्रम :** कृषि विभाग की ओर से ग्रामीणों के समक्ष ड्रोन उड़ाने का प्रदर्शन किया गया। कृषि विभाग के अशोक कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री ने इस यात्रा के माध्यम से देश में ड्रोन दीदी के नाम से एक नए कार्यक्रम की शुरूआत की है। जिसके तहत गांव के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ड्रोन उपलब्ध करवाया जाएगा। इस ड्रोन को किराए पर देकर गांव की कृषि भूमि में फसलों पर दवाईयों व पोषक तत्वों का छिड़काव किया जा सकता है।

# जीवन को सुगम बनाने को हमारी सरकार क्षेत्र के विकास को दे रहीं नई गति: राव इंद्रजीत

### नगर परिषद पटौदी-मंडी के जाटौली मंडी क्षेत्र में 15 करोड़ से अधिक लागत की विकास परियोजनाएं की आमजन को किया समर्पित

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


गुरुग्राम के पटौदी-मंडी नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों के उद्घाटन अवसर पर महिलाओं को सम्मानित करते केंद्रीय राज्यमंत्री मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह।

**केंद्रीय** राज्यमंत्री मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुवार को गुरुग्राम के पटौदी मंडी नगर परिषद क्षेत्र में पहुंचकर जाटौली मंडी क्षेत्र में करीब 15 करोड़ की लागत से पूर्ण हुई पांच परियोजनाओं का उद्घाटन कर आमजन को समर्पित किया।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा करीब 53 करोड़ से अधिक की लागत से 4.5 एमएलडी मल शोधन संयंत्र पटौदी को अपग्रेड करने व पटौदी-मंडी के मल शोधन संयंत्रों से उपचारित अपशिष्ट जल की निकासी के लिए संयुक्त पाइप लाइन बिछाने की दो परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस दौरान हरियाणा के सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल व पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता भी उपस्थित रहे। केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में दक्षिण हरियाणा के विकास को नई गति दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला के सम्पूर्ण विकास जिसमें मेट्रो, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई अन्य प्रमुख योजनाएं शामिल हैं इनको ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की ओर से इंफ्रास्ट्रक्चर पर करोड़ो रूपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह गर्व की बात है कि पिछले दो टर्म से देश की जनता ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली स्थाई व मजबूत सरकार दी है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने क्षेत्र में जल संरक्षण का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरुग्राम जिला भले ही प्रदेश का सबसे अधिक राजस्व व नौकरी देने वाला जिला हो, लेकिन हमें विकास की गतिविधियों के साथ साथ क्षेत्र में जल संरक्षण पर भी ध्यान देना होगा।

उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए विकास कार्य महत्वपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन पानी हमारी जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने क्षेत्र में गिरते भूजल स्तर पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उक्त विषय को ध्यान में रखते हुए अमृत सरोवर जैसी प्रमुख योजना की शुरुआत की है। जिसमें हरियाणा सरकार के सहयोग से निरंतर हमारे प्राकर्तिक जल स्त्रोत को संरक्षित करने का काम किया जा रहा है, लेकिन यह प्रयास तभी सफल होंगे जब इसमे आमजन का सहयोग भी प्रमुखता से मिलेगा। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि सभी नागरिक अपने दैनिक दिनचर्या में पानी के मूल्य को समझते हुए जल को जितना इस्तेमाल में लेना है उतना ही उपयोग करें तथा नष्ट न होने दें।

## गुरुग्राम के मोलाहेड़ा स्कूल में लगी पुलिस की पाठशाला



**गुरुग्राम।** मोलाहेड़ा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पुलिस की पाठशाला लगी। इस पाठशाला में बच्चों को बच्चों/महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, साईबर अपराधों, अपराधों से बचाव व निवारण के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। इस दौरान बताया गया कि अपनी निजी जानकारी, बैंक खाता से संबंधित जानकारी, ओटीपी, सोशल मीडिया साइट्स पर अपनी फोटो/वीडियो किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ सांझा ना करें।

किसी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। किसी के कहने पर भी एनीडेस्क ऐप अपने डिवाइस में इंस्टॉल नहीं करनी चाहिए, जिससे हम साईबर ठगी या साईबर अपराध का शिकार होने से बच सकते हैं। साईबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें या अपने नजदीकी साईबर थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

# जल्द बनेगा गुरुग्राम का सिविल अस्पताल और बस अड्डा

**गुरुग्राम।** भाजपा गुरुग्राम की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ गुरुवार को भाजपा पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल से चंडीगढ़ स्थित उनके में मिलीं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात के दौरान गार्गी कक्कड़ ने जिला में हो रहे विकास कार्यों पर चर्चा की और लंबित पड़े कार्यों के बारे में भी बताया। जिला अध्यक्ष ने गुरुग्राम के सिविल अस्पताल, नया बस अड्डा शीघ्र बनाए जाने की मांग भी मुख्यमंत्री के सामने रखीं। सीएम ने जल्द ही इनके निर्माण कराने की बात कही।

जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने बताया कि जिला प्रभारी, जिला मंत्रियों और मंडल अध्यक्षों के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल से हुई मुलाकात सकारात्मक रही। मुख्यमंत्री के समक्ष उन्होंने विधानसभा अनुसार विकास कार्यों की प्रगति और पेंडिंग पड़े कार्यों को विस्तार से बताया है। बैठक में उन्होंने नगर निगम, जिला परिषद के कार्य, ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों का ब्यौरा भी मुख्यमंत्री को लिखित रूप में दिया है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने शीतला माता मंदिर, बस अड्डा, सिविल हॉस्पिटल, पुराने गुरुग्राम में मेट्रो जल्दी शुरू करने की मांग भी रखी है। शहर की सफाई व्यवस्था, स्टांप वेंडर और नोटरी और डॉक्युमेंट राइटर को भी स्थायी स्थान देने का आग्रह मुख्यमंत्री मनोहर लाल से किया है। जिला अध्यक्ष कक्कड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम की समस्याओं को गंभीरता से सुना है।


गुरुग्राम भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात करते गुरुग्राम प्रभारी दीपक मंगला व अन्य नेता।

# डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने नूंह में चलाया सफाई अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह/गुरुग्राम

**डेरा** सच्चा सौदा प्रमुख संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा की शिक्षाओं पर चलते हुए डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने गुरुवार को नूंह में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान का शुभारंभ नूंह की एडीसी रेनू मीणा ने किया। साथ ही डेरा के सेवादारों के जज्बे की सराहना की। बस अड्डा परिसर से सफाई अभियान की शुरुआत की गई।

सफाई अभियान के शुभारंभ अवसर पर एडीसी रेनू मीणा ने कहा कि समाज में बुराइयों के प्रति जागरुकता, सफाई के कार्य, जनजागरुकता, जरूरतमंदों की सेवा करने में डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी आगे रहते हैं। अब से पहले भी नूंह में डेरा के सेवादारों ने सफाई की, जो कि काबिले-तारीफ है। उन्होंने कहा कि डेरा सच्चा सौदा के जनहित में कार्य सराहनीय हैं। सफाई, रक्तदान, पेड़ लगाने के लगातार कार्य डेरा के सेवादार करते रहते हैं। सामाजिक संस्थाओं को ऐसे सामाजिक कार्यों को आगे रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से ऐसे सामाजिक कार्यों के लिए जब भी किसी मदद की जरूरत पड़ेगी, प्रशासन पूरा सहयोग करेगा।


नूंह में सफाई अभियान की शुरुआत पर डेरा सेवादारों को संबोधित करतीं एडीसी रेनू मीणा व सफाई करते डेरा सच्चा सौदा के सेवादार।

एडीसी रेनू गुप्ता ने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्रों में निर्धारित स्थानों पर ही गंदगी डालें। यहां-वहां गंदगी डालकर अपने शहर की खूबसूरती को खराब ना करें। हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए। हम अच्छा काम करके किसी के लिए भी रोल मॉडल बन सकते हैं। अगर हम स्वयं ही कहीं पर भी गंदगी डालते हैं तो बाकी लोग भी ऐसा ही करेंगे। इसलिए ऐसी आदतों में सुधार लाएं।

मालब से 85 मेंबर नरेंद्र इंसा, विरेंद्र इंसा, प्रेमी सेवक मुरलीधर इंसा, सतीश पटौदी, रघुबीर, रतनलाल नंबरदार के अलावा गुरुग्राम से राजेंद्र सिरोही इंसा समेत सोहना व पटौदी से भी साध-संगत सफाई अभियान में भाग लेने पहुंची। नरेंद्र इंसा ने बताया कि पूज्य गुरुजी द्वारा दी गई शिक्षा पर चलते हुए नूंह में यह सफाई अभियान चलाया गया है। शहर के कोने-कोने में सफाई करके सेवादारों ने शहर को चमकाने का काम किया है। इससे पहले भी यहां सफाई अभियान चलाया जा चुका है।

# नागरिक अस्पताल में रोगियों को जल्द मिलेगी 24 घंटा एक्स-रे की सुविधा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**नागरिक** अस्पताल में आने वाले रोगियों को जल्द ही 24 घंटा एक्स-रे की सुविधा मिलेगी। प्रदेश सरकार ने हाल ही में रेडियोग्राफरों की नियुक्ति की है। जिनमें से 24 रेडियोग्राफर स्थानीय नागरिक अस्पताल में कार्य करेंगे।

नागरिक अस्पताल में पिछले करीब दो माह से रोगियों को एक्स-रे की सुविधा ओपीडी समय में मिल रही है। अब यह सुविधा रोगियों को 24 घंटा मिलेगी। जिसमें के लिए स्वास्थ्य विभाग और प्रदेश सरकार के मंजूरी के बाद रेडियोग्राफरों की नियुक्ति होने से यह सुविधा स्थानीय नागरिक अस्पताल में भी मिलेगी। जानकार सूत्रों के अनुसार नागरिक अस्पताल में एक ही रेडियोग्राफर है। वह केवल ओपीडी समय में ही एक्स-रे करता है।

उसके बाद यहा आने वाले रोगियों को कम से कम 16 और सरकारी अवकाश होने पर एक से दो, तीन दिन तक का इंतजार करना पड़ जाता है। क्योकि ओपीडी समाप्त के बाद आपातकाल वार्ड में लड़ाई झंगड़ा या सड़क हादसे में घायल होने वाले रोगियों को एक्स-रे की जरुरत पड़ने पर डॉक्टर गुरुग्राम नागरिक अस्पताल से गुरुग्राम या नूंह के नल्लहड़ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जाता है।


सोहना के नागरिक अस्पताल में लगी एक्स-रे मशीन।

**निजी लैब मालिक चलो रहे कैंची :** नागरिक अस्पताल में ओपीडी के बाद एक्स-रे की सुविधा न मिलने पर रोगी शहर में स्थापित निजी लैब मालिक पीड़ित की जेब पर सीधी कैंची चला रहे हैं। नागरिक अस्पताल में होने वाला एक्स-रे की कीमत से कई गुणा अधिक वसूली कर रहे है। लेकिन गुरुग्राम या नूंह न जाकर रोगी ओपीडी के बाद निजी अस्पताल में एक्स-रे कराने के लिए मजबूर हो जाते है। रोगी की मजबूरी का निजी लैब मालिक फायदा उठाते है।

> “**आने** वाले वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वास्थ्य विभाग से नागरिक अस्पताल में डिजीटल एक्स-रे की सुविधा दिए जाने की मांग विभाग से की गई है। विभाग की मंजूरी मिलने पर रोगियों को गुरुग्राम-दिल्ली, पलवल, नूंह जाने की जरुरत नहीं होगी।
>
> **( डॉ. इंद्रजीत सिंह- एसएमओ )**

**सीएमओ ने दिया आश्वासन :** स्थानीय नागरिक अस्पताल में 24 घंटा एक्स-रे की सुविधा के साथ-साथ जिले के अन्य ब्लॉक पटौदी, फारुखनगर और गुरुग्राम में भी दो-दो रेडियोग्राफर की नियुक्ति होने का आश्वासन दिया है। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विरेन्द्र यादव ने हाल ही में मिडिया को बताया कि सोहना के नागरिक अस्पताल में एक्स-रे की सुविधा 24 घंटा दी जाएगी।

## लोकसभा चुनाव से पूर्व सोहना की समस्याओं का होगा समाधान: मुख्यमंत्री

**सोहना।** चण्डीगढ़ के संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात करते हुए सोहना मंडल अध्यक्ष ने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुए जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग की। मुख्यमंत्री ने उक्त मांगों को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पूर्व पूरा कराने का आश्वासन दिया है।

गुरुवार को चंडीगढ़ में भाजपा प्रदेश संगठन महांमंत्री फणींद्रनाथ शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पहुंचे जिला अध्यक्ष से लेकर विधायक मंडल अध्यक्ष आदि ने संत कबीर कुटीर में मुलाकात की। इस अवसर पर महामंत्री डॉक्टर पवन सैनी, गुरुग्राम जिला प्रभारी दीपक मंगला विधायक पलवल एवं जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, जिले के सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद थे। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान सभी मंडल अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्या को मुख्यमंत्री के समक्ष बारी-बारी से रखा।

# बीएलएस ई-सर्विसेज ने ग्रामीण क्षेत्रों के डिजिटल बदलाव में कैसे योगदान दिया है?

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बीएलएस** ई-सर्विसेज ने आय प्रमाण पत्र, डोमिसाइल प्रमाण पत्र और सरकारी योजना एप्लिकेशंस जैसी जी2सी सेवाओं की शुरुआत कर, उत्तर प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों के डिजिटल बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा हम मोबाइल रिचार्ज, यूटिलिटी बिल भुगतान और बी2सी/बी2बी जैसी सेवाएं भी मुहैया कराते हैं।

**1.** 21,000 से अधिक केंद्रों और 16,000 से अधिक जी2सी प्वांइट्स के साथ, हमने जन सेवा केंद्रों के माध्यम से इन सेवाओं को सुलभ बनाया है, जिससे नागरिकों की डिजिटल यात्रा आसान हुई है।

**2.** अंतिम उपभोक्ता तक इलेक्ट्रॉनिक उपभोक्ता उत्पाद उपलब्ध कराने में डिजिटल स्टोर का पहुंच और प्रभाव कैसा रहा है?

डिजिटल स्टोर्स के अपने नेटवर्क के माध्यम से, हम टीवी, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपभोक्ता उत्पादों की पेशकश करते हैं। इसके अलावा हम मोटर बीमा और स्वास्थ्य बीमा जैसी मूल्यवर्धित सेवाओं को बढ़ावा देते हैं, जिससे हमारे लाभार्थियों को व्यापक समाधान तक पहुंच मिलती है।

हमारे सेवा केंद्रों और डिजिटल स्टोर्स पर रोजाना करीब 30,000 लोग आते हैं। यह मौजूदगी हमारी सेवाओं की व्यापक पहुंच और प्रभाव के बारे में बताता है, जो लोगों के दैनिक जीवन में उनके जुड़ाव की पुष्टि करता है। यह इस बात का प्रमाण है कि हमारी पेशकश का दायरा कितना बड़ा और व्यापक है और हम न केवल उत्पाद बल्कि कई तरह की जरूरी सेवाओं की पेशकश करते हुए लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन गए हैं और आखिरकार सभी के लिए पहुंच और सुविधा का विस्तार कर रहे हैं।

**3.** कोविड-19 महामारी के दौरान ग्रामीण समुदायों तक आवश्यक सेवाएं पहुंचाने की क्या अहमियत रही है? कोविड-19 महामारी के दौरान हमारी कोशिश ग्रामीण क्षेत्रों तक जरूरी सेवाओं को पहुंचाने की थी। हमारी जी2सी और बैंकिंग परियोजनाओं को “आवश्यक सेवाओं” के रूप में वर्गीकृत किया गया था। इसने हमारे ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) को विशेष रूप से बुजुर्गों और शारीरिक रूप से विकलांग नागरिकों जैसे कमजोर समूहों को महत्वपूर्ण घर-घर सहायता पहुंचाने में सक्षम बनाया। इस चुनौतीपूर्ण समय में हमने यह सुनिश्चित किया कि उन लोगों के लिए जरूरी सेवाओं की आपूर्ति में बाधा न पहुंचें, जिन्हें इसकी सबसे अधिक जरूरत है। हमारे बीएलई को उन व्यक्तियों तक पहुंचने और उनकी सहायता करने में सक्षम बनाकर जो स्वयं इन सेवाओं तक नहीं पहुंच सकते थे, हम कोविड-19 जैसे अभूतपूर्व संकट के दौरान समुदायों के जीवन में ठोस बदलाव लाने में सक्षम थे।


शेखर अग्रवाल, चेयरमेन बीएलएस ई-सर्विसेज

**4.** उत्तर प्रदेश बाजार के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बीएलएस ई-सेवाओं का विस्तार?

उत्तर प्रदेश में हमारा विस्तार पर्याप्त रहा है और हम अपने बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) नेटवर्क के माध्यम से सभी जिलों तक पहुंचते हुए जी2सी सेवाओं को 12 जिलों तक विस्तारित कर रहे हैं। यह विस्तार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सेवा पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा बैंकिंग संवाददाता नेटवर्क पूरे क्षेत्र को कवर करें, हमने रणनीतिक रूप से सभी जिलों में विस्तार किया है। इसके अतिरिक्त, हमारी जी सेवाएं अब 12 जिलों में उपलब्ध हैं, जो हमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में अलग-अलग समुदायों को सेवा प्रदान करने में सक्षम बनाती हैं। हमारी बलिया और गोरखपुर में विशेष रूप से मौजूदगी है, जहां बड़ी संख्या में लोग सक्रिय रूप से हमारी सेवाओं का उपयोग करते हुए उसका लाभ उठात हैं।

# ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में 15 परिवादों की सुनवाई, 6 मामलों का निपटारा



पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**जिला** लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति नूंह की मासिक बैठक लघु सचिवालय नूंह में दूसरी मंजिल स्थित मीटिंग हॉल में आयोजित की गई। इस ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में 15 परिवादों पर सुनवाई हुई। ग्रीवेंस कमेटी की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली के द्वारा की गई।

ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में कुल 15 परिवादों में से 6 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया और बाकी नौ परिवादों को पेंडिंग रखा गया। जिन पर अगली बैठक में सुनवाई होगी। खास बात यह रही की परिवाद नंबर एक उजीना गांव की भूमि विवाद से संबंधित था। जिसमें तक्सीम को लेकर परिवार के लोग आपस में एक दूसरे पर आरोप - प्रत्यारोप लग रहे थे। इस दौरान इस मामले में अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगण, जिला राजस्व अधिकारी नरेश कुमार एवं तहसीलदार तरुण प्रकाश नूंह को भी कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने सुनने के लिए खड़ा किया। तीन - चार भाइयों का जमीनी तक्सीम का विवाद सुलझा ही नहीं था कि अधिकारियों की आपसी तालमेल के झोल की वजह से मामला और ज्यादा उलझता हुआ दिखाई दिया। इस मामले को तूल पकड़ते देख कुछ भाजपा के ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य एक पक्ष के बारे में बोलने के लिए खड़े हुए तो उन्हें भी मंत्री जी ने लताड़ लगा दी।

कुल मिलाकर काफी देर तक इस मामले पर सुनवाई होती रही और आखिर में यह फैसला लिया गया कि अब इस मामले की पूरी जांच उपयुक्त धीरेंद्र खड़गटा करेंगे। एडीसी रेणु सोगन और डीआरओ नरेश कुमार एक सुर में बोलते हुए तहसीलदार तरुण प्रकाश को कसूरवार बता रहे थे तो तरुण प्रकाश तहसीलदार नूंह अपना पक्ष मजबूती से रखते रहे। काफी देर तक मामले को सुनने के बाद भी कैबिनेट मंत्री किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सके। मजबूरन मामले को पेंडिग रखते हुए मीटिंग खत्म करनी पड़ी। सबसे खास बात तो यह है कि उजीना गांव के एक पीड़ित व्यक्ति ने तो यहां तक कह दिया कि कुछ अधिकारी आरएसएस के कार्यकर्ताओं के दबाव में काम कर रहे हैं, लेकिन उनकी इस बात को सदन में पूरी तरह से नजर अंदाज कर दिया गया। इसके अलावा एक शिकायतकर्ता महिला जुबैदा पत्नी इशाक निवासी नावली के पास ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में अपना पक्ष रखने के लिए फिरोजपुर झिरका से नूंह आने तक का किराया नहीं था। जब मंत्री जी को यह बात बताई गई तो उन्होंने पूरा माजरा समझा। जिला समाज कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि इस परिवार के ऊपर 10000 से अधिक की रिकवरी डाली हुई है, जिसकी वजह से उसकी पेंशन पिछले 6 साल से नहीं दी जा रही है।

जब कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली को यह बात पता चली तो उन्होंने तुरंत जिला समाज कल्याण अधिकारी को कहा कि एक गरीब महिला किराए नहीं होने की वजह से आज अपना पक्ष रखने के लिए ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में नहीं आ सकी। लिहाजा उसे या तो आप 10000 अपने निजी खर्चे से दें, वरना मैं देता हूं। इतना सुनकर अधिकारी चुप्पी साथ गए, लेकिन तुरंत कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि इस महिला को 10000 रुपए वह अपने निजी कोष से देते हैं और जो रिकवरी उन पर डाली हुई है। उसे भरकर इस महिला को पेंशन का लाभ दिया जाना चाहिए।

# भाजपा-जजपा सरकार घोटालों और घोषणाओं तक सीमित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## विकास के नाम पर सरकार ने जनता को सिर्फ धोखा दिया है: डॉ. ऋषिपाल

**किसान** कांग्रेस फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. ऋषिपाल मास्टर ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार घोटालों तथा घोषणाओं तक सीमित है, बाकि विकास के नाम पर सरकार ने जनता को सिर्फ धोखा दिया है, प्रदेश की जनता के ऊपर कर्ज का बोझ लाद दिया है और युवाओं को बेरोजगारी के दल-दल में धकेल दिया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि फरीदाबाद के कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने नगर निगम का 200 करोड़ रुपए का घोटाला उजागर किया, लेकिन आज तक न तो उसमें कोई जेल गया और न ही रिकवरी हुई। लगता है ऊपर तक सभी की अच्छी सांठ-गांठ है।

उन्होंने यह भी कहा हरियाणा में पिछले चार साल में करीब 100 घोटाले हुए है और जनता की गाढ़ी कमाई को घोटाले बाज डकार चुके है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पता नहीं ऐसी क्या इमरजेन्सी होती है, रात को एक-एक, दो-दो बजे भी जमीनों की रजिस्ट्रियां करवाई जाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज लगभग -लगभग सभी बड़े गांवों के चारों कोनो पर शराब के ठेके है और युवा इसकी वजह से जबरदस्त नशे की लत में फंसते जा रहे है।

मास्टर ऋषिपाल ने कहा कि आज हरियाणा में सडक़ों की हालत चाहे गांवों की सडक़ें, चाहे इण्डस्ट्रीयल एरिया की सडक़ें हो, या फिर रेजीडेंशियल एरिया की सडक़ें हो, सभी की बहुत बुरी हालत है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा और जनसंवाद कार्यक्रमों में जनता न के बराबर पहुंच रही है। इससे ज्यादा भीड़ तो किसी के भी लगन-सगाई के कार्यक्रम में हो जाती है।

इसका सीधा-सीधा मतलब है कि जनता अब सरकार के भ्रम जाल में नहीं फंसने वाली बल्कि चुनाव का इंतजार कर रही है और भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार को उखाड़ फैंक कर पूरी तरह कांग्रेस की सरकार बनाने के मूड़ में है। मास्टर ऋषिपाल ने तीन साल पहले लगे बिजली के मीटरों को दोबारा बदलने पर निंदा करते हुए कहा कि सरकार केवल जनता के पैसों को बर्बाद कर रही है। उन्होंने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि तीन साल पहले लगे बिजली मीटरों को बदलवाने का क्या औचित्य है। लगता है सरकार पिलर बॉक्स घोटाले को छिपाने के लिए इन मीटरों को बदल रही है। आए दिन सरकार में पेपर लीक होते है इससे हरियाणा के युवाओं का हौंसला बुरी तरह पस्त हो चुका है और उन्हें अपना भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है।

# भगवान ऋषभदेव की नगरी से साकार होगा रामराज का सपना



**फिरोजपुर झिरका।** जन-जन का 22 जनवरी को श्री राम मंदिर का सपना साकार होने जा रहा है क्योंकि भगवान ऋषभदेव की पावन पवित्र भूमि अयोध्या में भगवान श्री राम लला पूरी, श्रद्धा, निष्ठा, आस्था, श्रद्धा के साथ विधिवत रूप से विराजमान होंगे। खुशी व्यक्त करते हुए रजत जैन नगीना ने बताया की 22 जनवरी 2023 को जन जन के लिए गौरवमय दिन होगा । जब भगवान श्रीराम अपने नवनिर्मित भव्य भवन में विराजमान होंगे तो भगवान ऋषभदेव की पावन पवित्र नगरी से एक बार फिर राम राज्य की स्थापना का सपना साकार होगा। रजत जैन ने बताया कि रामराज की स्थापना की शुरुवात के साथ देश में चुंहुओर ओर अधिक खुशी सुख समृद्धि शांति सर्वकल्याण, सर्वसुख, सर्व मंगल कार्येषु के निमित्त कार्यों की वृद्धि के साथ स्थापना होगी। विश्व में प्राणी मात्र का आपसी प्रेम भाव में वृद्धि होगी। आस्था का प्रतीक ध्वज एक बार फिर अयोध्या के भगवान श्री राम मंदिर की प्राचीर से विधिवत रूप से लहराएगा। जो प्राणीमात्र के आपकी प्रेम, करुणा दया,तप, त्याग मैत्री भाव की विशालता का प्रतीक होगा। जिसे गगन से देवता भी नमन करेंगे।

जैन धर्म का अयोध्या से गहरा नाता है रजत जैन ने बताया की जैन धर्म के 24 तीर्थकरों में से पांच तीर्थकरों की जन्मस्थली पावन पवित्र पूण्य धर्म नगरी अयोध्या है। जिसकी वजह से जैन धर्म का अयोध्या से गहरा नाता है। जैन धर्म के 24 तीर्थकरों में से प्रथम तीर्थकर ऋषभदेव, दूसरे तीर्थकर अजीत नाथ, चौथे तीर्थकर अभिनंदन नाथ, पांचवें तीर्थकर सुमति नाथ, 14 वे तीर्थकर अनंतनाथ का जन्म अयोध्या में हुआ था। जिसकी वजह से जैन धर्म के अनुयायी पावन पवित्र पुण्य सम्मेद शिखर जी के समान ही अयोध्या नगरी भी सदैव से उनके लिए परम पूजनीय है। तीर्थकर ऋषभदेव के पुत्र के नाम से पड़ा देश का नाम भारत तीर्थकर ऋषभदेव के बड़े पुत्र चक्रवर्ती भरत के नाम से ही देश का नाम भारत देश पड़ा है।

# भव्य विश्नोई की शादी के लिए गांव गांव दिए जा रहे पीले चावल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के लालों में शुमार पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल के पोते व आदमपुर के भाजपा विधायक भव्य बिश्नोई की शादी 26 दिसंबर को होने जा रही है। विवाह समारोह में करीब 86 गांवो के लोगो को पीले चावल देकर आमंत्रित किया गया है। ऐसी संभावना है कि विवाह समारोह में करीब डेढ़ लाख लोग शिरकत करेंगे।

भव्य बिश्नोई और उनके छोटे भाई चैतन्य बिश्नोई की शादी के लिए आदमपुर व नलवा विधानसभा क्षेत्र के हर घर में पीले चावल देकर न्योता दिया जा रहा है। गांव-गांव जाकर न्योता देने के लिए कुलदीप बिश्नोई ने 50 गांवों में कार्यक्रम तय किए हैं। हिसार लोकसभा क्षेत्र में बांटने के लिए शादी के तीन लाख कार्ड छपवाए गए हैं। वीरवार से कुलदीप बिश्नोई ने कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनको कार्ड सौंपेंना शुरू कर दिया है। कार्यकर्ता हिसार लोकसभा क्षेत्र के सभी 9 विधानसभा क्षेत्र में जाकर कार्ड देंगे। कुलदीप बिश्नोई गांव-गांव जाकर लोगों को न्योता दें रहे है। पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई के दोनों बेटों की शादी 26 दिसंबर को होगी।

# विकसित भारत यात्रा के जरिये लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया जा रहा जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांधी ग्राम घासेड़ा में गुरुवार को जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने इस कार्यक्रम में लोगों को विकसित राष्ट्र की शपथ दिलाई और विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रम में लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और उसके उपरांत भीड़ को संबोधित किया। इस दौरान घासेड़ा गांव में पहुंचने पर उनका फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया गया।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि देश के लोगों को जागरूक किया जा सके और जो स्कीम में कमियां - खामियां हैं। उनका पूरा किया जा सके। गरीब परिवारों को इसका लाभ पहुंचे। इस यात्रा का असली मकसद यही है कि जिसका हक है, उसको उसका हक मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीक का जमाना है, उसमें बदलाव हरियाणा सरकार ने किया है। पहले बिचौलिए होते थे। दफ्तरों के चक्कर लगाने होते थे। अब जो पात्र परिवार है, ऑनलाइन सिस्टम से उन्हीं को उसका लाभ मिल रहा है। बीपीएल कार्ड है, बुढ़ापा पेंशन है, आयुष्मान कार्ड है, कोई भी सरकारी योजना है। उनका घर बैठे उसका लाभ ऑनलाइन होने की वजह से मिल रहा है। इस यात्रा का मकसद यही है कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा इसकी जानकारी हो। जागरूकता हो और पात्र परिवार इसका लाभ उठा सकें। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भारत देश ने आज हमें बहुत कुछ दिया है। हम देश को क्या दे रहे हैं। यह विचारने का विषय है।

हर नागरिक को सोचना चाहिए कि इस भारत देश में हरियाणा प्रदेश ने हमें बहुत कुछ दिया है। चाहे हमारे प्रकृति की धरोहर है, उनको संभाल कर रखना है। पानी की बर्बादी रोकती है। मेरा पानी - मेरी विरासत स्कीम को ज्यादा से ज्यादा प्रभावित बनाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पेड़ - पौधों, पानी, पहाड़ों इत्यादि को बचाकर रखना है। पहले बहुत ज्यादा पुराने पेड़ देखने को मिलते थे, लेकिन आज कम हैं। हवा और पानी दूषित होता तो हर घर तक बीमारी जाएगी।

अच्छे नागरिक का यही फर्ज बनता है कि अपने गांव को, इलाके को साफ सुथरा रखें। प्रकृति ने जो गिफ्ट दिया है, उसको हमें बचा कर रखना है चाहे किसी भी रूप में हमें मिल रहा है। लोग जागरूक नागरिक बने अपने देश और प्रदेश को प्यार करें अपने गांव को प्यार करें। यही हमारी सब की सोच होनी चाहिए। कुल मिलाकर कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और जनवरी तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान इन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा जानकारी जुटाकर लाभ उठाने की अपील की।

## संक्षिप्त समाचार

### मुबारक निजामपुर बने सोहना जजपा अल्पसंख्यक हल्का प्रधान



**तावडू।** जननायक जनता पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा आठ जिलों में अल्पसंख्यक हल्का प्रधानों की संगठनात्मक नियुक्तियां की गई हैं। इनमें सोहना- तावडू विधानसभा क्षेत्र से गांव निजामपुर के रहने वाले वरिष्ठ जजपा कार्यकर्ता मुबारिक को अल्पसंख्यक हल्का प्रधान की जिम्मेदारी मिली है। तावडू जजपा यूनिट ने इसका स्वागत किया। वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ गुरुग्राम से जिला अध्यक्ष अख्तर अली ने बताया कि पार्टी ने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ संगठन में विस्तार करते हुए जमीनी स्तर व सबसे मजबूत इकाई में से हल्का अध्यक्षों की नियुक्ति की है। मुबारक एक वरिष्ठ जजपा कार्यकर्ता हैं। जिन्होंने पार्टी की नीतियों का प्रसार करने के लिए जमीनी स्तर पर मेहनत की है। उन्हें विश्वास है कि नई जिम्मेदारी मिलने पर खरा उतरेंगे। मुबारक की नियुक्ति पर तावडू जजपा यूनिट से रामनिवास जांगड़ा, अजहरुद्दीन, अधिवक्ता हसीन, ललित और सद्दाम आदि ने उन्हें बधाई दी है। बता दे कि बीते पांच दिसंबर को जननायक जनता पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सरदार सर्वजीत मसीत के निर्देश पर फतेहाबाद, फरीदाबाद, दादरी, भिवानी, अंबाला, गुरुग्राम, हिसार, और झज्जर से कुल 30 अल्पसंख्यक हल्का प्रधानों की नियुक्तियां की गई थी।

### बटनदार चाकू सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने बटनदार चाकू सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रहमत अली राहुल कॉलोनी फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से राम धर्म कांटा एनआईटी से काबू किया है आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से बटनदार चाकू बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कुछ दिन पहले कोसी मथुरा घूमने गया था। वहा किसी व्यक्ति से बटनदार चाकू को 300 रूपए में खरीद कर लाया था। आरोपी से पूछताछ में थाना सेक्टर-17 के चोरी के मामले का खुलासा हुआ है जिसमें आरोपी ने एक स्कूटी को सेक्टर-16ए मैट्रो स्टेशन के पास से चोरी की थी। आरोपी से स्कूटी बरामद कर ली है। आरोपी पहले भी अवैध हथियार के मामले में जेल जा चुका है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### आचार्य ज्ञानभूषण मुनिराज करेंगे प्रस्थान

**फिरोजपुर झिरका।** मज्जिनेन्द्र आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याण महोत्सव 9 दिसंबर से 14 दिसंबर तक फिरोजपुर झिरका में वात्सल्य मूर्ति आचार्य ज्ञान भूषण जी मुनिराज रत्नाकर की प्रेरणा व परम पावन सानिध्य में संपन्न होगा। उक्त जानकारी मार्केट कमेटी फिरोजपुर झिरका के पूर्व अध्यक्ष सुनील जैन देते हुए बताया की धर्म वत्सल प्रभाविका क्षुल्लिका ज्ञान गंगा माता जी के निर्देशन में कार्यक्रम होंगे। प्रतिष्ठा स्थल अयोध्या नगरी सिविल लाइंस फिरोजपुर झिरका होगी। जैन ने बताया कि आचार्य श्री विधिवत 08 दिसंबर को लाला हरकंठ राय दिगंबर जैन मंदिर फिरोजपुर झिरका से पंचकल्याणक कार्यक्रम स्थल अयोध्या नगरी के लिए ससंघ प्रस्थान करेंगे। उनके साथ सर्व समाज के व्यक्ति भी अयोध्या नगरी जाएंगे।

### दिव्यांग छात्र कुणाल ने जीता स्वर्ण पदक



**तावडू।** स्पेशल ओलंपिक भारत- हरियाणा के तहत गुरुग्राम की एसजीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित हुई राज्य स्तरीय दिव्यांग दौड़ प्रतियोगिता में नगर के रहने वाले मानसिक दिव्यांग छात्र कुणाल ने 100 मीटर रेस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। दो दिन पहले गुरुग्राम में ही आयोजित हुई स्केटिंग में भी तावडू के ही दिव्यांग छात्र जीवन ने अलग-अलग मीटर की स्पर्धाओं में भाग लेकर तीन पदक हासिल किए थे। क्षेत्र वासियों ने दिव्यांग छात्रों की प्रतिभा व उनकी कामयाबी पर दोनों को बधाई दी है। नगर के मॉडल संस्कृति विद्यालय परिसर में दिव्यांग छात्रों के लिए संचालित संसाधन केंद्र के विशेष शिक्षक अरविंद कुमार,अराधना माटानिया व बलवीर सिंह ने संयुक्त तौर पर बताया कि वीरवार को स्पेशल ओलंपिक भारत की ओर से गुरूग्राम की एसजीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित राज्य स्तरीय मानसिक दिव्यांग प्रतियोगिता में कुणाल ने सौ मीटर दौड़ में भाग लेते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुणाल को स्पेशल ओलंपिक भारत-हरियाणा के पदाधिकारियों ने प्रशंसा पत्र और पदक देकर सम्मानित किया। बता दें की नगर के मॉडल संस्कृति विद्यालय परिसर में मानसिक दिव्यांग छात्रों के लिए एक संसाधन केंद्र संचालित है। जहां पर जौरासी गांव के सरकारी स्कूल में बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्र कुणाल को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे पहले इसी केंद्र की दिव्यांग छात्रा सरस्वती ने चार माह पूर्व बर्लिन में स्पेशल ओलंपिक की प्रतियोगिता में भाग लेकर पदक जीतकर प्रतिभा दिखाई थी।

### हथियार के साथ वीडियो, फोटो अपलोड करने पर कार्रवाई

**मेवात।** पुलिस अधीक्षक नूंह ने कहा कि आमतौर पर एक दूसरे के देखा-देखी कई युवा हथियार लेकर उसे लहराते हुए अलग-अलग पोज में फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर देते हैं, जिससे समाज में बहुत गलत संदेश जाता है तथा समाज में अपराधिक प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है । इस प्रकार का गैर-कानूनी कार्य करने में जिस व्यक्ति का हथियार होता है और जो फोटो अपलोड करता है वह दोनों ही दोषी होंगे। अधिकतर मामले हर्ष फायरिंग से जुड़े होते हैं जो कि गैर कानूनी है। हर्ष फायरिंग करने वालों के विरुद्ध नूंह पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग पर नूंह पुलिस की पैनी नजर है।

# पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ली विभागीय बैठक

# अपने काम में कोतही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर होगी कार्यवाही

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**प्रदेश** के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने दोपहर बाद लघु सचिवालय नूंह स्थित मीटिंग हॉल में जिले के पंचायत राज विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों के साथ कई घंटे तक बैठक की। इस बैठक में पंचायत विभाग के कार्यों में तेजी लाने तथा उनमें पारदर्शिता बरतने के लिए सभी को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि रिव्यू मीटिंग की गई थी। काम की जो प्रोग्रेस रिपोर्ट है, वह स्लो है। जिले के सभी अधिकारी व कर्मचारियों के अलावा चुने हुए पंचायत प्रतिनिधि सभी मौजूद रहे।

श्री बबली ने ब्लॉक वाइज बैठक ली। पीआरआई का जो फंड है। अनुपात के अनुसार से जो खर्च होना था। पंचायत तथा ब्लॉक समिति में जो आया है, वह खर्च नहीं हो पा रहा है। उसको खर्च करना है। गुणवत्ता के साथ - साथ समय का भी ध्यान रखना है। रिव्यू बैठक में आंकड़ों के साथ यह बैठक की गई है। एक महीने बाद फिर से बैठक करेंगे। कैबिनेट मंत्री बोले जिन अधिकारियों - कर्मचारियों ने काम में कोताही बरती है। उन पर अगली बैठक में कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि ना सरपंच पहले नाराज थे न आज नाराज हैं। उन्होंने कहा कि पूरी उम्मीद के साथ सरपंच अपने गांव का विकास करना चाहते हैं। उनको कहीं ना कहीं जो मैंने महसूस किया कोऑर्डिनेशन की अधिकारियों - कर्मचारियों में कमी थी। लेकिन अब उसमें बड़ी तेजी से सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि आपस में कोऑर्डिनेशन और कैसे बेहतर किया जाए, साथ ही चुने हुए लोग सब मिलकर एक टीम के रूप में काम करें। हरियाणा सरकार की जो सच है कि शहरीकरण की तर्ज पर गांव का भी विकास हो, वह धरातल पर गांव में सभी सुविधाएं लोगों को मिले। यही हरियाणा सरकार का सपना है। ग्रामीण अंचल में जो लोग बसे हुए हैं, वह उनका हक है। वह उनको देने की सरकार की मंशा है। काम को गति देने की जरूरत है। आने वाले समय में काम को और गति मिलेगी। उन्होंने ई लाइब्रेरी को लेकर कहा कि तकरीबन 3900 के करीब बिल्डिंग चिन्हित करी थी। 1200 बिल्डिंग की तैयार हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि जो डिमांड बेस पंचायत में युवाओं के द्वारा जिम की डिमांड की थी। 700 के करीब वह बिल्डिंग में तैयार हुई है। कुछ बिल्डिंग महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण के लिए मांगे थे। उनमें काम पूरा हो चुका है। टेंडर प्रक्रिया में थोड़ी देरी हुई है। ई लाइब्रेरी का जो सामान आना था, आने वाले एक - डेढ़ महीने में वह सामान आ जाएगा और ग्रामीण अंचल की जनता को ई लाइब्रेरी समर्पित की जाएंगी।

# नशा तस्करी के 323 मामले दर्ज कर 415 आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## नशा मुक्ति की ओर फरीदाबाद पुलिस, आरोपियों से 2284 किलोग्राम नशीले पदार्थ बरामद किए

**हरियाणा** सरकार के नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत पुलिस आयुक्त के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियो की धर-पकड़ व अपराध पर अंकुश लगाने के दिए गए निर्देश पर क्राइम ब्रांच व थाना की टीम ने नशा तस्करी करने वाले 415 आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा है। पुलिस आयुक्त के द्वारा समय समय पर क्राइम रिव्यू मीटिंग में सभी थाना, चौकी प्रभारी व क्राइम ब्रांच ईंचार्जो को अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए जाते रहे हैं। इसके अलावा कुछ एरिया जो जहां पर ड्रग्स की पुडिय़ा वगैरा बेची जाती है में निगरानी रखने व पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद में नशा तस्करी करने वाले आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसमें थाना व क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर नशीले पदार्थ बरामद किए जा रहे हैं। आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों से अफीम, सुल्फा, ब्राउन शुगर, चरस, स्मैक, गांजा, हेरोईन, चुरा पोस्त, नशीले इंजेक्शन, कैप्सूल इत्यादि नशीले पदार्थ बरामद किए गए है। इस तरह की नशा तस्करी को रोकने के लिए फरीदाबाद पुलिस के खुफिया तंत्र मुखबिर के अलावा समय समय पर अचानक नाका लगाकर चेकिंग भी की जाती है। क्राइम ब्रांच टीम सिविल में तथा थाना पुलिस टीम अपने एरिया में गस्त करती है। नशा तस्करी के मामलों में कार्रवाई करते हुए वर्ष 2023 में अब तक 323 मामले दर्ज कर 415 आरोपियो को गिरफ्तार कर 2284.763 किलोग्राम नशीले पदार्थ को बरामद किया गया है।

# दसवीं व 12वीं की परीक्षा की तिथि बढ़ी

**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा कराई जाने वाली सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी मुक्त विद्यालय फ्रैश कैटेगरी पूर्ण विषय परीक्षा मार्च-2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की तिथि 17 दिसम्बर, 2023 कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि पहले मार्च-2024 के परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर थी। जिसमें लेट फीस भी देनी होती है। अब इसी तारीख को आगे बढ़ाया गया है।

पायनियर क्लासीफाइड

**नाम परिवर्तन**

I, Deepti W/o Dinesh Sharma R/o 190, Sector-29, Faridabad, have changed my name to Deepti Sharma for all future purposes.

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल बाबू लाल (अधार नम्बर 2164 1376 8295) पुत्र स्वर्गीय श्री तुला राम निवासी मकान नम्बर 1468, पर्वतीया कॉलोनी, नियर दयाल हॉस्पिटल, बल्लबगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा ने अपने पुत्र ज्ञान सिंह को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। अगर भविष्य में कोई व्यक्ति ज्ञान सिंह से लेन-देन या व्यवहार आदि रखता हैं तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरे मुवक्किल व उसके परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
(के.एल. शर्मा अधिवक्ता)

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## कांग्रेस की रणनीति
### मोदी की सलाह


**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने कांग्रेस को गंभीर सलाह दी है कि वह विधानसभा चुनावों में पराजय से संसदीय कामकाज को प्रभावित न होने दे। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव परिणामों ने विपक्ष व खासकर कांग्रेस को गहरा धक्का दिया है। हिन्दी हृदय क्षेत्र में पराजय से उसकी रणनीति पर सवाल उठते हैं। इसके साथ ही उसकी कमजोरी के संसद के शीत सत्र में कामकाज पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर चिंता है। इस पराजय से कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक अभियान रणनीतियों तथा नेतृत्व की पसंद पर सवाल उठा रहे हैं। परिणामों की घोषणा के फौरन बाद संसद का शीत सत्र शुरू हुआ जो राजनीतिक परिदृश्य में कांग्रेस की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए महत्वपूर्ण है। वह अव्यवस्था, बहिर्गमन, नारेबाजी के साथ संसदीय कार्यवाही में बाधा पैदा कर सकती है। इस पराजय से कांग्रेस सदस्यों का उत्साह क्षीण हो सकता है जिसका परिणाम उसकी कतारों में संभावित विभाजन व गुटबाजी हो सकता है। कांग्रेस की परेशानी इससे और बढ़ी है कि तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी तथा समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव ने घोषणा कर दी कि उनकी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे द्वारा अपने आवास पर बुलाई 'इंडिया' की अखिल-भारतीय बैठक में भाग लेने की कोई इच्छा नहीं है। ये नेता पहले ही कांग्रेस से नाराज थे क्योंकि उसने राज्य विधानसभा चुनावों की घोषणा जारी होने के बाद से ही 'इंडिया' समूह के सदस्यों के साथ सीट-साझा बैठकों में शामिल होने की अनिच्छा प्रदर्शित की थी क्योंकि वह चुनावों पर ज्यादा ध्यान देना चाहती थी।



इसके परिणामस्वरूप अंतत: 'इंडिया' की प्रस्तावित बैठक टाल दी गई। प्रमुख विपक्षी पार्टी के रूप में कांग्रेस से उम्मीद की जाती है कि वह सदन में चर्चा, बहस व विधायी एजेंडे को स्वरूप देने तथा विपक्षी समूह को आगे बढ़ाने में प्रमुख भूमिका अदा करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव के पश्चात उत्तेजनापूर्ण माहौल के बावजूद संसद में संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। इसमें रचनात्मक बहस की आवश्यकता रेखांकित की गई है। उन्होंने सरकार की नीतियों में सकारात्मक व रचनात्मक सुधार के सुझावों का स्वागत किया है। ऐसे में अच्छा होगा कि कांग्रेस चुनाव परिणामों के लिए व्यवस्था में गलतियां तलाशने या भाजपा पर दोषारोपण करने के बजाय अपने भीतर झांक कर देखे। आश्चर्यजनक लगने वाले चुनावी नतीजे के बाद मोदी ने विपक्षी सांसदों को सलाह दी है कि वे अपना गुस्सा संसद में न निकालें। आत्मनियंत्रण की यह सलाह ऐसे समय आई है जब माहौल में तनाव बहुत अधिक है तथा कामकाज में व्यवधान की आशंका है। संसदीय कार्यवाही में एक गरिमापूर्ण व रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह संसद की गरिमा बनाए रखने तथा देश की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए जरूरी है। यह भाजपा समेत सभी राजनीतिक पार्टियों की जिम्मेदारी है कि वे अपने संकुचित दलीय हितों से ऊपर उठ कर राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दें। विधानसभा चुनाव परिणाम एक-दूसरे से टकराव के बजाय सभी पक्षों के लिए आत्मावलोकन, सुधार तथा परिवर्तन के प्रेरक बनने चाहिए। उन्हें सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी देशवासियों का समग्र विकास सुनिश्चित हो। यह सत्र कांग्रेस को एक अवसर देता है कि वह अपनी रणनीति व नेतृत्व की समीक्षा कर मतदाताओं से ज्यादा गंभीरता के साथ जुड़ने का प्रयास करे। संसद का शीत सत्र भविष्य में विकास का स्पष्ट दृष्टिकोण सामने रख कर विपरीत स्थितियों में दृढ़ता एवं लचीलापन प्रदर्शित कर सकता है।

# निजीकरण में नौकरशाही की बाधा

अनुमतियों व नौकरशाही की लाल-फीताशाही की लंबी व जटिल प्रक्रियाओं के कारण सरकार द्वारा सीपीएसयू के शेयर इच्छित निवेशकों को बेचने में बाधा आती है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-सीपीएसयू में केंद्र सरकार के शेयर बेच कर 51,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने का लक्ष्य रखा था। लेकिन उपलब्ध संकेतों के अनुसार, सरकार के इस लक्ष्य में 30,000 करोड़ रुपये की कमी की आशंका है। आईडीबीआई बैंक व राज्य स्वामित्व वाली एनएमडीसी स्टील के विनिवेश लक्ष्य में भारी कमी की आशंका है। आईडीबीआई के मामले में यह विलम्ब संभावित खरीदारों को भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई की निगरानी प्रक्रिया में देरी के कारण पैदा हुआ है। एनएमडीसी स्टील की बिक्री छत्तीसगढ़ में चुनाव के कारण बाधित हुई है जहां कंपनी का मुख्य प्लांट स्थित है। वर्तमान वित्त वर्ष में बिक्री में यह कमी 2015-16 से जारी उस प्रवृत्ति के कारण है जब मोदी सरकार ने 'रणनीतिक' बिक्री के माध्यम से विनिवेश की शुरुआत की थी।

इसका अर्थ है कि सरकार सीपीएसयू में निजीकरण के माध्यम से अपनी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से कम करना चाहती है। 2017-18 व 2018-19 के दो सालों में वास्तविक प्राप्तियां लक्ष्य से अधिक रही हैं, लेकिन इन दो सालों को छोड़ कर बाकी 6 सालों में लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सका है। 2017-18 और 2018-19 में भी सरकार मुख्यत: दो बड़ी बिक्रियों के कारण सीपीएसयू में विनिवेश का अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकी। उसने हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-एचपीसीएल में अपने 51.11 प्रतिशत शेयर 2017-18 में आयल एंड नेचुरल गैस कार्पोरेशन-ओएनजीसी को बेचे जिनसे 37,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इसके साथ ही उसने ग्रामीण विद्युतीकरण निगम-आरईसी में अपने 52.63 प्रतिशत शेयर 2018-19 में पावर फाइनेंस कार्पोरेशन-पीएफसी को बेचे जिनसे 13,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इन बिक्रियों को रणनीतिक नहीं कहा जा सकता है क्योंकि खरीदार एक अन्य सीपीएसयू था और सरकार का विनिवेशित उद्यम पर प्रभावी स्वामित्व बना रहा।

शेयरों की बिक्री से प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित करने का कोई औचित्य नहीं है। इसका कारण यह है कि निश्चित रूप से प्राप्त होने वाले कर राजस्व के उलट यही बात विनिवेश के बारे में नहीं कही जा सकती है। इस मामले में काफी कुछ बाजार की स्थितियों पर निर्भर करता है। इसमें खासकर निवेशकों का दृष्टिकोण महत्व है जो शेयर-बिक्री वाली कंपनी के बारे में होता है। जिन मामलों में रणनीतिक बिक्री निर्धारित की जाती है, वहां सरकार को उपयुक्त बाजार से बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि इसके लिए बहुत अमीर बोलीकर्ताओं की जरूरत होती है। अनुमतियों व नौकरशाही लाल-फीताशाही की लंबी व जटिल प्रक्रिया के कारण सरकार द्वारा उचित समय पर कार्रवाई करना कठिन होता है। इसका अर्थ ऐसे समय से है जब रणनीतिक निवेशक अपनी बोली में पैसा लगाने के लिए तैयार हों।

नीति आयोग विनिवेश वाली कंपनियों की पहचान करता है इसके बाद इस पर विनिवेश सचिवों का कोर ग्रुप-सीजीडी विचार करता है। यह अपने आप में लंबी प्रक्रिया है क्योंकि इसके बाद वैकल्पिक व्यवस्था-एएम में मामला जाता है। यहां मंत्रियों का एक समूह अनुमति देता है जिसमें वित्त मंत्री, सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री, प्रशासनिक सुधार, आदि शामिल हैं। एएम की सहमति के बाद निवेश एवे सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग-दीपम आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति-सीसीईए की सैद्धान्तिक सहमति के लिए प्रस्ताव तैयार करता है। ये सारी अनुमतियां समय खर्च करने वाली प्रक्रियायें हैं और जब तक ये प्रक्रियायें पूरी होती हैं, बाजार परिदृश्य विपरीत हो सकता है। मूल रूप से सरकारी शेयरों का पीएसयू में विनिवेश परिसंपत्तियां बेचने के समान है। इसलिए उनसे प्राप्त धनराशि को 'पूंजी प्राप्तियां'-सीआर ही कहा जा सकता है। बजट तैयार करते समय इस स्रोत से होने वाली प्राप्तियों को उसी प्रकार स्रोत के रूप में दर्ज करना उचित नहीं कहा जा सकता है जिस प्रकार राजस्व प्राप्तियां-आरआर होती हैं। ये दिन-प्रतिदिन बिजनेस गतिविधियों से प्राप्त होती हैं, जैसे सरकारी शेयरों पर मिलने वाला डिविडेंट। सरकार को बजट प्रस्तुत करने के समय इनका प्राविधान करने के बजाय सीपीएसयू में शेयरों का 'वास्तविक' विनिवेश होने पर ही इनको प्राप्तियों के रूप में दर्ज करना चाहिए। बजट प्रक्रिया से अलग करने के बाद सीपीएसयू का विनिवेश एक स्वतंत्र गतिविधि बन जाएगी जिसे व्यापक सिद्धान्तों के आधार पर निर्देशित किया जा सकता है। 2021-22 का बजट पेश करते समय सरकार ने सीपीएसयू को दो व्यापक श्रेणियों में बांटा था-रणनीतिक व गैर-रणनीतिक। रणनीतिक समूह में नाभिकीय ऊर्जा, अंतरिक्ष एवं रक्षा, परिवहन व दूरसंचार, बिजली, पेट्रोलियम, कोयला व अन्य खनिज तथा बैंकिंग, बीमा व वित्तीय सेवाएं शामिल थीं। गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में अन्य सभी क्षेत्र शामिल थे, जैसे औद्योगिक व उपभोक्ता वस्तुयें, होटल एवं पर्यटन सेवायें, व्यापार और मार्केटिंग। जहां सरकार रणनीतिक क्षेत्र में सीपीएसयू की बिक्री इस शर्त के साथ करना चाहती है कि कम से कम एक अव अधिकाधिक चार उद्यम सार्वजनिक क्षेत्र में रहें, वह गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में 'सभी' उद्यमों का निजीकरण करना चाहती है। इस प्रकार इस श्रेणी के सभी घाटे वाले उद्यम बंद हो जाएंगे। इस आधार पर वह एक विस्तृत कार्ययोजना पर काम कर रही है जो पूरी तरह ठीक है। लेकिन इस प्रक्रिया में विरासती मुद्दों के कारण बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

उदाहरणार्थ, सार्वजनिक उद्यम विभाग-डीपीई और नीति आयोग ने उर्वरक क्षेत्र में सभी नौ सीपीएसयू के निजीकरण की सलाह दी थी जो रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अंतर्गत आते हैं। लेकिन मंत्रालय ने इसका विरोध किया। उसका कहना था कि उर्वरक पीएसयू पर नियंत्रण समाप्त होने के बाद सरकार इनकी उपयुक्त उपलब्धता सुनिश्चित नहीं कर सकेगी और यह मुद्दा देश के हर क्षेत्र के लिए राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। 2019-20 में योजना बनाने के बावजूद भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-बीपीसीएल की रणनीतिक बिक्री संभव नहीं हो सकी है। इसका प्रमुख कारण यह है कि सरकार पेट्रोल व डीजल के दामों पर नियंत्रण बनाए रखना चाहती है। इसके लिए वह बीपीसीएल समेत तीन तेल मार्केटिंग सीपीएसयू को निर्देश दे सकती है। ऐसे में यदि बीपीसीएल की बिक्री कर दी जाए तो उसकी क्षमता प्रभावित होगी। सरकार चाहती है कि वह रणनीतिक बिक्री के बावजूद 'ड्राइवर सीट' पर बनी रहे। यह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 2019-20 का बजट पेश करने के समय एक बयान से स्पष्ट है। उन्होंने कहा था कि इरादा सीपीएसयू में 'सीधे' 51 प्रतिशत या उससे अधिक शेयर रखने के बजाय ऐसी नीति बनाना है जहां 'प्रत्यक्ष' व 'परोक्ष' रूप से 51 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखी जाए। इसका एक और उदाहरण पिछले साल वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश है जिसने अन्य पीएसयू की रणनीतिक बिक्री में सीपीएसयू की सहभागिता पर इस शर्त के साथ रोक लगाई थी कि 'जब तक केन्द्र सरकार द्वारा जनहित में कोई विशिष्ट प्राविधान न किया जाए।' इसका अर्थ है कि सरकार अपनी इच्छानुसार प्राविधान को अनदेखा कर सकती है।

कुल मिला कर अनेक दशकों से सरकार के व्यापक स्वामित्व व नियंत्रण ने नौकरशाही में यह भावना पैदा कर दी है कि वह पीएसयू के प्रबंधन में आदेश देने की अधिकारी है, भले ही ऐसा रिमोट कंट्रोल द्वारा हो। इससे नौकरशाही को शक्ति का अनुभव होता है। हालांकि, मोदी सरकार में चीजों में काफी सुधार हुआ है जिसमें 'नीति संचालित राज्य' तथा 'पारदर्शिता' बढ़ाने पर जोर है, लेकिन मूल भावना अभी बनी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नौकरशाही में व्याप्त यह भावना समाप्त करनी चाहिए। सीपीएसयू की शेयर बिक्री प्रक्रिया को नौकरशाही से मुक्त कर एक होल्डिंग कंपनी-एचसी बनानी चाहिए जहां सीपीएसयू में सभी सरकारी शेयर दर्ज हों। सम्मानित पेशेवरों के प्रबंधन में इस होल्डिंग कंपनी को सभी निर्णय लेने की शक्ति मिलनी चाहिए।

# परिवर्तनकारी सिद्ध होगी नैसर्गिक खेती

**सरिता ब्रारा**
(लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं)



**हिमाचल प्रदेश में पहियों पर प्राकृतिक उपज परियोजना से पता चलता है कि प्राकृतिक खेती इस क्षेत्र में कृषि पद्धतियों को नया आकार दे सकती है**

शिमला के बालूगंज में हिमाचल प्रदेश के कृषि विभाग में एक ट्रक आता है। शिमला के टूटू ब्लॉक के नेरवा गांव से नारीशक्ति महिला कृषि समूह की सदस्य, दो महिलाएं, निर्मला और सुमना देवी, ताजी मौसमी सब्जियां लेकर बाहर निकलती हैं। टमाटर, मूली, फ्रेंच बीन्स और यहां तक कि अमरूद और कीवी जैसे फलों सहित ये सब्जियां, मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा, स्थानीय किसानों के दरवाजे से एक ही दिन में एकत्र की गई हैं।

अपने समूह का प्रतिनिधित्व करते हुए, दो महिलाएं, कृषि विभाग के किसान उत्पादन अधिकारी (एफपीओ) लोकेश भनोट के साथ, सब्जी बाजार या सब्जी मंडी में जाती हैं। भनोट, जिन्होंने पिछली शाम बाजार दरों का सर्वेक्षण किया था, दरों को ब्लैकबोर्ड पर प्रदर्शित करते हैं, और ग्राहक मौके पर ही खरीदारी करते हैं। फिर वाहन एक खजांची के साथ उपज लेकर राज्य सचिवालय परिसर में एक अन्य बिक्री स्थल की ओर जाता है।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर सब्जियों और अन्य उत्पादों को उतारकर व्यवस्थित किया जाता है। कई महिलाएं, ज्यादातर नियमित ग्राहक, पहले से ही इन ताजा, रसायन-मुक्त और स्थानीय रूप से उगाए गए उत्पादों को खरीदने का इंतजार कर रही हैं। नियमित ग्राहक सुनीता कहती हैं, सब्जियां ताजी होती हैं, इनकी शेल्फ लाइफ लंबी होती है, इनका स्वाद बेहतर होता है और महत्वपूर्ण बात यह है कि वे रसायन मुक्त होती हैं, हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं होती हैं। अन्य ग्राहक भी इसी तरह की भावनाएं व्यक्त करते हैं और प्राकृतिक रूप से खेती की गई, अधिक पौष्टिक उपज को प्राथमिकता देते हैं।

ताजी सब्जियों के अलावा, वन क्षेत्रों के उत्पाद, जैसे अन्ना दाना (सूखे अनार के बीज), आंवला (भारतीय करौंदा), कचीना, बौहिनिया वेरिगेट और जंगली शहद भी उपलब्ध हैं। वन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले गांव लोगों को वन उपज इकट्टा करने और बेचने की अनुमति देते हैं। किसानों को एफपीओ द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार भुगतान किया जाता है। बसंतपुर ब्लॉक से एक और पिकअप वैन उस क्षेत्र के गांवों से सब्जियां लाती है, जिससे पहियों पर प्राकृतिक उपज परियोजना में भाग लेने वाली महिला किसानों का एक नेटवर्क बनता है। शिमला जिले के तीन ब्लॉक, टोटू, मशोबरा और बसंतपुर को इस पहल के लिए चुना गया था, जिसमें प्राकृतिक खेती करने वाले 8 फीसदी महिलाओं सहित 5,000 किसान शामिल थे। ये सभी छोटे और सीमांत किसान हैं। 20 सदस्यों वाले चार महिला स्वयं सहायता समूह इस पायलट प्रोजेक्ट में शामिल हैं, जिसका उद्देश्य सीधे किसानों के दरवाजे से ताजा उपज खरीदना और इसे हिमाचल प्रदेश सचिवालय और कृषि निदेशालय बोइल्यूगंज, शिमला में बेचना है। इससे बिचौलियों की आवश्यकता कम हो जाती है, जिससे किसानों को उचित बाजार मूल्य मिलना सुनिश्चित होता है। परियोजना सप्ताह में दो बार संचालित होती है, और इसकी सफलता से ग्राहकों की प्रतिक्रिया के आधार पर आवृत्ति में वृद्धि हो सकती है। किसानों के लिए, यह एक जीत की स्थिति है; उन्हें बिचौलियों के बिना बाजार मूल्य प्राप्त होते हैं, परिवहन लागत उनके बीच साझा की जाती है, और सभी उपज एक ही दिन में बेची जाती है। एक साल पहले किए गए सर्वेक्षण में प्राकृतिक खेती में लगे क्षेत्रों और किसानों की पहचान की गई थी।

किसानों को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम से गुजरना पड़ता है, और उनके उत्पादों को कृषि विभाग द्वारा प्रमाणित और वर्गीकृत किया जाता है। इस वर्ष की शुरुआत में शुरू की गई, पहियों पर प्राकृतिक उपज परियोजना प्राकृतिक खेती में कम पैदावार की चुनौती का समाधान करती है।

किसान किचन गार्डन मॉडल का उपयोग करके अपनी भूमि के केवल एक हिस्से पर खेती करते हैं, जिससे छोटे भूखंडों पर अधिकतम उत्पादन होता है। प्राकृतिक खेती, एक रसायन-मुक्त पारंपरिक पद्धति है, जो रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों जैसे बाहरी आदानों से बचते हुए, प्रकृति के नियमों पर निर्भर करती है। यह प्रक्रिया मानवीय हस्तक्षेप को कम करती है, जो इसे जैविक खेती से अलग बनाती है। उपयोग किए जाने वाले कीटनाशक गाय के गोबर, गोमूत्र, लहसुन, लाल मिर्च और छाछ का उपयोग करके किसानों द्वारा तैयार किए जाते हैं। जबकि जैविक सब्जियां अक्सर महंगी होती हैं, प्राकृतिक खेती के उत्पाद दैनिक उपभोग के लिए अधिक किफायती होते हैं। एक सर्वेक्षण से पता चलता है कि प्राकृतिक खेती से खेती की लागत 46 प्रतिशत कम हो जाती है और मुनाफा 22 प्रतिशत बढ़ जाता है। इसकी तुलना में, जैविक खेती महंगे इनपुट पर निर्भर करती है, जो उच्च बाजार कीमतों में योगदान करती है। प्राकृतिक खेती का सकारात्मक प्रभाव बीमारी की घटनाओं तक फैलता है। प्राकृतिक खेती के बगीचों में स्कैब और मार्सोनिना की घटनाएं रासायनिक खेती की तुलना में काफी कम हैं, जो फसल के स्वास्थ्य में सुधार की क्षमता का सुझाव देती है। परियोजना में शामिल अधिकांश महिलाओं के पास छोटे कृषि भूखंड हैं, जिनमें 6 से 7 बीघे से अधिक जमीन नहीं है। उनके पति आम तौर पर विभिन्न व्यवसायों में काम करते हैं, और प्रत्येक समूह की दो महिलाएं उपज उठाने का प्रबंधन करती हैं।

एक महिला साझा करती है, हम अपना आधा दिन अपने खेतों में या पशुओं के साथ बिताते हैं, बुआई से लेकर कटाई तक का प्रबंधन खुद ही करते हैं। प्रदान की गई पिकअप सेवा उनके लिए परिवहन की चुनौतियों के बिना अपनी उपज बेचना संभव बनाती है। पहियों पर प्राकृतिक उत्पाद परियोजना को सफलता मिली है, उत्पाद तेजी से बिक रहे हैं और मांग लगातार बढ़ रही है। यह एक टिकाऊ मॉडल का उदाहरण है, जो किसानों, उपभोक्ताओं और पर्यावरण को लाभ पहुंचाता है, और क्षेत्र में कृषि प्रथाओं को नया आकार देने के लिए प्राकृतिक खेती की क्षमता को प्रदर्शित करता है।

## आप की बात

### ईवीएम पर संदेह

**मध्यप्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह समेत अनेक विपक्षी नेताओं ने वर्तमान विधानसभा चुनाव परिणामों के बारे में ईवीएम पर संदेह व्यक्त किया है। दिग्गी राजा ने कहा कि मैं 2003 से ही इसका विरोध कर रहा हूं। लेकिन उस समय तो केंद्र और अनेक राज्यों में कांग्रेस की सरकारें थी और उसका वर्चस्व था तो आपकी बात को उसने नजरअंदाज क्यों कर दिया? अब सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग से वे ईवीएम पर विचार कर लोकतंत्र को बचाने की बात कर रहे हैं। लंबे समय तक ईवीएम द्वारा चुनी हुई कांग्रेस और अन्य पार्टियों की सरकारें चल रही हैं। लेकिन हमेशा विपक्ष जब हारता है तो ईवीएम पर आरोप लगा देता है और जब जीतता है तो चुप रहता है। अन्य राज्यों की तरह तेलंगाना में भी ईवीएम का उपयोग हुआ है तो क्या वहां कांग्रेस ने हैक की है मशीनें? जहां विपक्ष का सूपड़ा साफ हो गया है वहां ईवीएम खराब और जहां विपक्ष की सरकार बनी वहां ईवीएम अच्छी? यदि विपक्ष अपनी ऊर्जा का सदुपयोग कर सरकार के सही कामों की सराहना और गलत कामों को पटरी पर लाने का प्रयास करता तो आज उसका इतना बुरा हाल नहीं होता। लेकिन वह कोई सबक नहीं सीखना चाहता और जनता उसे लगातार सबक सिखा रही है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### विवादित टिप्पणी

**संसद** के शीतकालीन सत्र में द्रमुक सांसद सेंथिल कुमार की विवादित टिप्पणी से देश की सियासत गरमा गई है। उन्होंने सदन में कहा, इस देश के लोगों को सोचना चाहिए कि भाजपा की ताकत केवल हिंदी राज्यों में चुनाव जीतना है, जिन्हें हम आमतौर पर गौमूत्र राज्य कहते हैं। इस बयान को केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने सनातनी परंपरा का बहुत बड़ा निरादर बताते हुए कहा कि सनातनी परंपरा और सनातनियों का इस तरह का अपमान देश बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने इस बयान को ओछी मानसिकता करार दिया है। हिंदी राज्यों के खिलाफ द्रमुक नेताओं के घटिया बयान अब बर्दाश्त के बाहर हो रहे हैं। विडंबना है कि अतीत में तमिलनाडु के कद्दावर नेताओं के हिंदी-विरोधी व उत्तर भारत-विरोधी बयानों का कांग्रेस डट कर विरोध करती रही है, लेकिन आज वह तमिलनाडु में चंद वोटों के लिए देश-विरोधी बयानों पर चुप्पी साध लेती है। दक्षिण भारत की आम जनता को भी ऐसे बयानों का मुखर विरोध करना चाहिए क्योंकि वह अपने आम-जीवन में उत्तर भारतीयों से कम कर्मकांडी व सनातनी नहीं है। यह देश की एकता के लिए भी जरूरी है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### मिजोरम का फैसला

**मिजोरम** की जनता ने यह एक ऐतिहासिक फैसला लेकर 36 सालों से बारी-बारी से जारी एमएनएफ और कांग्रेस का राज समाप्त कर नई पार्टी को अवसर दिया है। मात्र 6 वर्ष पहले बनी राजनीतिक पार्टी ने प्रदेश का राजनीतिक इतिहास बदल दिया है। इस शानदार जीत में जोरम पीपुल्स मूवमेंट-जेडपीएम ने कांग्रेस को चौथे नंबर पर धकेल दिया है। जेडपीएम नेता लालदुहोमा ने 6 छोटो पार्टियों के गठबंधन से इतना क्रांतिकारी परिवर्तन कर दिखाया है। जेडपीएम ने भ्रष्टाचार-मुक्त व अनेक क्षेत्रों में सुधार लाने वाली सरकार का वादा राज्य के मतदाताओं से किया है। इस जीत नें देश के लोगों को संदेश दिया है कि सफलता के लिए पार्टी का बहुत पुराना होना जरूरी नहीं है। देखना होगा कि लालदुहोमा अपने वादे किस सीमा तक पूरे कर पाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लीक से हट कर एमजेडएन सरकार का पूरा समर्थन करना चाहिए। मिजोरम देश का रणनीतिक रूप से एक महत्वपूर्ण प्रदेश है और पड़ोसी मणिपुर व म्यांमार में अशांति के चलते इसका महत्व और बढ़ गया है। अत: लालदुहोमा को केंद्र का पूरा समर्थन मिलना चाहिए।

–**बाल गोविंद,** नोएडा

### मलाला का आह्वान

**तालिबानी हिंसा** की शिकार रही मलाला यूसुफजई की जान पश्चिमी देशों के प्रयास से बच गयी थी। आज भी वे लैंगिक असमानता एवं भेदभाव के खिलाफ जम कर बोलतीं हैं। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई ने दुनिया को लगभग दो साल पहले अफगानिस्तान में तालिबान द्वारा महिलाओं और लड़कियों पर थोपे लैंगिक रंगभेद को पहचानने व उसका मुकाबला करने की आवश्यकता बताई है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान में काले दिनों को समाप्त करने के लिए सामूहिक और तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया। यूसुफजई को पाकिस्तान में लड़कियों की शिक्षा हेतु संघर्ष के लिए 17 साल की उम्र में 2014 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे सबसे कम आयु वाली नोबेल पुरस्कार विजेता हैं। मलाला यूसुफजई ने पाकिस्तान सरकार द्वारा जबरन अपने देश में शरण लिए अफगानियों को निकालने की भी आलोचना की है। इससे उनका जीवन संकट में पड़ जाएगा तथा महिलाओं व बच्चियों को अमानवीय उत्पीड़न का शिकार होना पड़ेगा।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य शंखनाद

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शंखनाद की ध्वनि के बीच कुरुक्षेत्र में सरस और शिल्प मेले के उद्घाटन किया। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। इस सरस और शिल्प मेले के शुभारंभ के साथ ही प्रदेश के 24 राज्यों से आए कलाकारों और शिल्पकारों की खुशी का ठिकाना न रहा। इन कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति की छटा बिखेर कर उदघाटन समारोह को यादगार बनाने के साथ-साथ चार चांद लगाने का काम किया। इस सरस और शिल्प मेले के साथ राज्यपाल ने मंत्रोच्चारण के बीच महोत्सव के मीडिया सेंटर का भी उदघाटन किया।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने वीरवार को ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में दीपशिखा प्रज्वलित करके परंपरा अनुसार सरस और शिल्प मेले का शुभारंभ किया और श्रीमद भगवद गीता की प्रति पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा को व्यक्त किया। इसके बाद राज्यपाल ने ब्रह्मसरोवर के तट पर शिल्प और सरस मेले का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने




सरस और शिल्प मेले का अवलोकन करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

ढोल-नंगाड़ा पार्टी, करतब दिखा रहे कलाकार, नृत्य कर रहे कलाकार और बीन पार्टी से बातचीत की। इसके अलावा देश के विभिन्न राज्यों से आए शिल्प कला को देख कर शिल्पकारों के साथ अपने मन की भावनाओं को भी सांझा किया। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए ऐतिहासिक अवसर है। इस शिल्प और सरस मेले की सुंदर और भव्य शुरुआत शिल्पकारों के लिए सार्थक होगी। इस ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर दूर-दराज से आने वाले लाखों पर्यटकों के लिए एक मंच पर 24 राज्यों के 250 से ज्यादा शिल्पकारों और सरस मेले में पहुंचे सेल्फ हेल्प ग्रुप के सदस्यों की कला देखने को मिलेगी। यह दृश्य पर्यटकों के लिए अदभुत और अनोखा होगा। इस मेले के लिए केडीबी और प्रशासनिक अधिकारी बधाई के पात्र है, सभी के सांझे प्रयासों से इस मेले का परंपरा अनुसार आगाज हुआ है।

उन्होंने कहा कि गीता महोत्सव 2023 का आयोजन 7 से 24 दिसंबर तक किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम पहली बार 8 दिवसीय होंगे और यह कार्यक्रम 17 से 24 दिसंबर तक चलेंगे। इस महोत्सव में संत सम्मेलन, दीपोत्सव, गीता सेमिनार, वैश्विक गीता पाठ मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इन कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेंगी और प्राचीन संस्कृति से आत्मसात होने का अनोखा अवसर भी मिलेगा। विधायक सुभाष सुधा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से छोटे से महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। अब यह महोत्सव आमजन का महोत्सव बन चुका है। इस महोत्सव में लाखों लोग पहुंचते है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए तीर्थ यात्रियों के लिए प्रशासन की तरफ से पुख्ता इंतजाम किए गए है।

### गीता का संदेश जितना पहले उपयोगी था उतना ही आज भी कारगर

**राज्यपाल** बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के शुभारंभ का ऐतिहासिक अवसर है। हजारों साल पहले कुरुक्षेत्र की भूमि पर भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। यह गीता ज्ञान उस वक्त जितना उपयोगी था, आज भी उतना ही उपयोगी है। कुरुक्षेत्र भी उस वक्त जितना उपयोगी था, आज भी उतना ही उपयोगी है। गीता का यह संदेश युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि गीता महोत्सव न केवल कुरुक्षेत्र की भूमि पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मनाया जा रहा है। आज विधिवत रूप से सरस मेले के उद्घाटन के साथ इस का शुभारंभ हुआ है।

### देश और विदेशों से पहुंचेंगे लोग

**राज्यपाल** ने कहा कि देश और विदेश से लोग अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहुंचेंगे। इस बार भी लाखों की संख्या में लोग पहुंचेंगे। इसके साथ-साथ विभिन्न प्रांतों से कलाकार, शिल्पकार, कारीगर व सामान बेचने वाले स्वयं सहायता समूह महोत्सव में पहुंचे हैं। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है और लोगों को हमारी संस्कृति जानने का अवसर भी मिलता है।



महोत्सव में दीप प्रज्ज्वलित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

इस अवसर पर अंबाला मंडल आयुक्त रेणु फुलिया, उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया, एडीसी एवं केडीबी सीईओ अखिल पिलानी, केडीबी मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, अशोक रोसा मौजूद रहे।

## सौ आम क्लीनिकों का जल्द किया जाएगा लोकार्पण :मान

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश में 100 और आम आदमी क्लीनिक का लोकार्पण शीघ्र किया जाएगा। यहां स्वास्थ्य एवं परिवार भलाई विभाग के कामकाज का जायज़ा लेते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य में प्राइमरी स्वास्थ्य सुविधा का कायाकल्प करने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक 664 आम आदमी क्लीनिक का लोकार्पण किया हैं। जहाँ 84 ज़रूरी दवाएं और 40 से अधिक टैस्टों की सुविधा मुफ़्त मुहैया करवाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी क्लीनिक राज्य में स्वास्थ्य ढांचे को मज़बूत करने में वरदान साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन क्लीनिकों का अब तक 80 लाख से अधिक लोगों ने लाभ लिया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन क्लीनिकों ने स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किया है जिससे आम आदमी को बहुत लाभ हुआ है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य में नए मैडिकल कालेजों को चालू करने की प्रक्रिया में तेज़ी लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आज़ादी के 75 सालों बाद राज्य में सिर्फ तीन मैडिकल कालेज खुले हैं। भगवंत मान ने कहा कि अब आगामी एक साल में राज्य में पांच और मैडिकल कालेज खोले जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने उम्मीद ज़ाहिर की कि आने वाले सालों में एक-एक मैडिकल कालेज राज्य के हरेक जिले में खुलेगा और यह यकीनी बनाया जायेगा कि आम आदमी इसका लाभ उठा सके। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इससे राज्य के विद्यार्थियों को मानक इलाज और डाक्टरी शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब को देश में मैडिकल शिक्षा का केंद्र बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कहा कि लोगों को हर तरह से मानक स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाना यकीनी बनाया जाये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र राज्य सरकार का प्रमुख क्षेत्र है और इस नेक कार्य के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जायेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास और लोगों की कल्याण के लिए वचनबद्ध है।

## महोत्सव के दौरान पर्यटकों को विशेष बसों में मिलेंगी 50 फीसदी की छूट

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि वीरवार से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ हो चुका है, इस महोत्सव में दूर-दूर से पर्यटक और श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इनकी सुविधा को देखते हुए, जिला प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के लिए पिपली से ज्योतिसर और ज्योतिसर से पिपली तक के लिए 2 बसे विशेष तौर पर चलाई गई है ताकि किसी को कोई समस्या न आए।

विधायक सुभाष सुधा वीरवार को नए बस स्टैंड पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के लिए विशेष तौर पर चलाई गई 2 बसों को झंडी देने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह 2 बसे पूरा दिन चलेंगी और इन बसों में यात्रियों को विशेष कूपन भी दिए जाएंगे। इन कूपन को देने से यात्री का इन बसों में महोत्सव को देखते हुए आधा किराया लगेगा। यह दोनों बसे प्रातः 8 बजे चलेंगी, एक बस पिपली से ज्योतिसर और दूसरी बस ज्योतिसर से पिपली चलेंगी। उन्होंने कहा कि अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव में अगर जरुरत पड़ी, तो और बसे भी चलाई जाएंगी। गीता महोत्सव 24 दिसंबर तक चलेगा और 17 दिसंबर को भारत के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों के शिल्पकार और कलाकार शिरकत कर रहे है। महोत्सव में पर्यटकों की सुविधा के लिए ई-रिक्शा भी चलाई जा रही हैं। इस अवसर पर जीएम रोडवेज सुखदेव सिंह, वर्क मैनेजर समिंद्र सिंह, केडीबी के पूर्व सदस्य सौरभ चौधरी, एआईपीआरओ बलराम शर्मा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### गीता का ज्ञान सभी दुर्गुण दूर कर सकता है: मिश्र

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद् भगवद गीता वह ज्ञान है जिसे अर्जित कर नास्तिक भी कर्म के पथ पर बिना किसी बाधा के चल पड़ता है। गीता के ज्ञान से पापी एवं लोभी भी हर प्रकार की बुराई छोड़कर अच्छे कर्मों का हाथ थाम लेते हैं। किन्तु हमें यह ध्यान रखना होगा कि इन सभी सद्गुणों को अर्जित करने के लिए गीता के ज्ञान को अपने मस्तिक एवं हृदय में समाहित करना होगा। गीता के हर भाव से अपने कर्मों को परिचित कराना होगा जिसका आरम्भ यदि बाल्यावस्था से हो, तब वह और भी लाभदायक माना जाता है।

यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने अंतरराष्ट्रीय श्रीमद् भगवद गीता जयंती समारोह के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित 18 दिवसीय कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर निवेदिता पब्लिक स्कूल में आयोजित व्यक्तित्व निर्माण पर आयोजित कार्यक्रम में कही।

## सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बॉक्सरों ने जीते चार पदक



विजेता खिलाड़ी अपने मेडल दिखाते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**शिलॉंग** मेघालय में 7जी एलिट मेन्स नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के बॉक्सरों ने 4 पदक जीतकर अपनी एकेडमी का नाम रोशन किया।

कोच रोहतास कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 450 बॉक्सरों ने हिस्सा लिया। इसमे लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के विभिन्न राज्य व बोर्ड से 17 बॉक्सरों ने भाग लिया। जिसमें 48 किलो भार वर्ग में आशीष दहिया ने कांस्य पदक, 48 किलो भार वर्ग में हनी ओल्हान ने कांस्य पदक, 51 किलो भार वर्ग में अंकित शर्मा ने कांस्य पदक व 63.5 किलो भार वर्ग में वंशज चौहान ने रजत पदक जीता। कोच रोहतास कुमार ने पदक जीतने वाले सभी बॉक्सरों के खेल प्रदर्शन की तारीफ़ की। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आभा गोयल ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनको भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### रोटरी क्लब ने लगाया मधुमेह जांच शिविर, 115 लोगों की हुई जांच

**शाहाबाद।** रोटरी क्लब ने सिद्धार्थ अस्पताल में निःशुल्क ब्लड शुगर जांच शिविर लगाया, जिसमें 115 लोगों के शुगर लेवल की जांच की गई। शिविर की शुरुआत रोटरी क्लब के प्रधान आशुतोष गर्ग ने की।

डॉ. दीपक शर्मा ने प्रोजेक्ट चेयरमैन रहे। उन्होंने लोगों को ब्लड शुगर से होने वाले शारीरिक बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि ब्लड शुगर होने से मरीज अपने आप को थका सा महसूस करता है और उन्हें बार-बार पेशाब भी आता है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी में मरीज को अपने खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए और शुगर के मरीज को निरंतर चिकित्सिय परामर्श लेते रहना चाहिए। जब शरीर में इंसुलिन बनना बंद अथवा कम हो जाता है, तब शरीर में शुगर की मात्रा बढ़ने लगती है। कई मामलों में रोगी को इंसुलिन के इंजेक्शन भी लगाने पड़ते हैं।

## मुख्यमंत्री खट्टर ने प्रदेश में बदली व्यवस्था, गरीब व वंचितों को दिलाया उनका हक: आत्रेय

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश में गत 9 वर्ष के दौरान व्यवस्था परिवर्तन किया गया है। लोगों को तकनीक का प्रयोग कर पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई है। सरकार द्वारा पात्र गरीब व वंचित व्यक्तियों को उनका हक दिलवाया जा रहा है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध सरकार द्वारा जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। घर द्वार पर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। भाजपा सत्ता को सेवा का माध्यम बनाती है तथा इसे साबित भी करती है।

मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय गुरुवार को कैनाल रेस्ट हाउस में मीडिया कर्मियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सत्ता संभालते ही प्रदेश में जारी भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद व भ्रष्टाचार पर प्रहार किया। सरकारी नौकरियों पर्ची-खर्ची को खत्म किया तथा युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी जा रही है। अब तक प्रदेश में एक लाख 20 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी प्रदान की गई है तथा सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने तक लगभग एक लाख 60 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां प्राप्त होगी, जबकि कांग्रेस के 10 वर्ष के शासनकाल के दौरान 86 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई थी। सरकार द्वारा निजी क्षेत्र में 12 लाख 60 हजार युवाओं को भी रोजगार उपलब्ध करवाया गया है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान कर लगभग 47 लाख युवाओं को रोजगार प्रदान किया है।

प्रवीण आत्रेय ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा द्वारा अब तक 11 हजार करोड़ रुपये की राशि मुआवजे के रूप में दी गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बीमित किसानों को 7600 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के शासनकाल के दौरान किसानों को केवल 1128 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया था।

मीडिया सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में पारदर्शिता लाते हुए लाभपात्रों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया है। डीबीटी लागू होने के बाद लगभग 1100 करोड़ रुपये की बचत हुई है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 2 लाख 96 हजार रुपये हो गई है। बजट का लगभग एक तिहाई हिस्सा प्रदेश के विकास पर खर्च किया जा रहा है तथा वर्तमान में हरियाणा का बजट पंजाब से ज्यादा है। प्रवीण आत्रेय ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दिल में मीडिया कर्मियों के प्रति विशेष स्थान है। मीडिया कर्मी लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो सरकार व जनता के बीच ब्रिज का काम करते है। सरकार द्वारा मीडिया कर्मियों की पेंशन शुरू की गई तथा पेंशन में बढ़ोतरी भी की गई। इसके अलावा मीडिया कर्मियों को और ज्यादा सुविधाएं प्रदान करने के निरंतर प्रयास जारी है। सरकार द्वारा भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा सम्पूर्ण देश में निकाली जा रही है।

## किडजी व किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में मनाया सशस्त्र सेना झंडा दिवस

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**किडजी,** किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर-3 में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। इस दौरान कप्तान गुरमेल सिंह, कप्तान अशोक, सूबेदार रविंद्र कौशिक, वायु सेना से पवन सैनी तथा अग्नि सुरक्षा निदेशक कप्तान गुरमेल सिंह मौजूद रहे।



कप्तान गुरमेल सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि यह दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण के लिए तथा भारतीय सेवा के जवानों को आभार व्यक्त करते हुए उनके लिए धनराशि एकत्रित करना है। सूबेदार रविंद्र कौशिक ने बताया कि यह दिवस सर्वप्रथम 7 दिसंबर, 1949 को मनाया गया था। विद्यालय, स्टाफ विद्यार्थियों तथा विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी सशस्त्र सेवा झंडा दिवस के अवसर पर अंशदान किया। विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि देश के सुरक्षा बल एवं सेना के जवान चौबीस घंटे सीमा पर रह कर देश को भीतरी सुरक्षा उपलब्ध करवाते हैं, जिसकी बदौलत हर देशवासी चैन की नींद सोता है।

बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर विद्यार्थियों ने जो धन राशि दी है, उसको सैनिक भलाई दफ्तर में जमा करवाया जाएगा, ताकि उस राशि से शहीद परिवारों की सहायता संभव हो सके।

## बाल वैज्ञानिकों ने दिए रचनात्मक विचार

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**हरियाणा** विज्ञान मंच सोनीपत द्वारा एनसीईआरटी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया। इसमें इस वर्ष के मुख्य विषय स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए पारितंत्र विषय पर बाल वैज्ञानिकों ने अपने प्रोजेक्ट की प्रस्तुति दी। उन्होंने अपने प्रोजेक्ट के माध्यम से उनके आसपास पारितंत्र से जुड़ी समस्याओं को लेकर उनका समाधान सुझाया।

इनमें मुख्य रूप से घरेलू सूक्ष्म पारितंत्र का निर्माण, खानपान पर बाजार का प्रभाव, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस द्वारा स्वास्थ्य एवं सब्जियों की मानीटरिंग, गौरैया को बचाने के



अपने प्रोजेक्ट दिखाते बाल वैज्ञानिक।

उपायों आदि पर प्रोजेक्ट रहे। मुख्य अतिथि जिला उपशिक्षा अधिकारी जितेंद्र छिक्कारा ने बाल वैज्ञानिकों के कार्य को समाज एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया कि किस प्रकार छोटे आइडिया एक बड़ी समस्या का हल देते हैं और यही लोकल आइडिया वोकल व फिर ग्लोबल बनते हैं। कार्यक्रम में जिले की 22 टीमों ने भाग लिया। जिनमें से छह टीमों का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ। शहरी वरिष्ठ में जिया डीएवी मल्टीपरपज स्कूल, सोनल आर्य वरिष्ठ माधि., शहरी कनिष्ठ में मिहील जिंदल ब्राइट स्कोलर वमावि., विराज डीएवी मल्टीपरपज ग्रामीण में शोर्या व राखी रामा संस्कृति वरिष्ठ मावि. नाहरी का चयन हुआ। अभिलाषा, डॉ नीना, रेखा कौशिक ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर बीडीओ सुजाता खत्री, प्राचार्य संजीव दहिया, संयोजक कृष्ण मलिक, सतबीर धनखड़, कृष्ण वत्स आदि उपस्थित रहे।

## दिव्यांग करियर पोर्टल का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** विकलांगता दिवस के अवसर पर डॉ. एस.पी. मोहंती, हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड भारत सरकार के प्रबंध निदेशक, ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता डॉ. योगेश दुबे द्वारा दिव्यांगों के लिए निर्मित दिव्यांग करियर पोर्टल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. एस.पी. मोहंती ने कहा कि यह एक अद्वितीय परियोजना है जिसे एचयूआरएल ने समर्थन दिया है।

डॉ. मोहंती ने दिव्यांगता पर व्यापक रूप से बातचीत की और कहा कि देश में एक परिवर्तन हो रहा है और अब दिव्यांग सभी क्षेत्रों में उच्च पदों को पा रहे हैं। डॉ. मोहंती ने इस दिव्यांग करियर पोर्टल को बनाने के लिए डॉ. योगेश दुबे को बधाई दी और कहा कि इस नवाचारी पोर्टल के साथ देश के दिव्यांग सशक्त होंगे और देश के दिव्यांग सशक्त होकर प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुसार आत्मनिर्भर होंगे।

भारतीय विकास संस्थान के अध्यक्ष डॉ. योगेश दुबे ने कहा कि यह हमारे देश के दिव्यांगों के लिए पहला अग्रणी पोर्टल है जो रिक्त सरकारी नौकरियों पर ध्यान केंद्रित करेगा। साथ ही यह पोर्टल दृष्टिबाधित लोगों को स्क्रीन रीडर जैसी सहायक तकनीकों का उपयोग करके वेबसाइट तक पहुंचने में सक्षम बनाता है। यह पोर्टल पूरे भारत में सरकारी रिक्तियों के बारे में वास्तविक समय में जानकारी प्रदान करता है। यह प्लेटफार्म उन विभिन्न नौकरियों के अपडेट की जांच करने के लिए एक अनुकूलित डैशबोर्ड भी प्रदान करता है जिनके लिए उन्होंने आवेदन किया है। नियोक्ता इस पोर्टल का उपयोग करके खाते भी बना सकते हैं, नौकरियां पोस्ट कर सकते हैं, प्रगति की निगरानी कर सकते हैं और एक कुशल दिव्यांग कार्यबल का चयन कर सकते हैं।

### सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने हवन यज्ञ का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने विश्व शांति के लिए ब्रह्मसरोवर परिसर के अंदर स्टॉल नंबर 749 पर हवन यज्ञ का आयोजन किया। इस मौके पर केडीबी सदस्य एमके मौदगिल, समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, संरक्षक नरेश सैनी, तरुण वधवा, कर्मवीर सैनी, टोनी रोहिल्ला, पुनीत सेतिया, नरेश कुमार, दर्शन लाल, कन्नुप्रिया, प्रविता सैनी, पूनम कोहली, ऋषिपाल मथाना ने यज्ञ में आहुति डाली।

पुजारी पंडित सौरभ ने हवन यज्ञ की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि हवन यज्ञ का आध्यात्मिक ही नहीं, वैज्ञानिक महत्व भी है। यज्ञ के द्वारा जो शक्तिशाली तत्व वायुमंडल में फैलाए जाते हैं, उनसे हवा में घूमते हुए असंख्य रोग-कीटाणु सहज ही नष्ट हो जाते हैं। साधारण रोगों एवं महामारी से बचने का यज्ञ एक सामूहिक उपाय है।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता में श्रीकृष्ण आयुष विवि की टीम रही द्वितीय

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**फैकल्टी** आफ इंडियन मेडिकल सिस्टम और गुरुग्राम एसजीटी विश्वविद्यालय के खेल निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में फिट इंडिया अभियान के तहत आयोजित क्रीड़ा उत्सव की वॉलीबाल प्रतियोगिता में श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। गुरुवार को टीम के आयुष विवि पहुंचने पर कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान ने विजेता टीम को बधाई दी और खिलाड़ियों को भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता के तहत खेल नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं। खेलों से जहां व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप बलवान बनता है वहीं खेल खेलने से कौशल का भी विकास होता है। इसलिए युवाओं के साथ-साथ हर आयु वर्ग के व्यक्ति को अपनी दिनचर्या खेलों को जरूर शामिल करना चाहिए। जिससे आदमी बहुत कम बीमार पड़ता है। यूथ वेलफेयर के निदेशक डॉ. रवि राज ने बताया कि एसजीटी विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय क्रीड़ा उत्सव में आयुष विवि की वॉलीबॉल टीम ने भाग लिया था। वॉलीबॉल टीम में निखिल शर्मा, गौरव भाटिया, शिवेक राठी, लक्ष्य बागड़ी, अमित कुमार, रणधीर, सुनील कुमार और भारत नेहरा खिलाड़ी रहे। डॉ. आशीष नांदल और डॉ. सुनिल गोदारा ने टीम के मार्गदर्शक की भूमिका निभाई।

## नैनग्रो ने क्ले सेंटर ऑफ चाइल्ड डेवलपमेंट एंड केयर के साथ साझेदारी की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नेस्ले** नैनग्रो ने प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी क्ले के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। पैरेंट्स के साथ हर साल जुड़ाव बनाने वाले, क्ले ने बाल दिवस के मौके पर देश भर में 20 से ज्यादा सेंटर्स पर क्ले कार्निवल का आयोजन किया। नैनग्रो, ऑल ग्रोथ, ऑल पॉसिबिलिटीज, ने क्ले के साथ उनके गुड़गांव सेंटर में साझेदारी की है। इसका मकसद बातचीत को बढ़ावा देने वाले गेम्स के जरिये लोगों से जुड़ाव बनाना था। ग्रोथ थीम पर आधारित इन गेम्स में पोषण के महत्व के बारे में जानने का मौका मिला।

नेस्ले इंडिया में न्यूट्रिशन बिजनेस के निदेशक विनीत सिंह ने इस साझेदारी के बारे में कहा, हम क्ले सेंटर ऑफ चाइल्ड डेवलपमेंट एंड केयर के साथ साझेदारी करके

> यह साझेदारी बच्चों के संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सकारात्मक रूप से योगदान देने में सक्षम होगी

बेहद उत्साहित हैं। हम नन्हे-मुन्नों के संपूर्ण विकास और उनके सीखने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के समान उद्देश्य को पूरा करने के लिए एकजुट हुए हैं। हमारा विश्वास है कि हमारी साझेदारी बच्चों को संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सकारात्मक रूप से योगदान देने में सक्षम होगी। बाल दिवस पर क्ले कार्निवाल में हमारी टीम की ओर से की गई गतिविधियां आयोजित की गई और यह इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक प्रयास है

क्ले सेंटर ऑफ चाइल्ड डेवलपमेंट एंड केयर में फाउंडिंग ईयर्स लर्निंग सोल्यूशंस के सीईओ श्री एके श्रीकांत ने भी इस साझेदारी के बारे में कहा, क्ले में हमें बचपन में बच्चों को सीखने का आदर्श माहौल देने का जुनून है। नेस्ले नैनग्रो के साथ हमारा सहयोग एक यादगार अवसर है। हम बच्चों को प्रारंभिक अवस्था में सीखने का मौका देने के लिए, अपनी विशेषज्ञता लेकर आयेंगे। इसके साथ ही नेस्ले भी नन्हे-मुन्नों को सीखने का मौका देने और उनके संपूर्ण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हम नेस्ले नैनग्रो के साथ इस सफर को साथ-साथ जारी रखने के लिए काफी उत्साहित हैं। हम नेस्ले नैनग्रो के हाथ से हाथ मिला इस सफर पर आगे बढ़ने के लिए उत्साहित हैं, हम एक ऐसा माहौल बनाना चाहते हैं जहां हर बच्चा विकसित हो, उसे सीखने और वृद्धि करने के पूरे अवसर मिलें।

# हरियाणा विधानसभा में गूंजेगा अनिल विज-सीएमओ विवाद

## पूर्व सीएम हुड्डा बोले, इस लड़ाई का जनता को हो रहा नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के 15 दिसंबर को होने वाले विधानसभा सत्र में अनिल विज और मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) का मुद्दा गूंजेगा। इसके लिए कांग्रेस पार्टी की ओर से विशेष रणनीति बनाई गई है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के बीच में चल रही खींचतान पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। पहले से ही प्रदेश का स्वास्थ्य तंत्र व कानून व्यवस्था चरमराई हुई है। सरकार के भीतर खींचतान की वजह से यह और बिगड़ रही है। कांग्रेस इस मुद्दे को विधानसभा में जरूर उठेगी।



पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हमला करते हुए कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम युवाओं के शोषण और भ्रष्टाचार का अड्डा है। कौशल रोजगार के अंतर्गत लगे हुए कर्मचारियों ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मिल इस निगम में खामियों को लेकर ज्ञापन सौंपा। हुड्डा ने कहा कि इसमें सवैंधानिक नियम अनुसार न धरातल पर आरक्षण का प्रावधान है और न ही मैरिट है न ही योग्यता, और पारदर्शिता का तो मतलब ही नहीं है। पूर्व सीएम और नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने जननायक जनता पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि जजपा की चाबी राजस्थान में टूट चुकी है, इसी तरह का हाल आम आदमी पार्टी का भी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह का हश्र हुआ था, उसी तरह का परिणाम आने वाले वक्त में भी आम आदमी पार्टी का होगा। नेता विपक्ष ने कहा कि हरियाणा से सटे राजस्थान के जिलों में लोगों ने कांग्रेस को जमकर वोट दिया है, बात बारजीत की नहीं है, प्रजातंत्र में जनता ही सर्वेसर्वा है।

### स्कूली बच्चों से सरकार करा रही प्रचार

**पूर्व** सीएम ने चंडीगढ़ में पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि हरियाणा में थोथे प्रचार, झूठे समाचार और बेलगाम भ्रष्टाचार वाली सरकार चल रही है। थोथे प्रचार के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिसका ताजा उदाहरण विकसित भारत संकल्प यात्रा है। अपने राजनीतिक एजेंडा के लिए बीजेपी-जेजेपी स्कूली बच्चों और सरकारी कर्मचारियों का इस्तेमाल कर रही है। अध्यापकों समेत अलग-अलग विभागों के कर्मचारियों को उनका काम छुड़वाकर राजनीतिक प्रचार में झोंक दिया गया है। जबकि प्रदेश सरकार के पास गिनवाने के लिए एक भी उपलब्धि नहीं है।

### हरियाणा में सुरक्षित नहीं हैं बेटियां

हुड्डा ने एनसीआरबी द्वारा जारी 2022 के ताजा आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि बीजेपी-जेजेपी राज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। सिर्फ एक साल के भीतर महिलाओं के विरुद्ध अपराध के 16,743 मामले यानी रोज 46 मामले सामने आए हैं। एक साल में बलात्कार के 1,787 केस यानी रोज 5 बेटियों की अस्मत लूटने के मामले सामने आए। 2022 में ही प्रदेश से 2640 बच्चे लापता हो गए, जिनमें 1124 लड़के और 1516 लड़कियां हैं।

जींद के बाद अब कैथल जिले में बच्चियों के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया। कांग्रेस ने ऐसे तमाम मामलों की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग उठाई है। साथ ही सुझाव दिया है कि स्कूलों में कंप्लेन बॉक्स होना चाहिए, जिसमें कोई भी अपनी शिकायत लिखकर डाल सके।

## शिक्षामंत्री का घेराव करेंगे अतिथि अध्यापक: गुरू दत्त

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

राजकीय अतिथि अध्यापक मंच के जिला प्रधान गरुदत्त शास्त्री ने बताया कि सरकार द्वारा गैस्ट टीचर की लगातार अनदेखी के कारण 9 दिसम्बर को प्रदेशभर के गैस्ट टीचर यमुनानगर में शिक्षामंत्री का घेराव करेगा और 2014 के घोषणा-पत्र के अनुरूप सभी गैस्ट टीचर को नियमित करने के वादे की याद दिलाएगा।

विदित हो कि 9 सितंबर से करनाल के लघु सचिवालय के समक्ष जिलानुसार 5-5 गैस्ट टीचर पिछले 89 दिनों से लगातर क्रमिक अनशन पर बैठे हैं, लेकिन हरियाणा सरकार ने अभी तक अनशनकारियों की सुध नहीं ली है। जिस कारण प्रदेशभर के अध्यापकों में हरियाणा सरकार के खिलाफ बहुत ही आक्रोश है। अध्यापकों ने अब सरकार से टकराव का रास्ता चुना है। अब प्रदेश का एक-एक गेस्ट टीचर शिक्षामंत्री का घेराव करेगा और अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे। इसी क्रम में कुरुक्षेत्र का गैस्ट टीचर भारी संख्या में बसों और निजी वाहनों से यमुनानगर पहुंच रहा है। समय रहते सरकार को चाहिए कि आगामी शीतकालीन विधानसभा सत्र के दौरान बिल में संशोधन कर गेस्ट टीचर को विभाग में मर्ज करे और नियमित अध्यापकों के समानांतर सभी सुविधाएं प्रदान की जाएं।

## विकास कार्यों के लेकर गढ़ी सांपला किलोई के भाजपा संगठन ने की सीएम से मुलाकात

### मुख्यमंत्री ने समस्या हल करवाने का दिया आश्वासन

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**गढ़ी** सांपला किलोई हलके के चारों भाजपा मंडल अध्यक्षों ने जिलाध्यक्ष रणबीर ढ़ाका की अगुवाई में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से उनके निवास स्थान संत कबीर कुटी पर मुलाकात कर उनको तीन राज्यों में भाजपा की जीत की बधाई दी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भाजपा की जीत पर खुशी प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा की जीत में सबसे बड़ा योगदान उनके कार्यकर्ताओं का है। मुख्यमंत्री ने चारों मंडल अध्यक्षों से उनके मंडल में हो रहे विकास कार्यो के बारे में जानकारी लेकर सरकार की योजनाओं को समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही। मुख्यमंत्री से मिले मंडल अध्यक्षों ने अपने अपने मंडलों में विकास कार्यों के बारे में बताया और अपने अपने मंडल की समस्याएं रखी।



मुख्यमंत्री निवास पर मंडल अध्यक्षों के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

मुख्यमंत्री से मिले मंडल अध्यक्षों ने हलके में पीने के पानी की समस्या को रखते हुए उनसे आग्रह किया है कि हलके के सभी गांवों में पानी स्टोरेज के लिए तालाब तो बने हुए है लेकिन उन सभी तालाबों में नहर से आने वाला पानी महज एक सप्ताह ही आता है और नहर के टूटने आदि की स्थिती में गांव की आबादी के हिसाब से एक सप्ताह में पूरे पानी की स्टोरेज नही हो पाती। भूमिगत जल की गुणवता पानी लायक न होने से ग्रामीणों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने इस बारे में तुरंत अधिकारियों से बात की तो अधिकारियों ने बताया कि सांपला के दो दर्जन गांवों के लिए जसराना माईनर और जेएलएन से स्पेशल पाईप लाईन के माध्यम से पानी देने का काम शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा।

ऐसे ही जसिया और किलोई के नजदीकी गांवों के लिए बुस्टर पंप के माध्यम से पानी देने के लिए पाइप लाइन का भौगोलिक सर्वे पूरा किया जा चुका है जिसका काम जल्द शुरू होने वाला है। जिलाध्यक्ष रणबीर ढ़ाका ने हलके के सभी गांवों में चल रहे विकास कार्यों और हलके में चलाये जा रहे संगठन के कार्यों के बारे में मुख्यमंत्री के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर राजस्थान चुनाव की जीत में जिले के मंडल अध्यक्षों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार संगठन के आदमी वोट मांगते समय जनता से व्यवहार करते है उसी तरह चुनाव जीतने के बाद भी आम जनता के दुख दर्द में शामिल होते हुए उनको सरकार की कल्याण कारी योजनाओं का लाभ पहुंचाये। इस अवसर पर रोहतक भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढ़ाका, जिला प्रभारी अरविंद यादव, सांपला मंडल अध्यक्ष जितेंद्र ठेकेदार, किलोई मंडल अध्यक्ष रवि हुड्डा,जसिया मंडल अध्यक्ष सतीश मुदगिल, सांघी मंडल अध्यक्ष सोनू दलाल आदि उपस्थित रहे।

## हरियाणा में गोगामेड़ी हत्याकांड के विरोध में आंदोलन शुरू

### कुंडली के पृथ्वीराज चौक पर किया प्रदर्शन

### करनाल में उपायुक्त को दिया जाएगा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** में श्री राजपूत करणी सेना प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के विरोध में गुरुवार को आंदोलन शुरू हो गया। सोनीपत जिले के कुंडली में गुरुवार को पृथ्वीराज चौहान चौक पर करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने दोनों आरोपियों का पुतला जलाया। करणी सेना के प्रदेश संगठन महामंत्री दीपक चौहान ने बताया कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की दो आरोपियों ने गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। जिससे लोगों में आक्रोश है।

राजस्थान पुलिस की ओर से दोनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। दोनों आरोपियों को कड़ी सजा देने व देश में आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री व गृह मंत्री के नाम शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। दीपक चौहान ने कहा कि अगर जल्द आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न हुई तो करणी सेना की ओर से हरियाणा में भी बंद का एलान किया जाएगा।

करणी सेना गोसेवा दल के जिला संयोजक सिद्धार्थ ने बताया कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी गोरक्षा की आवाज उठाते थे। वह गरीब और पीड़ित लोगों की मदद किया करते थे। उधर करनाल में शनिवार को राजपूत धर्मशाला में राजपूत सभा की बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों को कानून के जरिए फांसी के तख्ते तक पहुंचाने की रणनीति पर विचार किया जाएगा।इसके बाद उपायुक्त को मुख्यमंत्री और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा।राजपूत सभा ने गोगामेड़ी की हत्या की साजिश का पर्दाफाश करने के लिए हाईकोर्ट जज से जांच कराने और हत्यारो को कानून के जरिए फांसी के तख्ते तक पहुंचाने की मांग की जा रही है।

## 2024 चुनाव में 97 प्रतिशत महिलाएं करेंगी भाजपा पक्ष में मतदान: परमजीत कौर

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा

**पीडब्ल्यूडी** विश्राम ग्रहण में जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा परमजीत कौर कश्यप की अध्यक्षता में महिला मोर्चे के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रेखा वाल्मीकि और जिला महामंत्री राजदीप कौर बाजवा भी मुख्य रूप से उपस्थित रही।

बैठक का मुख्य उद्देश्य 2024 लोकसभा और विधानसभा चुनाव हेतु महिला कार्यकर्ताओं में जोश भरना था। परमजीत कौर ने अपने संबोधन में कहा कि इतिहास में दर्ज है कि महिलाएं जिसके साथ, सत्ता उसके हाथ में होती है और मोदी राज में हमेशा महिलाओं को आदर सम्मान मिला है। दवा किया कि 2024 लोकसभा और विधानसभा चुनाव में



नवनियुक्त नलवी महिला मंडल टीम को बधाई देतीं जिला अध्यक्ष व अन्य।

प्रदेश की 97 प्रतिशत महिलाएं भाजपा पक्ष में मतदान करेंगी और बहुमत वाली सरकार बनाने में महिलाओं का अहम योगदान होगा। बैठक में नलवी मंडल की कार्यकारिणी भी चुनी गई, जिसमें सरोज रानी को भाजपा नलवी महिला मंडल अध्यक्ष बनाया गया और कविता, नेहा, जसविंदर कौर और सपना को मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में माया देवी और ममता को महामंत्री और नीलम एवं पूजा को मंत्री पद दिया गया। आरती को मीडिया प्रभारी नलवी मंडल बनाया गया। मोर्चा की प्रदेश सचिव रेखा वाल्मीकि और जिला महामंत्री राजदीप कौर बाजवा ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी। इस मौके कविता, नेहा, रजनी, पूजा, संगीता, सनेहा शर्मा, माया देवी, उषा देवी, शीला, जसविंदर कौर सहित अनेक महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## संतों के दर्शन से हमारे जीवन का कल्याण होता है: जैन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**नव** निर्मित भव्य लघु सम्मेद शिखर जी एवं पार्श्वनाथ मंदिर का पांच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आगामी 30 दिसंबर से 4 जनवरी तक एजुकेशन सिटी के पास स्थित अनेकांत धाम में धूमधाम एवं श्रद्धा से मनाया जाएगा। इसके अलावा पांच जनवरी से सात जनवरी तक महा मस्ताभिषेक का आयोजन होगा।

यह जानकारी परम् पूज्य उपाध्याय विशोक सागर महाराज ने पुराना शहर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश के बाद अपने प्रवचन में दी। विशोक सागर महाराज का बैंडबाजों से एवं जयघोष के साथ सैंकड़ो धर्मावलम्बियों ने भव्य स्वागत किया। पंचकल्याणक महोत्सव धर्मा शिरोमणि आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ससंघ एवं आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने महाराज विशोक सागर के चरणों में वंदना करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि पंचकल्याणक के माध्यम से इस एरिया में धर्म की गंगा बहेगी, इसमें हर कोई पुण्य का भागीदार बनने का प्रयास करे। उन्होंने आगे कहा कि संतों के दर्शन से हमारे जीवन का कल्याण होता है।

उन्होंने कहा कि लघु सम्मेद शिखर का निर्माण हमारे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है और आने वाले समय में सम्मेद शिखर की कीर्ति पूरे उत्तर भारत ही नहीं बल्कि देश विदेश में फैलेगी। उन्होंने आगे पंचकल्याणक महोत्सव में सभी से बढ़ चढ़ कर भाग लेने और तन, मन, धन से सहयोग की अपील की।

## श्रीमद् भागवत कथा में मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**कुरुक्षेत्र**। राजेंद्र नगर स्थित श्रीअद्वैत स्वरुप अनंत आश्रम नंगली वाली कुटिया में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में पांचवे दिन वीरवार को कथा व्यास संत वेदांत पुरी ने कहा कि जब पृथ्वी पापियों का बोझ सहन नहीं कर पा रही थी, तब सभी देवता ब्रह्मा जी व शिव के साथ क्षीर सागर में भगवान की स्तुति करने लगे। तब भगवान श्री हरि ने प्रसन्न होकर देवताओं को बताया कि मैं वासुदेव व देवकी के घर कृष्ण रूप में जन्म लूंगा और वृंदावन में मां यशोदा व नंदबाबा के घर बाल लीलाएं करूंगा। इसलिए आप सब भी उस समय धरती पर किसी ना किसी रूप में उपस्थित रहना। वेदांत पुरी ने बताया कि जब भगवान ने पृथ्वी पर श्रीकृष्णा अवतार धारण किया तब सभी देवता और स्वयं ब्रह्मा व शिव जी भी भगवान की लीलाओं के साक्षी बने थे।

## हरियाणा में सिखी के प्रचार-प्रसार को और तेज किया जाएगा : मसाना

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**शिरोमणि** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर द्वारा हरियाणा प्रदेश में सिखी के प्रचार-प्रसार की गति को और तेज किया जाएगा। इतना ही नहीं, निकट भविष्य में विभिन्न शहरों में बड़े पैमाने पर गुरमत समागम भी आयोजित किए जाएंगे।

जानकारी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जत्थेदार हरभजन सिंह मसाना ने सिख मिशन हरियाणा कुरुक्षेत्र कार्यालय में दी। इससे पहले उन्होंने सिख मिशन हरियाणा कुरुक्षेत्र के सभी प्रचारकों, ढाडियों, कविशरी जत्थों और कार्यालय स्टाफ के साथ बैठक की और सिखी के प्रचार-प्रसार के लिए हरियाणा में उनके समक्ष आ रही समस्याओं को गंभीरता पूर्वक



बैठक के बाद जानकारी देते शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज. हरभजन सिंह मसाना व अन्य।

सुन कर उनका समाधान करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी और धर्म प्रचार कमेटी के सचिव बलविंदर सिंह काहलवां के दिशा-निर्देशों के अनुसार हरियाणा प्रदेश में सिखी के प्रचार-प्रसार की गति को और तेज किया जाएगा। सिख मिशन हरियाणा कुरुक्षेत्र प्रभारी सुखविंदर सिंह ने बताया कि सभी प्रचारकों, ढाडियों, कविशरी जत्थों और कार्यालय स्टाफ के साथ गहन विचार विमर्श किया गया है। आशा है कि इसके बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में निभाएं अपनी भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा,

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत गांव शरीफगढ़ में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा सहित उपमंडल के अधिकतम अधिकारीयों ने विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल्स लगाकर ग्रामीणों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ मौके पर ही अन्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम पुलकित मल्होत्रा और भाजपा युवा नेता गौरव बेदी ने ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई। गौरव बेदी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को वरीयता देने का कार्य किया है जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से



जन संवाद यात्रा के दौरान उज्ज्वला लाभार्थियों के साथ एसडीएम व गौरव बेदी।

वंचित थे। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं, जिनके बारे में आमजन को जागरूक किया जा रहा है। बेदी ने कहा कि गांव में भाईचारा बनाए रखें और गांव के चहुंमुखी विकास में योगदान दें। यात्रा में एसडीएम पुलकित मल्होत्रा और गौरव बेदी ने मौके पर ग्रामीणों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं।

इस मौके पात्र लाभार्थियों की पेंशन बनाई गई और उज्ज्वला स्कीम के तहत लाभार्थियों को लाभ भी दिया गया। गांव शरीफगढ़ में भारी संख्या में लोगों ने एलईडी वैन के जरिए हरियाणा व राज्य सरकार की उपलब्धियों को डॉक्यूमेंट्री फिल्मों को देखा। इस फिल्मों के जरिए लोगों को सरकार की तमाम उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में ही ड्रोन प्रणाली से नैनो खाद का प्रयोग करने की प्रक्रिया को भी बारीकी से देखा। इस कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत विभिन्न विभागों के लाभार्थियों ने अपनी सफलता की कहानी के अनुभवों को भी साझा किया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों से योजनाओं की जानकारी हासिल की और योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भी दिया। इस कार्यक्रम में सूचना जनसंपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग की तरफ से राज्य सरकार की उपलब्धियों तथा केंद्र सरकार की उपलब्यिां भी सभी लोगों को वितरित की गई।

## डोम्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम बुधवार, 13 दिसंबर, 2023 को खुलेगा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / नोएडा

**डोम्स** इंडस्ट्रीज लिमिटेड ('कंपनी') ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम ('ऑफर') बुधवार, 13 दिसंबर, 2023 को खोलने का प्रस्ताव रखा है। बिड/ऑफर के बंद होने की तिथि शुक्रवार, 15 दिसंबर, 2023 होगी। एंकर निवेशक बोली की तारीख बोली/प्रस्ताव खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले, यानी मंगलवार, 12 दिसंबर, 2023 है।

ऑफर का प्राइस बैंड 750 प्रति इक्विटी शेयर से 790 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 18 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 18 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। ऑफर में 3,500.00 मिलियन तक की कुल संख्या में इक्विटी शेयरों का



एक नया इश्यू (नया निर्गम) शामिल है। साथ ही, 8,500.00 मिलियन तक इक्विटी शेयरों ('ऑफर किए गए शेयर') की बिक्री का प्रस्ताव भी शामिल है। इनमें 8,000.00 मिलियन तक के एफ आई एल ए – फैब्रिका इटालियाना लैपिस एड एफिनी एसपीए के इक्विटी शेयर, संजय मनसुखलाल राजानी द्वारा 250.00 मिलियन तक के कुल इक्विटी शेयर, और केतन मनसुखलाल राजानी द्वारा 250.00 मिलियन तक के कुल इक्विटी शेयर (सामूहिक रूप से, 'सेलिंग शेयर होल्डर्स' और सेलिंग शेयर होल्डर्स द्वारा बिक्री के लिए, 'ऑफर फॉर सेल') भी हैं। इस ऑफर में योग्य कर्मचारियों ('कर्मचारी आरक्षण भाग') द्वारा सदस्यता के लिए 50.00 मिलियन तक की संख्या में इक्विटी शेयरों का आरक्षण शामिल है। कंपनी, बुक रनिंग लीड मैनेजर्स के परामर्श से, कर्मचारी आरक्षण भाग ('कर्मचारी डिस्काउंट') के तहत बोली लगाने वाले योग्य कर्मचारियों को ऑफर मूल्य पर 75 प्रति इक्विटी शेयर के बराबर छूट की पेशकश कर सकती है।

## सेहत के लिए मोटा अनाज बेहद लाभकारी, रोज के आहार में करें शामिल

### सरकार की नीति और नियत में हैं बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं अभियान

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**जिला** के नागरिकों को मोटे अनाजों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जिला पुलिस लाइन ग्राउंड में दो दिवसीय जिला स्तरीय किसान उत्सव का आयोजन किया जा है, जिसका शुभारंभ राई से विधायक मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की श्रंख्ला में आयोजित इस मेले का आयोजन इसलिए किया जा रहा है, ताकि हमारे किसान इसमें भाग लेकर सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक हो सके। इस दौरान उन्होंने मेले में प्राकृतिक व जैविक खेती और मोटे अनाजों पर आधारित लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया।

विधायक ने कहा कि मोटा अनाज हमारी सेहत के लिए बेहद



किसान उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक बडौली।

लाभकारी है, इसलिए हमें इसे अपने हर रोज के आहार में शामिल करना चाहिए। हमें ज्यादा से ज्यादा मोटे अनाज से बने व्यंजनों को खाना चाहिए। उन्होंने किसानों को कहा कि इस मुहिम को सफल बनाने में आपकी भूमिका सबसे ज्यादा अहम है इसलिए आप मोटे अनाज की सभी फसलों का उत्पादन करें। विधायक ने कहा कि मोटे अनाज को सुपर फूड भी कहा जाता है। इसमें भरपूर मात्रा में पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इस अनाज में ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, जौ आदि अनाज शामिल हैं। भारत के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष अर्थात मोटे अनाज का वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह हमारे लिए बड़ी बात है क्योंकि विश्वभर में मोटा अनाज उगाने वाले देशों में भारत अग्रणी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत में हुए जी-20 बैठक में भी विदेशी मेहमानों को भारतीय मोटे अनाज से बने व्यंजनों को खिलाया गया और सभी मेहमानों ने इन व्यंजनों की खूब तारीफ भी।

विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए श्रीअन्न योजना भी शुरू की, जिससे हरियाणा के किसानों को बहुत अधिक फायदा होगा क्योंकि हमारे राज्य में मक्का, बाजरा, जौ की खेती बड़े स्तर पर की जाती है। इसलिए किसानों को इन फसलों के अच्छे दाम मिलेंगे, जिससे उनकी आय में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य व पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए मोटे अनाज को खाने में शामिल करना चाहिए। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार भी किसानों को मोटा अनाज उगाने के साथ-साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक कर रही है ताकि किसान प्राकृतिक खेती की और भी अपने कदम आगे बढ़ाएं और हमारी आने वाली पीढियों को स्वस्थ व पोष्टिक भोजन अधिक मात्रा में उपलब्ध हो सके। वर्तमान समय फसलों में रासायनिक खादों का ज्यादा प्रयोग करने से मनुष्य के स्वास्थ्य पर तो गहरा असर पड़ा ही है बल्कि हमारी जमीन की उर्वरा शक्ति भी कम हुई है।

महिला सशक्तिकरण को लेकर विधायक ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की नीति और नियत बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं अभियान है और इसी नियम के साथ सरकार महिलाओं के विकास के लिए अनेक ऐतिहासिक फैसले ले रही है।

# सुरक्षा चुनौतियों से निपटने को भविष्य की तकनीक विकसित करना जरूरी

**सीडीएस ने की अपील**

एजेंसी। नई दिल्ली



**सीडीएस** जनरल अनिल चौहान ने गुरुवार को कहा कि मानवयुक्त और मानवरहित सैन्य संसाधनों में समन्वय बनाना नई पीढ़ी के विमानों में कम्युनिकेशन और भविष्य के युद्धों के लिहाज से बेहद अहम होगा। भारत इस दिशा में अहम कदम उठा रहा है। नई दिल्ली में आयोजित हुए एविएशन एक्सपो 2023 में अपने संबोधन में सीडीएस ने ये बातें कही। कार्यक्रम में शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने भविष्य की तकनीक को विकसित करने की जरूरत बताई ताकि सुरक्षा चुनौतियों से निपटा जा सके।

जनरल अनिल चौहान ने कहा कि हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड नई एवियोनिक्स तकनीक और हार्डवेयर को लागू करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। हम बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं और यह सिर्फ भू-राजनीतिक बदलाव नहीं है बल्कि तकनीकी और आर्थिक बदलाव भी हैं। यह जरूरी है कि आधुनिक सेनाएं हमेशा युद्ध के लिए तैयार रहें, साथ ही वह भविष्य की लड़ाई के लिए भी तैयारी करती रहें। सीडीएस ने कहा कि मानवयुक्त और मानवरहित संसाधनों में समन्वय भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों के लिहाज से अहम है।

### सीडीएस ने वैज्ञानिक और एंटरप्रेंयोर जगत से की अपील

**एक्सपो** में सीडीएस अनिल चौहान के अलावा भारतीय वायुसेना के डिप्टी चीफ एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित और हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड के चेयरमैन सीबी अनंतकृष्णन भी मौजूद रहें। सीडीएस ने कहा कि बदलावों के साथ कदमताल करने के लिए जरूरी है कि सैन्य और वैज्ञानिक समुदाय, डेवलपर्स और एंटरप्रेन्योर्स अहम तकनीकी ट्रेंड्स की पहचान करें ताकि हम तकनीकी तौर पर आगे रह सकें।

### आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने की अग्निपथ योजना की तारीफ

**भारतीय** सेना के चीफ जनरल मनोज पांडे ने एक कार्यक्रम के दौरान अग्निपथ योजना की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस योजना की मदद से सेना को बेहतरीन सैनिक मिलेंगे। दरअसल पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि अग्निपथ योजना को लागू करने से सैन्य भर्ती की दिशा में अहम कदम है। इससे तकनीकी तौर पर सक्षम सैनिकों की सेना में भर्ती हो सकेगी। साथ ही यह योजना सबसे बेहतरीन सैनिकों को सेवा में रखने में बेहद कारगर है। पुणे में कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग में एक सम्मेलन के दौरान आर्मी चीफ ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों का यूनिट्स और सब-यूनिट्स में शामिल करने का फैसला पूरी तरह से मेरिट के आधार पर होता है।

## सेना के पूर्वी कमान प्रमुख ने नगालैंड में सैन्य तैयारियों की समीक्षा की

एजेंसी। कोहिमा

**सेना** की पूर्वी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आर.पी. कालिता ने नगालैंड में सैन्य तैयारियों समीक्षा की और पूर्वोत्तर राज्य में विभिन्न सुविधाओं का भी उद्घाटन किया।

सेना की पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ (जीओसी-इन-सी) ने बुधवार को दीमापुर में स्पीयर कोर मुख्यालय में सैन्य तैयारियों की समीक्षा की। रंगपहाड़ मिलिट्री स्टेशन के सैन्य अस्पताल में एक कंप्यूटेड टोमोग्राफी (सीटी) स्कैन सुविधा की भी शुरुआत की, जिसका लाभ सैनिकों, उनके परिवारों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी मिलेगा। रक्षा प्रवक्ता (रक्षा) लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शुक्ला ने यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि ऑपरेशन सद्भावना के तहत दीमापुर के विद्या भवन उच्च माध्यमिक स्कूल में भारतीय सेना द्वारा निर्मित एक बास्केटबॉल कोर्ट का भी कालिता ने उद्घाटन किया। युवा पीढ़ी के बीच खेल संस्कृति को विकसित करने तथा उसे बढ़ावा देने के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने वाले लोगों को सराहा।

# भारत जंग रुकवाए और सही का साथ दे : प्रियंका गांधी

**कांग्रेस नेत्री ने गाजा पर निर्मम बमबारी की निंदा की**

एजेंसी। नई दिल्ली



**कांग्रेस** नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने गाजा पर निर्मम तरीके से जारी बमबारी की आलोचना करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय का एक सदस्य होने के नाते यह भारत का कर्तव्य है कि वह सही का साथ दें और जल्द से जल्द संघर्ष विराम सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करें।

कांग्रेस महासचिव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए एक पोस्ट में कहा कि भारत हमेशा सही के साथ खड़ा हुआ है और आजादी के लिए फलस्तीनी लोगों के लंबे संघर्ष की शुरुआत से ही उनका समर्थन करता रहा है। उन्होंने कहा, गाजा पर निर्मम बमबारी युद्धविराम से पहले से भी अधिक बर्बरता के साथ जारी है। खाद्य आपूर्ति की किल्लत है, चिकित्सा सुविधाओं को नष्ट कर दिया गया है और मूलभूत सुविधाओं को भी बंद कर दिया गया है। प्रियंका ने कहा कि एक पूरा देश खत्म किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि तकरीबन 10,000 बच्चों, 60 से अधिक पत्रकारों और सैकड़ों चिकित्सा कर्मियों समेत 16,000 निर्दोष नागरिकों की हत्या की गई है।

### 16 हजार से अधिक लोग गंवा चुके हैं जान

**मीडिया** में आई खबरों में हमास शासित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से बताया गया है कि क्षेत्र में मृतकों की संख्या 16,200 को पार कर चुकी है और 42,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इजराइल ने हमास आतंकवादियों द्वारा सात अक्टूबर को किए हमले के बाद व्यापक पैमाने पर सैन्य अभियान चलाया है। खबरों के अनुसार, इजराइल में सात अक्टूबर को हमास के हमले के दौरान करीब 1,200 लोग मारे गए थे जिनमें से ज्यादातर नागरिक थे।

### भारत ने शुरुआत से ही फलस्तीन के साथ

**उन्होंने** कहा, इन लोगों के भी हमारी तरह सपने और उम्मीदें हैं। हमारी आंखों के सामने ही उन्हें बेरहमी से मौत के घाट उतारा जा रहा है। हमारी मानवता कहां है? कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर हमेशा सही के साथ खड़ा रहा है। उन्होंने कहा, हमने दक्षिण अफ्रीका की रंगभेदी सरकार के खिलाफ प्रतिबंधों के लिए लड़ाई लड़ी। हमने फलस्तीन में आजादी के लिए अपने भाइयों और बहनों के लंबे संघर्ष की शुरुआत से ही उनका समर्थन किया है और अब हम धरती से उनका नामोनिशान मिटाने के लिए हो रहे नरसंहार को लेकर कुछ नहीं कर रहे हैं? प्रियंका ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय का एक सदस्य होने के नाते यह भारत का कर्तव्य है कि वह सही का साथ दे। उन्होंने कहा, हमें जल्द से जल्द संघर्ष विराम सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए।

## हत्या मामले में अभिनेता समेत चार लोग गिरफ्तार

**बिजनौर।** बिजनौर जिले के बढ़ापुर क्षेत्र में पेड़ काटने के विवाद को लेकर एक किसान की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में अभिनेता भूपिंदर सिंह समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में संबंधित थाना प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक धर्म सिंह मार्छाल ने बताया कि पिछले रविवार को बढ़ापुर थाना क्षेत्र के कुआखेड़ा गांव में अपनी और अपने पड़ोसी की संपत्ति की सीमा पर लगे एक पेड़ को काटने को लेकर हुए विवाद में भूपिंदर सिंह ने पड़ोसी किसान गुरदीप, उसके बेटे गोविंद और अमरीक को अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मार दी थी। इस घटना में गोविंद (23) की मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल गुरदीप और अमरीक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# लिव-इन पर रोक के लिए कानून बने

**प्रेम विवाह में माता-पिता की सहमति अनिवार्य हो**

**भाजपा सांसद ने लोकसभा में उठाई मांग**

एजेंसी। नई दिल्ली



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के एक सांसद ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में मांग उठाई कि सरकार को देश में लिव-इन संबंधों पर रोक लगाने के लिए कानून बनाना चाहिए और प्रेम विवाहों में माता-पिता की सहमति अनिवार्य की जानी चाहिए। हरियाणा के भिवानी-महेंद्रगढ़ से लोकसभा सदस्य धर्मवीर सिंह ने निचले सदन में शून्यकाल में यह भी कहा कि देश में प्रेम विवाह बढ़ने की वजह से तलाक के मामले भी बढ़ गए हैं, वहीं लिव-इन संबंधों के कारण देश की संस्कृति बर्बाद हो रही है।

सिंह ने कहा कि भारतीय समाज में पारंपरिक रूप से परिवारों द्वारा विवाह तय किए जाते रहे हैं, जिनमें लड़का और लड़की की भी सहमति रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसे संबंधों में परिवारों की पृष्ठभूमि को भी प्राथमिकता दी जाती है।

दावा किया कि पिछले कुछ वर्षों में देश में अमेरिका और पश्चिमी देशों की तरह तलाक के मामले बढ़ गए हैं और इनका एक महत्वपूर्ण कारण प्रेम विवाह है। भाजपा सांसद ने कहा कि ऐसे संबंधों में बाद में झगड़े बढ़ जाते हैं और दोनों ओर के खानदान बर्बाद हो जाते हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रेम विवाह के मामलों में लड़का और लड़की के माता-पिता तथा दोनों पक्षों की सहमति को अनिवार्य बनाया जाए।

सिंह ने कहा, पश्चिमी देशों की तरह भारत में भी लिव-इन संबंध जैसी सामाजिक बुराई बढ़ती जा रही है, जिसके भयावह परिणाम सामने आते हैं। इससे हमारी संस्कृति बर्बाद हो रही है। उन्होंने कहा, ऐसे ही चलता रहा तो हमें जिस सभ्यता और संस्कृति के लिए जाना जाता है, वह एक दिन समाप्त हो जाएगी। सिंह ने कहा कि लिव-इन संबंधों को रोकने के लिए देश में कानून बनाया जाना चाहिए।

## राजस्थान में सीएम का फैसला विधायक दल की बैठक के बाद होगा

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुख्यमंत्री को लेकर कोई भी फैसला पार्टी की विधायक दल की बैठक के बाद किया जाएगा। जोशी ने कहा कि विधायक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में हैं और बैठक तय होते ही जयपुर आ जाएंगे। कहा, पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के बाद विधायक दल की बैठक बुलाई जाएगी, जिसके बाद आगे प्रक्रिया पूरी होगी। राज्य की 200 में से 199 सीटों पर हुए चुनाव के परिणाम रविवार को आए थे। भाजपा को 115 सीटों के साथ बहुमत मिला था लेकिन मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर संशय बरकरार है।

## कश्मीर में आतंकवाद रोधी कानून के तहत तीन मकान कुर्क

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अंवेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवाद से संबंधित मामले की जांच के सिलसिले में जम्मू कश्मीर के पुलवामा और कुलगाम जिलों में बृहस्पतिवार को तीन रिहायशी संपत्तियां कुर्क कीं। अधिकारियों ने यहां बताया कि एनआईए अधिकारियों ने पुलवामा जिले में अवंतीपुरा इलाके के चुर्सू में दो संपत्तियों को कुर्क करने का नोटिस चिपकाया है। नोटिस में लिखा, आम जनता को सूचित किया जाता है कि पुलवामा जिले में अवंतीपुरा के चुर्सू गांव में सर्वेक्षण संख्या 722, 723 और 724 के तहत दो मंजिला एक आवासीय मकान और एक मंजिला आवासीय मकान को एनआईए की विशेष अदालत के आदेश द्वारा गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून के प्रावधानों के तहत कुर्क किया जाता है जिसके मालिक संयुक्त रूप से चुर्सू के भाटपुरा निवासी खुर्शीद अहमद भट, खुर्शीद आलम भट और उनके पांच भाई हैं। एनआईए ने इसी तरह की कार्रवाई में कुलगामा जिले के कैमोह में एक मकान और उससे जुड़ी एक जमीन को कुर्क किया है। यह मकान फयाज अहमद इट्टू नामक व्यक्ति का है।

## नदियों को जोड़ने का वाजपेई का सपना पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: शेखावत

एजेंसी। नई दिल्ली



**केंद्रीय** जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र सरकार राज्यों के आपसी समझौतों के आधार पर नदियों को जोड़ने की पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की परिकल्पना को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने लोकसभा में प्रश्नकाल में यह भी कहा कि यदि सभी राज्य सहमत हो जाएं और नदियों से संबंधित सारे लिंक जोड़ दिए जाएं तो सदियों तक के लिए जल संसाधनों के अभाव की चुनौती से निपटा जा सकता है। शेखावत ने भाजपा सांसद हेमा मालिनी के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि देश में नदियों को जोड़ने के संबंध में प्राथमिकता वाली पांच परियोजनाएं चिह्नित की गई हैं, जिनमें एक में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच समझौता हो चुका है तथा चरण-। और चरण-2 को मंजूरी मिलने के बाद इसमें आगे बढ़ा जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसी तरह मध्य प्रदेश और राजस्थान से भी ऐसी एक लिंक परियोजना पर समझौते के लिए आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद देश में ऐसे 31 लिंक पहचाने गए, जहां पानी की अधिकता है और जहां से अभाव वाले क्षेत्रों में पानी को हस्तांतरित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जल राज्यों का विषय है और राज्यों के आपसी समझौतों के आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई के नदियों को जोड़ने के सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

शेखावत ने एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि देश में आने वाले समय में पेयजल की मांग बढ़ने वाली है और प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से देश में भूजल के तेजी से गिरते स्तर को रोकने में सफलता मिली है।

## नौ साल में विमान यात्रियों की संख्या 14 करोड़ हुई, 2030 तक 42 करोड़ होगी

**मंत्री सिंधिया ने विमान किराए में जारी वृद्धि को लेकर पूछे प्रश्न का दिया जवाब**

एजेंसी। नई दिल्ली



**सरकार** ने बृहस्पतिवार को लोकसभा को बताया कि पिछले नौ वर्ष में विमान यात्रियों की संख्या बढ़कर 14 करोड़ हो गई है और 2030 तक यह आंकड़ा तीन गुना बढ़कर 42 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है।

नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विमान किरायों में जारी वृद्धि को लेकर प्रश्नकाल के दौरान बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सांसद संगीता आजाद द्वारा पूछे गए एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी।

सिंधिया ने कहा कि 2014 के बाद नौ साल में विमान यात्रियों की संख्या छह करोड़ से बढ़कर 14 करोड़ हो गई है जो 2030 तक तीन गुना बढ़ोतरी के साथ 42 करोड़ पहुंच जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि विमान यात्रियों की संख्या में इस बढ़ोतरी में उड़ान योजना भी कारगर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 76 हवाई अड्डों से उड़ानें शुरू की गई हैं और आंकड़े बताते हैं कि छोटी सी अवधि में एक करोड़ 30 लाख लोग उड़ान योजना के तहत हवाई यात्रा कर चुके हैं। सरकार द्वारा पूर्ण रूप से नियंत्रित विमानन कंपनी शुरू करने की सरकार की योजना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सरकार ने देश को नए नागर विमानन युग में ले जाने के संकल्प के साथ एयर इंडिया का विनिवेश किया है और इसके साथ ही यह देखने को मिला है कि एयर इंडिया में पहले 400 विमानों का बेड़ा था, लेकिन विनिवेश होने के साथ इस विमानन कंपनी ने एक साथ 470 विमानों की खरीद के लिए करार किया है और इसका फायदा देश के विमान यात्रियों को निश्चित ही मिलेगा।

उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ और श्रावस्ती हवाईअड्डों सहित विभिन्न हवाई अड्डों की लाइसेंसिंग की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही यहां से उड़ानें शुरू हो जाएंगी। आईयूएमएल के सांसद ई. टी. बशीर मोहम्मद ने सरकार से पूछा कि क्या वह छुट्टियों और त्योहारों के मौसम में विमान किरायों में बेतहाशा बढ़ोतरी पर अंकुश लगाने के लिए हस्तक्षेप करेगी? इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमें नागरिक उड्डयन क्षेत्र की स्थिति को समझना होगा। यह सीजनल सेक्टर है। यह (मौसम में किराया बढ़ना) केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक घटना है और इसकी एक वजह यह भी यह है कि विमानन कंपनियां गैर-मौसमी अवधि में घाटे में चलती हैं। कांग्रेस के के. सुरेश ने पश्चिम एशिया के देशों में कार्यरत केरल के प्रवासी नागरिकों द्वारा छुट्टियों और त्योहारों के दौरान 10 गुना अधिक किराए का भुगतान करने के लिए बाध्य होने का मुद्दा उठाया और इसे नियंत्रित करने की सरकार से मांग की।

इस पर सिंधिया ने कहा कि सरकार ने विमानन कंपनियों से इन देशों के लिए उड़ान की संख्या बढ़ाने का अनुरोध किया है और यदि ऐसा होता है तो निश्चित तौर पर किराए में बढ़ोतरी पर रोक लगेगी।

## यूक्रेन से भागकर रूस पहुंचे पूर्व यूक्रेनी सांसद की गोली मारकर हत्या

**कीव।** यूक्रेन पर हमले के तुरंत बाद भागकर रूस पहुंचे एक पूर्व यूक्रेनी सांसद का शव मॉस्को के निकट बरामद हुआ है। इस घटना के बाद यूक्रेनी सेना की खुफिया इकाई ने चेतावनी देते हुए कहा कि यूक्रेन के अन्य गद्दारों का भी यही हश्र होगा।

यूक्रेन की संसद के पूर्व सदस्य इलिया कीवा (46) का शव बुधवार को मॉस्को के पास एक गांव में बरामद किया गया और उनके सिर पर गोली लगने के निशान थे। कीवा ने फरवरी 2022 में कीव पर रूसी सैनिकों के हमले के समय आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया था। रूस की जांच समिति ने हत्या के इस मामले में जांच शुरू कर दी है। यूक्रेन की सेना की खुफिया इकाई के प्रवक्ता एंड्री युसोव ने टेलीविजन पर प्रसारित अपनी टिप्पणी में कहा कि कीवा की मौत हो गई और यह भी कहा कि यूक्रेन के अन्य गद्दारों और पुतिन का साथ देने वालों का यही हश्र होगा। कीवा रूस में प्रसारित होने वाले टीवी शो में लगातार भाग लेते थे, इस दौरान उन्होंने कई बार यूक्रेनी नेतृत्व की आलोचना भी की। यूक्रेनी अधिकारियों ने उन पर राजद्रोह का आरोप लगाया था। रूसी अधिकारियों ने कीवा और रूस में अन्य हमलों के लिए यूक्रेनी सुरक्षा एजेंसियों को जिम्मेदार बताया है।

## भाजपा नतीजों के तीन दिन बाद भी मुख्यमंत्री तय नहीं कर पाई



**जयराम रमेश बोले, भाजपा से इस देरी के लिए सवाल क्यों नहीं किया जा रहा है**

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मुख्यमंत्रियों के नाम की घोषणा में देरी को लेकर बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कटाक्ष करते हुए कहा कि चुनाव नतीजों के तीन दिन बीत जाने के बावजूद भाजपा इन प्रदेशों में नाम तय नहीं कर पाई है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि आखिर भाजपा से इस देरी के लिए सवाल क्यों नहीं किया जा रहा है, जबकि कांग्रेस से 24 घंटे में ही सवाल शुरू हो जाते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, तीन दिसंबर को चुनाव परिणाम आए थे। उसके 24 घंटे के भीतर ही तेलंगाना के मुख्यमंत्री की नियुक्ति में तथाकथित देरी के लिए मीडिया में सभी जगह कांग्रेस पार्टी की आलोचना होने लगी थी। हमारे मुख्यमंत्री की घोषणा तो परसों ही हो चुकी है और आज दोपहर एक बजे वह शपथ लेने जा रहे हैं। रमेश ने कहा, तीन दिन बीतने के बाद भी भाजपा छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान के लिए अपने मुख्यमंत्रियों की घोषणा तक नहीं कर पाई है।

इसे उतनी ही बेचैनी और प्रमुखता से क्यों नहीं उठाया जा रहा है, जैसे कांग्रेस के समक्ष उठाया जाता है। क्या वास्तव में देर नहीं हो रही है? कांग्रेस ने मंगलवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी प्रदेश इकाई के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी के नाम की घोषणा कर दी थी। हालिया विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा को जीत मिली है, जबकि तेलंगाना में कांग्रेस जीती है।

# तूफान मिचौंग से हुए नुकसान की समीक्षा करने चन्नई पहुंचे रक्षा मंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री स्टालिन से भी की मुलाकात**



**चक्रवात** मिचौंग के कारण चेन्नई के कई हिस्सों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। इस दौरान भारी बारिश भी देखने को मिला, जिसके कारण यरूशलम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में जलभराव हो गया। पल्लिकरनई इलाके में पेट्रोल पंप भी बाढ़ में डूब गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा करने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को चेन्नई के लिए रवाना हुए।

चेन्नई में राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने चक्रवाती तूफान के कारण उत्पन्न हुई स्थितियों पर बातचीत की। इस दौरान राजनाथ सिंह ने बाढ़ जैसी स्थिति की समीक्षा करने के लिए अन्य अधिकारियों के साथ भी बैठक की।

सीएम स्टालिन और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक में रक्षा मंत्री ने कहा, तमिलनाडु में चक्रवात मिचौंग की वजह से मरने वालों के लिए दुखी हैं। वे इस परिस्थिति का व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री स्टालिन से भी बात की। प्रधानमंत्री ने मुझे भी व्यक्तिगत रूस से परिस्थिति की निगरानी करने का निर्देश दिया है। सेना के जवान, नौसेना, वायु सेना, एनडीआरएफ, मौसम विभाग समेत अन्य केंद्रीय एजेंसियां इस संकट को कम करने के लिए अपना हर संभव प्रयास कर रही है। चक्रवात मिचौंग से हुए नुकसान और राहत व बचाव कार्य के लिए तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर केंद्र से तत्काल 5,060 करोड़ रुपये की मदद मांगी थी। साथ ही केंद्रीय टीम भेजने का भी आग्रह किया था।

मदिपक्कम इलाके में ड्रोन दृश्य जारी किया है। इस क्षेत्र के कई इलाकों में पानी का स्तर घट रहा है। तूफान के कारण हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चेन्नई के लिए रवाना हुए। वह तमिलनाडु के प्रभावित इलाकों में हवाई सर्वेक्षण करेंगे। साथ ही राज्य सरकार के साथ स्थिति पर समीक्षा करेंगे। चक्रवाती तूफान मिचौंग अब कमजोर पड़ गया है। मंगलवार को आंध्र प्रदेश में नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच तट से टकराने से पहले इसने चेन्नई समेत तमिलनाडु के चार जिलों में भारी तबाही मचाई, जिसका विनाशकारी मंजर अभी भी देखने को मिल रहा है। स्कूल और कॉलेज बृहस्पतिवार को भी बंद रखे गए हैं और स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षाएं टाल दी गई हैं।

### ओडिशा में स्कूलों की छुट्टी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में बेमौसम बरसात के कारण राज्य में तापमान में गिरावट दर्ज की गई तथा सुंदरगढ़ जिला प्रशासन ने बृहस्पतिवार को खराब मौसम के कारण स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में छुट्टी घोषित कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मौसम वैज्ञानिक उमाशंकर दास ने कहा कि तापमान में उल्लेखनीय बदलाव आया है और राज्य के कुछ स्थानों पर तापमान में औसतन पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखी गई। आईएमडी ने बताया कि दो दिन पहले तक राज्य में सर्दी नहीं थी, लेकिन अब बेमौसम बरसात के बाद सर्दी महसूस होने लगी। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को भुवनेश्वर में तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने आईएमडी के हवाले से कहा कि कम दबाव का क्षेत्र छत्तीसगढ़ और आसपास के इलाकों के ऊपर था, जिससे आसमान में बादल छाए हुए थे और मौसम खराब था। जिला शिक्षा अधिकारी अमूल्य कुमार प्रधान ने कहा कि सुंदरगढ़ जिला प्रशासन ने एक अधिसूचना में कहा कि स्कूल अधिकारियों को स्कूल बंद करने के फैसले के बारे में सूचित कर दिया गया है, क्योंकि जिले में सोमवार से मध्यम बारिश जारी है।

## अमेरिका के नेवादा विश्वविद्यालय में गोलीबारी, तीन की मौत

एजेंसी। लास वेगास

**संदिग्ध हमलावर भी मृत मिला**

**छात्रों ने खुद को कक्षाओं में बंद कर बचाई जान**

**अमेरिका** के लास वेगास स्थित नेवादा विश्व विद्यालय परिसर में हुए हमले में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि चौथा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। संदिग्ध हमलावर भी मृत पाया गया।

पुलिस ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध लास वेगास स्ट्रिप से कुछ ही मील दूर हुए इस हमले के बाद बुधवार सुबह भारी संख्या में पुलिस बल विश्वविद्यालय परिसर पहुंचा। उसने बताया कि हमले के वक्त छात्रों ने खुद को कक्षाओं में बंद कर लिया था। अधिकारियों ने एक संदिग्ध हमलावर के सक्रिय रहने को लेकर पहली चेतावनी जारी करने के लगभग 40 मिनट बाद उसका पता लगाया और उसके मृत पाए जाने की सूचना दी। पुलिस ने हमलावर की पहचान उजागर नहीं की है और उन्होंने हमले के मकसद का भी खुलासा नहीं किया है। यह गोलीबारी उस शहर में हुई है, जो अक्टूबर 2017 में मांडले बे कैसीनो में एक बंदूकधारी द्वारा किए गए हमले से अभी तक नहीं उबरा है। इस हमले में 60 लोगों की मौत हुई थी तथा सैंकड़ों लोग घायल हुए थे। एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमले में तीन लोग मारे गए हैं, जबकि चौथा व्यक्ति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है।

# नोएडा में विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे सीएम योगी

## गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में तीनों प्राधिकरण के अधिकारियों संग होगी बैठक, ग्रेटर नोएडा में तीन जोन की सुरक्षा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को तीनों प्राधिकरण नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास की समीक्षा बैठक करेंगे। गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय जीबीयू में यह बैठक होगी। बैठक को लेकर प्राधिकरण में तैयारी शुरू हो गई है।

वर्तमान में चल रही परियोजनाओं और आगामी परियोजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री सवाल-जवाब कर सकते हैं। इसके लिए मार्च 2022 से अब तक का पूरा लेखा जोखा तैयार किया है। जिसे मुख्यमंत्री के सामने रखा जाएगा। इसमें तीनों प्राधिकरण की महत्वपूर्ण परियोजना, जेवर एयरपोर्ट, फिल्म सिटी भी शामिल है। इसके अलावा नोएडा के सेक्टर-96 अंडर पास का शुभारंभ भी करेंगे।

जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा आएंगे। वह यहां एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। यहां पर वह नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

इस दौरान तय समय के बाद परियोजना पूरी नहीं होने पर मुख्यमंत्री अफसरों से जवाब तलब कर सकते हैं। सीएम ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में आए निवेश प्रस्तावों पर हुई प्रगति भी जानेंगे। इसको लेकर ग्रेटर नोएडा में सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विजिट को लेकर ग्राउंड पर सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। आज उसका रिहर्सल किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री के तीन कार्यक्रम को लेकर तीन जोन बनाए गए है। जिसमें डीसीपी स्तर के पुलिस अधिकारियों की तैनाती की है। बाहर से तीन कंपनियां पीएसी मिली है। ये कार्यक्रम रास्तों पर तैनात रहेंगी।

### नोएडा प्राधिकरण में फेरबदल, इधर से उधर किए कई अफसर

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा लोकेश एम के निर्देश पर नोएडा प्राधिकरण में कई अफसरों व कर्मियों के विभाग बदल दिए गए हैं। नोएडा प्राधिकरण में प्रबंधक से लेकर उप प्रबंधक व सहायक प्रबंधक स्तर पर अधिकारियों के कार्यक्षेत्रों में बड़ा बदलाव किया गया है। प्राधिकरण में कुल 35 कर्मचारियों के विभागों में बदलाव किया गया है। नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत नोएडा प्राधिकरण में तैनात प्रबंधक प्रासा पदम सिंह को कंप्यूटर सेल के अलावा आवासीय भवन तथा सहायक महाप्रबंधक सिस्टम की अवकाश अवधि में बोर्ड मीटिंग, औद्योगिक विभाग के आनलाइन कार्य तथा निवेश मित्र संबंधी कार्य के अलावा सेक्टर 155 में नवनिर्मित गोल्फ कोर्स के आनलाइन गोल्फ कोर्स सदस्यता संबंधी शिकायतों व आपत्तियों के निस्तारण का कार्य भी सौंपा गया है। उप महाप्रबंधक अशोक शर्मा से कार्मिक विभाग लेकर उन्हें इंफ्रास्ट्रक्चर व एम्युनिटी टैक्स एवं रुप हाउसिंग विभाग में भेजा गया है। प्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल अब कार्मिक विभाग, आवासीय भूखंड एवं स्वागत कक्ष कॉल सेंटर विभाग का काम देखेंगे। कनिष्ठ सहायक श्रीमती प्रवीन सिंह को आवासीय भवन, प्रोग्रामर पंकज वर्मा को विशेष कार्याधिकारी एमपी कार्यालय, कनिष्ठ सहायक गोपाल दास को संस्थागत, डॉटा एंट्री आपरेटर श्रीमती रुबि को संस्थागत, सहायक इशान जैन को संस्थागत, सहायक रामेश्वर दयाल को आवासीय भवन, कनिष्ठ सहायक निशांत कुमार सिंह को ग्रुप हाउसिंग, विशेष सहायक राहुल कुमार को आवासीय भवन, कनिष्ठ सहायक राजकुमार को आवासीय भवन, डॉटा एंट्री आपरेटर श्रीमती रजनी रानी को आवासीय भूखंड विभाग में भेजा गया है।

## संक्षिप्त समाचार



सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर कर्नल कपिल कत्याल ने पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को प्रतीक चिन्ह लगाया।

### करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** राजस्थान के जयपुर में घर में घुस कर दिन दहाड़े हुई श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव गोगामेडी की हत्या के विरोध में गाजियाबाद के जिला मुख्यालय के सामने लोगों ने जाम लगा दिया। जाम लगाने के साथ साथ लोगों ने नारेबाजी की और हत्यारों को फांसी देने की मांग की। गाजियाबाद में श्री राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष गौरव ने बताया कि सुखदेव गोगामेडी सभी को साथ लेकर चलने वालों में से थे, ऐसे में उनकी हत्या एकता में दरार डालने का काम कर रही है। साथ ही महानगर उपाध्यक्ष श्री राजपूत करणी सेना शशांक सिंह ने कहा कि हमारी मांग है कि जिन्होंने हत्या की है, उनका एनकाउंटर किया जाए। श्री राजपूत करणी सेना से जुड़े लोगों ने जिला मुख्यालय के सामने जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। नारेबाजी में उन्होंने हत्यारों को फांसी देने की बात कही। इस दौरान सड़क पर जाम लगा रहा। 5 दिसंबर को राजस्थान की राजधानी जयपुर में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव गोगामेडी की घर में घुसकर हत्या कर दी गई थी।

### हेल्थ कैंप में परामर्श और जांच होगी मुफ्त

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा रविवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक अस्पताल परिसर के ओपीडी एरिया में होने वाले हेल्थ कैंप में मरीजों को डाक्टरी सलाह के साथ करीब 2500 रुपये की जांच मुफ्त की जाएगी। शिविर में ब्लड प्रेशर जांच, रैंडम ब्लड शुगर जांच, ईसीजी, यूरोफ्लोमेट्री, पीएसए स्क्रीनिंग और आंखों की जांच भी निशुल्क की जाएगी, साथ ही जनरल फिजिशियन, यूरोलॉजिस्ट और ऑप्टोमेट्रिस्ट द्वारा मुफ्त परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर प्रमित मिश्रा ने कहा, हमारा उद्देश्य सामुदायिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना है। इन आवश्यक परीक्षणों को मुफ्त में प्रदान करके, हम लोगों के स्वास्थ्य कल्याण में योगदान करने का प्रयास कर रहे हैं।

### नगर पालिका की गाड़ी ने मासूम को कुचला

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना लोनी क्षेत्र के राशिद अली गेट पर लोनी नगर पालिका परिषद की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी ने 6 साल के मासूम को कुचल दिया। मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने रोड जाम कर दिया। पुलिस मौके पर है, लेकिन लोगों ने शव को उठाने नहीं दिया है। गुरुवार को समय सुबह करीब 8:00 बजे नगर पालिका परिषद लोनी की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी ने वासिल पुत्र वाहिद 6 निवासी निट्ठा रोड लोनी को कुचल दिया। बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। इसी समय हादसा हुआ। घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। बच्चे की डेडबॉडी को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया, जाम लगा दिया। पुलिस परिजनों को समझाने में जुटी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ड्राइवर नशे में था और इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं यहां हो चुकी हैं। लोनी थाना प्रभारी अजय राजपूत के मुताबिक गाड़ी चला रहे ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। परिजनों को समझाया जा रहा है।

### मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में हिंडन नदी में पुल निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई भूमि के मुआवजे की मांग को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। किसानों ने चेतावनी दी है कि मुआवजा मिलने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू होने दिया जाएगा। गांव रेवड़ा रेवड़ी में हिंडन नदी पर पुल के निर्माण के लिए किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया गया था। किसानों का आरोप है कि भूमि तो अधिग्रहण कर ली, लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं दिया है। मुआवजे की मांग को लेकर किसान काफी समय से आंदोलन करते आ रहे हैं। गुरुवार को उपजिलाधिकारी ने तहसील परिसर में किसान और सेतु निगम के अधिकारियों की बैठक बुलाई। बैठक में किसानों और अधिकारियों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। इसके बाद किसानों के समर्थन में भाकियू कार्यकर्ताओं ने मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है।

# पुलिस कस्टडी में आरोपी ने बनाई रील

● सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**गाजियाबाद** में पुलिस कस्टडी में आरोपी ने अपनी रील बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी।

वीडियो अब वायरल हो रहा है। पुलिस आरोपी को मेडिकल के लिए अस्पताल ले जा रही थी। इसी दौरान यह वीडियो गाड़ी में बैठे उसके दूसरे साथी ने बना लिया। आरोपी किसी वीवीआईपी की तरह अपनी काली स्कॉर्पियो से उतरता है। उसके साथी वीडियो बनाते हैं। इसके बाद वीडियो के बैकग्राउंड में एक पंजाबी गाना डालकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया जाता है। मामला गाजियाबाद के थाना खोड़ा क्षेत्र का है। 27 नवंबर को भीम यादव नाम के युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद भीम यादव को मेडिकल के लिए गाजियाबाद के जिला सरकारी अस्पताल एमएमजी ले जाया गया। वहां भीम यादव ने पुलिस की हिरासत में अपनी रील बनवाई। उसका कार से उतरने का भी ढंग ऐसा था, जैसे पुलिस हिरासत में न होकर पुलिस सुरक्षा में कोई वीवीआइपी चल रहा हो। उसने खुद को एक डॉन के रूप में पेश करने की कोशिश की।

अब वीडियो वायरल होने अधिकारी जांच की बात कहे रहे हैं। थाना खोड़ा प्रभारी संतोष तिवारी के मुताबिक भीम यादव को 27 नवंबर को शांति भंग की धारा में गिरफ्तार किया गया था। उसने किसी युवक के साथ कहासुनी और बदसलूकी की थी। भीम यादव का वीडियो गाने के साथ रील के रूप में अपलोड हुआ। अब यह गाजियाबाद की सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# अवैध रूप से चल रहे 32 कोचिंग सेंटर बंद

● सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम तक नहीं थे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** में अवैध रूप से कोचिंग सेंटर चल रहे है। ये कभी भी बड़े हादसे का शिकार हो सकते है। इनका रजिस्ट्रेशन नहीं है। राजस्व का नुकसान कर रहे है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम तक नहीं है।

ऐसे करीब 32 कोचिंग सेंटर को जिला विद्यालय निरीक्षक ने बंद कराया है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह ने बताया कि लगातार इस तरह की शिकायत मिल रही थी कि अवैध कोचिंग चलाकर यहां का संचालन कर्ता बच्चों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के नाम पर मोटी फीस वसूल रहे है। इन सभी कोचिंग संचालन कर्ता ने उप्र कोचिंग विनियमन नियमावली 2022 का उल्लंघन किया है। ये कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह ने बताया कि नियम विरुद्ध चल रहे कोचिंग सेंटर पर शिकंजा कसने के लिए 12 टीमें बनाई गई है। इन टीमों ने जिले भर में अभियान चलाकर 32 कोचिंग सेंटरों की सूची बनाई गई थी।

इन कोचिंग सेंटर को नोटिस जारी कर पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मुहैया कराने के आदेश दिए थे, लेकिन किसी ने भी दस्तावेज जमा नहीं कराए। विभाग ने सभी 32 कोचिंग सेंटरों पर ताला जड़ दिया है, इसके बाद भी कोचिंग सेंटर अगर चलते पाए गए तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इनमें से अधिकांश कोचिंग गांव के बाजारों में कमरा किराए पर लेकर चल रही थी। जहां तक पहुंचना भी आसान नहीं है। इनमें से अधिकांश एक कमरों में थी।

जहां सुरक्षा मानकों का कोई इंतजाम नहीं था। यानी यहां यदि आग या कोई और हादसा हो जाए तो बड़ी घटना हो सकती है। इस कोचिंग सेंटर में शिफ्ट में बच्चों की क्लासेस चलती थी। एक बैच में करीब 30 बच्चे होते है। प्रशासन इसी के चलते चलते इनके खिलाफ फैसला लिया।

### सड़क हादसे में जीजा और साली की मौत

**नोएडा।** एक्सप्रेसवे पर सड़क किनारे खड़ी बोलेरो से बाइक टकरा गई। बाइक सवार जीजा और साली की मौत हो गई। घटना बुधवार रात की है। थाना सेक्टर-142 प्रभारी विनीत राणा ने बताया कि एक्सप्रेस वे पर सड़क किनारे खड़ी बोलेरो पिकअप से तेज गति में आ रही बाइक टकरा गई है। इस हादसे में एक युवक और महिला गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। फेलिक्स अस्पताल में घायल कुलदीप पुत्र हाकिम सिंह निवासी अलीगढ़ की मौत हो गई। जबकि किरण की गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजन उसे कैलाश अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान किरण ने भी दम तोड़ दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से चोरी, दो लोग गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**मोदीनगर** में मालगाड़ी के आवागमन के लिए बनाए रहे डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से देर रात चोरों ने कपर स्ट्रिप, वायर सहित लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया।

हालांकि मौके से फरार होते समय कॉरिडोर निर्माणदायी संस्था के लोगों ने दो चोरों को पकड़ लिया। जबकि एक आरोपी फरार हो गया। पकड़े गए चोरों को भोजपुर थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया। जिनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद हो गया है। आरोपियों ने इससे पहले भी खुर्जा से खतौली तक ट्रैक तक भी चोरी करना स्वीकार किया है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर भारत सरकार का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। देर रात निर्माणदायी संस्था के अधिकारी प्रभात पाठक निवासी अंसल टाउन मेरठ कॉरिडोर पर गश्त कर रहे थे। तभी भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव शकूरपुर के निकट तैनात कर्मी अंकित ने दो लोगों द्वारा ट्रैक से सामान चोरी करने सूचना दी। जिस पर दोनों चोरों को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। जबकि बाइक पर सवार उनका तीसरा साथी फरार हो गया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# सीवर को बदहाल देखकर भड़कीं जल मंत्री

● अधिकारियों को लगाई फटकार, कड़े परिणाम भुगतने के लिए रहे तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**सीवर** शिकायतों के मद्देनजर निरीक्षण की श्रृंखला को जारी रखते हुए जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को अशोक विहार के जेजे कॉलोनी के विभिन्न हिस्सों में जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान गलियों में सीवर का बहता पानी देख अधिकारियों को फटकार लगाई। बता दें कि, यहाँ लोगों से लगातार सीवर की शिकायतें मिल रही थी उसके बावजूद अधिकारियों द्वारा उसके समाधान को लेकर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा था।

जल मंत्री ने स्वयं ग्राउंड जीरो पर उतरकर समस्या का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान लोगों ने जल मंत्री से साझा करते हुए कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से सीवर की समस्या है। महीनों से सीवर लाइनें साफ़ नहीं हुई है, इस कारण सीवर का पानी गलियों में बह रहा है। इस बाबत उन्होंने जल बोर्ड को इस समस्या से अवगत करवाया, बार बार शिकायतें भेजी लेकिन उसके बावजूद सीवर समस्या को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया और अधिकारी समस्या सुनने के लिए तैयार नहीं है।

जनता की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए जलमंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने लापरवाही की कोई जगह नहीं है। अधिकारियों को हमेशा जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए अगर कोई भी अधिकारी इसमें लापरवाही दिखाते है तो अपने खिलाफ कड़े एक्शन के लिए तैयार रहे। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र में सीवर की सभी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिये। औचक निरीक्षण के दौरान जल मंत्री ने पाया कि कई गलियों में सीवर का पानी सीवर के बाहर बह रहा है, इससे लोगों को काफी परेशानियाँ हो रही है और गलियां भी क्षतिग्रस्त हो रही है। गली में सीवर के बहते पानी को देखकर जल मंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार में ऐसी लापरवाही स्वीकार्य नहीं है और अधिकारी समस्या को दूर करने के लिए तुरंत काम शुरू करवाए।

निरीक्षण के दौरान लॉग बुक चेक करने पर जल मंत्री ने पाया कि मशीनों के मौजूद होने के बावजूद सीवर साफ़ नहीं की जा रही है। ऐसे में जल मंत्री ने कहा कि, मशीनें मौजूद होने के बावजूद सीवर की सफ़ाई नहीं हो रही है और जनता परेशान है। उन्होंने अधिकारियों से सवाल किया कि, सीवर की सफ़ाई के मामले ऐसी लापरवाही क्यों की जा रही है।

**मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगे अफसर : आतिशी**

**जल मंत्री ने कहा कि, जल बोर्ड का काम लोगों को साफ पानी और बेहतर सीवर व्यवस्था मुहैया करवाना है। और अगर अधिकारी जनता के प्रति अपनी ये ज़िम्मेदारी नहीं निभा पा रहे है तो नौकरी छोड़ दे। केजरीवाल सरकार में जनता के प्रति ये लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि, सभी संबंधित अधिकारी रोज़ाना ग्राउंड विज़िट करें, समस्याओं की चेकलिस्ट बनाए और अशोक विहार जे.जे.कॉलोनी के हर ब्लॉक में मशीनें लगवाकर सभी सीवर लाइनों को तुरंत साफ़ करवाने का काम करे। जल मंत्री आतिशी ने लोगों से वादा करते हुए कहा कि, चाहे कितनी भी बाधाएं आ जाए लेकिन जबतक श्री अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली के मुख्यमंत्री है वो दिल्ली की जनता के काम रुकने नहीं देंगे।**

# जीएसटी रिफंड के नाम फर्जीवाड़ा करने वाला गिरोह गिरफ्तार

● आरोपियों ने 2500 फर्जी कंपनियां बनाकर लगाया चूना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**फर्जी** फॉर्म बनाकर हजारों करोड़ रुपए का राजस्व का नुकसान पहुंचाने वाले चार सदस्यों को थाना सेक्टर 20 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज, मोबाइल फोन व अन्य सामान बरामद हुआ है।

पकड़े गए आरोपी फर्जी कंपनियां बनाकर फर्जी ई वे बिल के जरिए जीएसटी रिफंड लेकर सरकार को राजस्व का चूना लगा रहे थे। पूर्व में भी जीएसटी फ्रॉड मामले में 25 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन लोगों ने 2500 फर्जी कंपनियां बनाई थी। पकड़े गए पूर्व गैंग के लीडर अरचित और रॉचित के साथी ने ही ये नया गैंग बनाया। दोनों गैंग को मिलाकर करीब 4.5 हजार करोड़ फ्रॉड की गई है। नोएडा जोन के डीसीपी हरिश्चंद्र ने बताया कि थाना सेक्टर 20 पुलिस पूर्व में करीब 15 हजार करोड़ रुपए के जीएसटी फ्रॉड के आरोपियों के मामले की पड़ताल कर रही थी। इस दौरान पुलिस को कुछ अन्य लोगों द्वारा भी जीएसटी फ्रॉड किए जाने का इनपुट मिला। सूचना के आधार पर एसीपी रजनीश वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। इस टीम ने साक्ष्य के आधार पर दिल्ली से पीयूष गुप्ता, राकेश कुमार, दिलीप शर्मा व राहुल निगम को गिरफ्तार किया। इनके पास से फर्जी दस्तावेज फर्जी कंपनियों के बिल, बैंक पासबुक सहित अन्य कागजात बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह फर्जी कंपनियां बनाकर फर्जी बिलों के जरिए जमा कराए गए जीएसटी को रिफंड ले लेते थे। डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पूरे सुनियोजित तरीके से इस फर्जी वाड़े को अंजाम दे रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस गिरोह का सरगना निशांत है। इसका कनेक्शन पूर्व में पकड़े आरोपी अरचित रॉचित से है। निशांत की तलाश की जा रही है। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी प्रतिदिन 70 से 80 लाख रुपए के फर्जी बिल बनाते थे। इनके 8 बैंक खातों में 3 करोड़ से अधिक की राशि को फ्रीज किया गया है। अब तक की जांच में इस गैंग ने 250 फर्जी फर्म तैयार की थी। इनके पास से 41 फर्जी स्टांप, 54 फर्जी सिम कार्ड, 2 बैंक पास बुक, 20 चेक बुक, 3 लैपटॉप आदि बरामद किया गया है।

# बदमाशों ने गोल्ड कारोबारियों से बड़ी लूट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** में बेखौफ बदमाशों ने मंगलवार रात दो गोल्ड कारोबारियों से बड़ी रकम लूट ली।

शुरुआत में 50 लाख लुटने की जानकारी आ रही थी, लेकिन अब खबर ये है कि लूट एक करोड़ रुपए से ज्यादा की हो सकती है। दोनों कारोबारी कार में बैठकर रुपयों का लेनदेन कर रहे थे। तभी बदमाश आ धमके और गन पॉइंट पर लेकर उन्हीं की कार में बैठ गए। बदमाशों ने कारोबारियों को शहर में करीब 10 किलोमीटर घुमाया और फिर उन्हें अलग-अलग जगहों पर उतारकर फरार हो गए। गुरुवार सुबह पुलिस ने लूटी गई कार बरामद करके जांच के लिए इलाके से बरामद कर ली है। पुलिस को ये लूट कराने में एक कारोबारी की भूमिका संदिग्ध लग रही है, उससे पूछताछ जारी है। गाजियाबाद के इंदिरापुरम क्षेत्र की सबसे पॉश सोसाइटी एडवांटेज में निशांत सरवैया रहते हैं, जो दिल्ली में गोल्ड के कारोबार से जुड़े हैं। इधर, क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके में रहने वाले सौरभ भी गोल्ड का बिजनेस करते हैं। दोनों कारोबारियों की मुलाकात मंगलवार देर रात गाजियाबाद के कविनगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर में हुई।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के काफिले में घुसा वाहन

**गाजियाबाद।** एक निजी कार्यक्रम में आये देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के काफिले के बीच मालवाहक गाड़ी आ गई जिसको सुरक्षा भारी चूक मानते हुए संबंधित पुलिस अधिकारी को नोटिस देने की तैयारी है। दिल्ली से आ रहे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के काफिले के बीच एक मालवाहक वाहन टेंपू आ गया। यह घटना उस समय घटी कि जब रक्षामंत्री का काफिला दिल्ली की तरफ से गाजियाबाद की ओर आ रहा था। इस खबर के मिलते ही जहां कमिश्नरेट पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के होश उड़ गए, वहीं सूत्रों के अनुसार रक्षामंत्री की सुरक्षा में चूक कैसे हुई इसकी जांच भी शुरू कर दी गई है। सूत्रों का कहना है कि जांच के बाद इस चूक के लिये जिम्मेदार अधिकारी पर गाज गिरनी लगभग तय मानी जा रही है।

# राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण की स्थगित

● एनसीसीएसए की बैठक बृहस्पतिवार को होना तय थी, बिना किसी वजह के टल दिया गया है, नई तारीख ऐलान नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार और नौकरशाही में बढ़ते टकराव के बीच राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) की गुरुवार को होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय एनसीसीएसए में मुख्य सचिव और प्रधान सचिव (गृह) शामिल हैं। एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर कहा, एनसीसीएसए की बैठक आठ दिसंबर को होनी थी लेकिन बिना किसी ठोस वजह के उसे स्थगित कर दिया गया है और बैठक की नई तारीख भी नहीं बताई गई है। पिछले महीने, मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली में प्रदूषण के स्रोतों को पता लगाने के लिए किए जा रहे अध्ययन को रोकने और एक स्मॉग-रोधी टावर बंद कराने के आरोप में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के अध्यक्ष अश्वनी कुमार को निलंबित करने की एनसीसीएसए से सिफारिश की थी। अधिकारी ने कहा, यह कुछ अजीब बात है कि प्रधान सचिव (गृह) का पद संभाल रहे, एनसीसीएसए के सचिव अश्वनी कुमार उनके खिलाफ कार्रवाई पर फैसला लेने वाली बैठक का हिस्सा होंगे। एनसीसीएसए का गठन ग्रुप ए अधिकारियों के तबादले और तैनाती और दिल्ली सरकार में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई समेत सेवा से जुड़े मामलों की जांच के लिए किया गया था। आप सरकार और शहर की नौकरशाही के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर टकराव होता रहता है।



# ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी, मैदानी इलाकों में कोहरा, पूर्वी हिस्सों हल्की से मध्यम में बारिश

**मौसम** विभाग के अनुसार, हरियाणा और आसपास के इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ लगातार चक्रवाती प्रसार के रूप में बना हुआ है। यह समुद्र तल से औसतन 3.1 किमी से 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते भारतीय प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। साथ ही पश्चिमी हिमालयी इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

श्रीनगर में मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, यहां छह दिसंबर की शाम का तापमान काफी कम दर्ज किया गया। तापमान के लुढ़कने से यहां के कई इलाकों में सर्दी का सितम बढ़ गया है। वहीं, दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में छह दिसंबर को न्यूनतम तापमान शून्य से 5.1 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। इन हिस्सों में भी सर्दी अपने चरम पर है। साथ ही मौसम विभाग ने कश्मीर घाटी के कई इलाकों में 10 दिसंबर तक मौसम के शुष्क बने रहने की बात कही है। 11 दिसंबर से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से उत्तर पश्चिम भारत के मौसम के मिजाज में भारी बदलाव होने का अनुमान है। वहीं, राजधानी दिल्ली में मौसम संबंधी

**11 दिसंबर से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से उत्तर पश्चिम भारत के मौसम में भारी बदलाव होने का अनुमान है।**

बदलाव की बात करें तो, यहां अधिकतम तापमान के 25 डिग्री तथा न्यूनतम नौ डिग्री रहने का पूर्वानुमान है। सुबह के समय कोहरा छा सकता है, लेकिन उसके बाद धीरे-धीरे आसमान साफ हो जाएगा। प्रदूषण से आज भी यहां राहत मिलने की संभावना नहीं है, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। मौसम विभाग ने 10 दिसंबर तक पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के अलग-अलग इलाकों में सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की आशंका जताई है।

करीब 10 दिसंबर तक उत्तराखंड में मौसम शुष्क बना रहेगा। यहां ऊंची चोटियों पर हो रही बर्फबारी से ठंड बढ़ गई है। स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पर्वतीय क्षेत्रों में पाला और मैदानी इलाकों में कोहरा छाने से लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। मौसम विभाग के मौसम संबंधी पूर्वानुमान के मुताबिक, दक्षिण छत्तीसगढ़ और आसपास के क्षेत्र में अब अच्छी तरह से कम दबाव का क्षेत्र बन गया है, हालांकि इससे संबंधित चक्रवाती प्रसार उसी इलाके में जारी है, यह समुद्र तल से औसतन 3.1 किमी ऊपर तक फैला हुआ है।

मौसम संबंधी उपरोक्त गतिविधि के चलते मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान पूर्वी भारत के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है, यानी इन हिस्सों में 15.6 मिमी से 64.4 मिमी तक बारिश होने का पूर्वानुमान है।

### चलेंगी तेज हवाएं, गिरेगी बिजली

वहीं आठ और नौ दिसंबर को केरल और माहे में और नौ दिसंबर को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश तथा कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। इन सभी राज्यों में 64.5 मिमी से 115.5 मिमी तक बारिश होने का अनुमान लगाया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, केरल और माहे तथा लक्षद्वीप के अलग-अलग हिस्सों में गरज के साथ बारिश तथा बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। देश के अलग-अलग हिस्सों में तापमान में उतार-चढ़ाव की बात करें तो, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल में गंगा के अधिकांश तटीय इलाकों, पूर्वी मध्य प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, विदर्भ, तेलंगाना, असम और मेघालय के अलग-अलग हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक दर्ज किया जा रहा है।

वहीं, रायलसीमा और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक के कई इलाकों, पूर्वी राजस्थान, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम के कुछ हिस्सों, कोंकण और गोवा के अलग-अलग इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री यानी काफी ऊपर दर्ज किया गया है। गुजरात, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, केरल और माहे के कई हिस्सों, पश्चिम उत्तर प्रदेश, पश्चिम राजस्थान, अरुणाचल प्रदेश, तटीय कर्नाटक के कुछ हिस्सों, पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अलग-अलग इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं,अधिकतम तापमान को देखें तो, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद तथा हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों, असम और मेघालय के कुछ हिस्सों, प. उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, केरल और माहे और तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के अलग-अलग हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज किया गया। तेलंगाना के कई इलाको, मध्य प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और विदर्भ के कुछ हिस्सों, पश्चिम बंगाल में गंगा के तटीय इलाकों, पंजाब, झारखंड, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा के अलग-अलग इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य से -5.1 डिग्री सेल्सियस यानी काफी कम दर्ज किया गया। गुजरात तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के अधिकांश इलाकों, राजस्थान, सौराष्ट्र और कच्छ, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम के कुछ हिस्सों, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली तथा बिहार के अलग-अलग हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से -3.0 डिग्री सेल्सियस, काफी कम दर्ज किया गया।

**- साभार-डीटीई**

### कहां हुई बारिश और कहां पड़ीं गरज के साथ बौछारें?

**छह** दिसंबर को 8:30 से 5:30 के दौरान झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कई इलाकों, पूर्वी मध्य प्रदेश, तेलंगाना, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, पश्चिम बंगाल में गंगा के तटीय इलाकों, असम और मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के कुछ हिस्सों में बादल बरसे या गरज के साथ बौछारें पड़ी। वहीं कल, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात, पश्चिम मध्य प्रदेश, केरल और माहे, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के अलग-अलग हिस्सों में बारिश हुई या गरज के साथ बौछारें पड़ी।

## बढ़ते तापमान ने नवंबर में फिर तोड़ा रिकॉर्ड, औसत से 1.75 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा तापमान



**एक** तरफ जहां वैश्विक नेता जलवायु परिवर्तन पर चर्चा कर रहे हैं वहीं बढ़ते तापमान को लेकर एक और परेशान कर देने वाली खबर सामने आई है। पता चला है कि गत नवंबर का महीना जलवायु इतिहास का अब तक सबसे गर्म नवंबर था।

यूरोप की कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस ने जानकारी दी है कि नवंबर में बढ़ता तापमान एक नए शिखर पर पहुंच गया। आंकड़ों के मुताबिक नवंबर 2023 के दौरान सतह के पास हवा का औसत वैश्विक तापमान 14.22 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो औद्योगिक काल (1850-1900) से पहले की तुलना में करीब 1.75 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म था। वहीं यदि 1991 से 2020 के बीच नवंबर के औसत तापमान से तुलना करें तो नवंबर 2023 में तापमान 0.85 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इससे पहले सबसे गर्म नवंबर 2020 में दर्ज किया गया था। लेकिन इस साल बढ़ते तापमान ने उसको भी पीछे छोड़ दिया है। यही वजह है कि इस साल नवंबर में तापमान पिछले सबसे गर्म नवंबर से भी 0.32 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया है।

यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम-रेंज वेदर फोरकास्ट्स (ईसीएमडब्ल्यूएफ) के प्रारंभिक विश्लेषण के मुताबिक, 17 नवंबर, 2023 को वैश्विक तापमान दो डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार कर गया था। इस दिन तापमान औद्योगिक काल से पहले (1850-1900) के औसत तापमान की तुलना में 2.06 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इससे पहले कभी भी तापमान इस सीमा पर नहीं पहुंचा था।

बढ़ते तापमान का असर साफ तौर पर देखा जा सकता है। भारत में जहां सर्दियों की शुरूआत हो चुकी है उसके बावजूद उतनी ज्यादा सर्दी महसूस नहीं हो रही जितने इस समय में होनी चाहिए थी। यदि 2023 की बात करें तो अब यह करीब-करीब तय माना जा रहा है यह साल जलवायु इतिहास का अब तक का सबसे गर्म साल होगा। यदि जनवरी से नवंबर के बीच पिछले 11 महीनों के औसत तापमान को देखें तो वो औद्योगिक काल से पहले की तुलना में 1.46 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है। जो उसे अब तक की सबसे गर्म अवधि बनाता है। वहीं जून से नवंबर के बीच पिछले छह महीनों की बात करें तो इन सभी महीनों ने बढ़ते तापमान के रिकॉर्ड बनाए हैं।

### जलवायु परिवर्तन पर चर्चा के लिए कॉप-28 में जारी है वार्ताओं का दौर

नेशनल ओसेनिक एंड एटमोस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) के नेशनल सेंटर फॉर एनवायर्नमेंटल इंफॉर्मेशन (एनसीईआई) द्वारा 15 नवंबर 2023 को जारी रिपोर्ट से पता चला है कि पिछले अक्टूबर अब तक का सबसे गर्म अक्टूबर का महीना था। जब औसत तापमान सामान्य से 1.34 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह जून, जुलाई, अगस्त और सितम्बर ने भी जलवायु इतिहास में कीर्तिमान बनाए थे।

आंकड़ों के मुताबिक इस साल नवंबर के महीने में कोई भी दिन ऐसा नहीं रहा जब बढ़ता तापमान औद्योगिक काल से पहले के औसत तापमान से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा न हो, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इसी तरह महीने के 43 फीसदी दिनों में तापमान औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया। वैज्ञानिकों के मुताबिक यदि बढ़ते तापमान का यह सिलसिला दिसंबर 2023 में भी जारी रहता है, तो इस साल का औसत तापमान सामान्य से 1.48 डिग्री सेल्सियस अधिक रह सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक न केवल जमीन पर बल्कि समुद्र भी बढ़ते तापमान के प्रभावों से सुरक्षित नहीं है। आंकड़ों के मुताबिक लगातार आठवें महीने, वैश्विक स्तर पर महासागरों की सतह का तापमान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। नवंबर में, समुद्र की सतह के औसत तापमान ने भी एक नया रिकॉर्ड बनाया है, जो 2015 के दूसरे सबसे गर्म नवंबर की तुलना में 0.25 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म था। वहीं यदि ध्रुवों पर जमा बर्फ की बात करें तो नवंबर में आर्कटिक समुद्री बर्फ का विस्तार औसत से चार फीसदी घटकर अब तक के अपने आठवें सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह यह दूसरा मौका है जब अंटार्कटिक में समुद्री बर्फ का विस्तार इतना कम दर्ज किया गया जो औसत से करीब नौ फीसदी कम रहा। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) भी इस बात की पुष्टि कर चुका है कि अल नीनो का प्रभाव अगले साल अप्रैल 2024 तक जारी रहेगा। मतलब की इस साल में बढ़ते तापमान से छुटकारा पाने की सम्भावना बिलकुल न के बराबर है। डब्ल्यूएमओ के मुताबिक इस बढ़ते तापमान के साथ गर्मी, लू, बाढ़ जैसी चरम मौसमी घटनाओं में वृद्धि होने की आशंका लगातार बढ़ रही है।

**-सभार-डीटीई**

## बच्चों के हड्डियों की मजबूती और टूटने से विटामिन डी की खुराक से कोई लेना देना नहीं

**लंदन** की चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के एक शोध में पाया गया है कि विटामिन डी की खुराक, इसकी कमी वाले बच्चों में हड्डियों की ताकत को नहीं बढ़ाती है या हड्डी को टूटने से नहीं रोकती है। इस बात को सिद्ध करने के लिए, लंदन की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी और हार्वर्ड टीएच के नेतृत्व में एक क्लिनिकल ट्रायल या नैदानिक परीक्षण किया गया। शोध के निष्कर्ष हड्डियों के स्वास्थ्य पर विटामिन डी के प्रभाव से संबंधित धारणाओं को चुनौती देते हैं।

**शोध में पाया गया कि विटामिन डी की खुराक, विटामिन डी की कमी वाले बच्चों में हड्डियों की ताकत को नहीं बढ़ाती है या हड्डी को टूटने से नहीं रोक सकती है**

शोध में कहा गया है कि लगभग एक तिहाई बच्चों की 18 वर्ष की आयु से पहले कम से कम एक बार हड्डी टूटने की घटना होती है। यह दुनिया भर में एक प्रमुख स्वास्थ्य समस्या है, क्योंकि बचपन में हड्डी टूटने के कारण जीवन भर विकलांगता या जीवन की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ सकता है। हड्डियों की मजबूती में सुधार करने के लिए विटामिन डी की खुराक की क्षमता को लेकर हाल के वर्षों में रुचि बढ़ी है, जो हड्डियों के खनिजकरण को बढ़ावा देने में विटामिन डी की भूमिका पर आधारित है। हालांकि, विटामिन डी की खुराक बच्चों में हड्डियों के टूटने को रोक सकती है या नहीं, इसका परीक्षण करने के लिए डिजाइन किए गए नैदानिक परीक्षण पहले आयोजित नहीं किए गए हैं। शोधकर्ता ने बताया कि मंगोलिया में सहयोगियों के साथ काम करते हुए, जहां हड्डी के टूटने की घटनाएं अधिक होती है और जहां विटामिन डी की अत्यधिक कमी भी है। क्वीन मैरी और हार्वर्ड के शोधकर्ताओं ने यह सिद्ध करने के लिए एक नैदानिक परीक्षण किया कि क्या विटामिन डी सप्लीमेंट से हड्डियों के टूटने का खतरा कम होगा या हड्डियों की ताकत बढ़ेगी। द लांसेट डायबिटीज एंड एंडोक्रिनोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन, बच्चों में विटामिन डी सप्लीमेंट का अब तक का सबसे बड़ा नियंत्रित परीक्षण है।

तीन वर्षों के दौरान, मंगोलिया में रहने वाले छह से 13 आयु वर्ग के 8,851 स्कूली बच्चों को विटामिन डी सप्लीमेंट की साप्ताहिक खुराक दी गई। 95.5 फीसदी प्रतिभागियों में शुरुआत में विटामिन डी की कमी थी और अध्ययन में खुराक विटामिन डी के स्तर को सामान्य सीमा तक बढ़ाने में अत्यधिक प्रभावी रही। हालांकि, अल्ट्रासाउंड की मदद से 1,438 प्रतिभागियों के एक छोटे समूह को मापा गया।

# खाद्य प्रणालियों को फिर से तैयार करना होगा

**जलवायु** परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए कृषि के वर्तमान मॉडल पर की जाने वाली चर्चाओं का दौर बढ़ रहा है। यह सच है कि कृषि आज कई प्रकार से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में योगदान करती है। जैसे चावल की खेती व पशुधन से मीथेन उत्सर्जन और खेतों पर सिंथेटिक उर्वरकों और खाद के उपयोग से नाइट्रस ऑक्साइड के माध्यम से उत्सर्जन। यहां तक कि ताड़ के तेल का उत्पादन करने के लिए वर्षावनों सहित जंगलों की बड़े पैमाने पर कटाई से जलवायु-जोखिम वाली दुनिया का संकट और बढ़ गया है। इसके अलावा खाद्य प्रसंस्करण और बिक्री के लिए बहु-महाद्वीपीय परिवहन व्यवस्था आदि।



यहां यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि यह क्षेत्र चरम मौसम की घटनाओं की बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। तो फिर, नई योजना क्या होनी चाहिए? अभी तक अधिकांश डेयरी किसान व्यगित रूप से ही काम करते हैं, अपने पशुओं के लिए खुले रूप में ही फीडिंग का उपयोग करते हैं। उनके फार्म एग्रोसिल्वोपास्टोरल सिस्टम (भूमि-उपयोग की वह तकनीक है जो पेड़ों और फसलों को पशुधन पालन में शामिल करती है) पर आधारित हैं। लेकिन अब ये तेजी से बदल रहा है। किसान तेजी से महंगे संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। जैसे उर्वरक से लेकर बीज और कीटनाशक तक। इससे उन पर कर्ज का बोझ बढ़ जाता है, जिससे वे फसल के नुकसान और चरम मौसम के प्रभावों के प्रति और भी अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। तो, हमारी जलवायु-जोखिम वाली दुनिया में आजीविका-पोषण-प्रकृति सुरक्षा के लिए कृषि मॉडल के तत्व इस प्रकार हैं। सबसे पहले, यह एक कम संसाधन आधारित मॉडल होना चाहिए जो किसान को कई जोखिमों से बचाए। इससे किसानों के हाथों में अधिक पैसा भी आएगा, खासकर जब हम जानते हैं कि अधिकांश देशों में भोजन की उच्च लागत वहन करने योग्य नहीं है।

यहां तक कि जिसे स्मार्ट कृषि के नाम पर प्रचारित किया जा रहा है, वह उच्च लागत वाले संसाधनों पर निर्भर करती है, जो खेती की लागत को बढ़ाती है। तर्क यह दिया गया है कि इस रणनीति से अधिक पैदावार होगी, जिससे किसान को अधिक आय मिलेगी। लेकिन यह तभी काम करता है जब लागत मुनाफे को खत्म न कर दे। छोटे किसानों के मामले में यह संभव नहीं है। हालांकि, पैदावार बढ़ाने के लिए मिट्टी के स्वास्थ्य पर काम करने और किसानों को सिंचाई उपलब्ध कराने की जरुरत होगी, जब उन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता हो। जलवायु परिवर्तन नए कीट भी लाएगा। इससे कृषि का लचीला होना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, लेकिन इसका मतलब कीटनाशकों का उपयोग बढ़ाना नहीं है। इसका मतलब कृषि की प्रथाओं में बदलाव के साथ-साथ गैर-रासायनिक विकृपों का उपयोग भी हो सकता है और होना भी चाहिए।

लब्बोलुआब यह है कि जलवायु लचीलेपन के लिए सामना करने, उबरने और अंतत: किसानों के हाथों में अधिक रिटर्न देने की अधिक आवश्यकता होती है। इसका मतलब उन बाजारों में निवेश करना भी है जो किसानों को अधिकतम लाभ कमाने के अवसर प्रदान करें।



दूसरा, कृषि को जोखिम न्यूनीकरण के सिद्धांत पर बनाना होगा। इसका मतलब होगा कि बहु-फसल प्रणाली को बढ़ावा देना। इससे जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि किसान खेत में एक से अधिक फसल उगाएंगे। पशुधन अर्थव्यवस्था को सुनिश्चित बनाना होगा क्योंकि यह जोखिम के प्रबंधन की अनुमति देगा ताकि विभिन्न स्रोतों से आय हो सके। तीसरा, ऐसी फसलों का चयन करना जो पौष्टिक होने के साथ-साथ स्थानीय पर्यावरण के अनुकूल भी हों। दूसरे शब्दों में जहां पानी की कमी है, वहां किसानों को बाजरा जैसी जल संरक्षण वाली फसलें उगानी चाहिए। लेकिन यह विकल्प किसान के हाथ में नहीं है। सरकारों को इन फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए खरीद से लेकर कीमत तक की नीतियों को सही बनाना होगा। उदाहरण के लिए, अधिक जैव विविधता और जलवायु-उपयुक्त बाजरा किसानों द्वारा उगाया जाएगा, जहां सरकारों ने उन्हें मध्याह्न भोजन जैसी योजनाओं में शामिल किया है (यह भारत के सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में से एक है, क्योंकि इसका उद्देश्य हर स्कूल में गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराना है)। जलवायु-लचीलेपन की दिशा में फसल पैटर्न में बदलाव के लिए इस सहायक संरचना की आवश्यकता होगी। चौथा और सबसे महत्वपूर्ण तत्व यह है कि किसान जो अन्न उगाते हैं उसका विकल्प उपभोक्ताओं के हाथों में है। यदि हम अपना आहार बदलते हैं, तो यह किसान को अलग तरह से बढ़ने के संकेत प्रदान करता है। हम जानते हैं कि भोजन औषधि है, फिर भी हम गलत खाना खाते रहते हैं। हमारी थाली में मौजूद भोजन में पोषण के तत्व खत्म हो गए हैं। हमें अच्छे भोजन का ज्ञान खोने का खतरा बढ़ गया है, जो हमारी दादी-नानी अलग-अलग मौसमों में पकाती थीं। यही कारण है कि हमें इस बदली हुई कृषि का हिस्सा बनना चाहिए। जलवायु परिवर्तन संकट मानव निर्मित है। यह इंसान ही हैं जिन्होंने ऐसे उत्सर्जन में योगदान दिया है जो हमारे वर्तमान और हमारे बच्चों के भविष्य के अस्तित्व को खतरे में डालता है। यह हम ही हैं जिन्हें अपने जीवन पर फिर से काम करना चाहिए। सच तो यह है कि हम जलवायु-जोखिम वाले विश्व में कृषि के इस मॉडल के साथ आगे नहीं बढ़ सकते।

**- साभार-डीटीई**

**जलवायु परिवर्तन का संकट मानव निर्मित है। हम जलवायु-जोखिम वाले विश्व में कृषि के वर्तमान मॉडल के साथ आगे नहीं बढ़ सकते।**

## संक्षिप्त समाचार

### मीरपुर टेस्ट : दूसरे दिन का खेल बारिश से रद्द

**मीरपुर।** बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को यहां बारिश के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। मैच के पहले दिन बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 172 रन पर आउट हो गई थी लेकिन मेजबान टीम ने वापसी करते हुए न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 55 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा। लगातार बारिश के कारण मैच अधिकारियों ने दिन का खेल रद्द करने का फैसला किया और साथ ही शुक्रवार को मैच जल्दी शुरू करने का भी फैसला किया। न्यूजीलैंड की टीम अब भी बांग्लादेश से 117 रन पीछे है जबकि उसके पांच विकेट बाकी हैं। डेरिल मिशेल 12 जबकि ग्लेन फिलिप्स पांच रन बनाकर खेल रहे हैं। बांग्लादेश ने दो टेस्ट की श्रृंखला का पहला मैच 150 रन से जीता था और उसके पास न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने का मौका है।

### न्यूजीलैंड ओपन: सेंथिल अभय दूसरे दौर में बाहर

**टाउरंगा।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अभय सिंह और मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिल कुमार न्यूजीलैंड ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। सेंथिल कुमार को दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कीवी पॉल कोल ने 11-7, 11-1, 11-2 से हराया। अभय को दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के बापटिस्टे मासोटी के हाथों 8-11, 5-11, 1-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी। दुनिया के 63वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने पहले दौर में शाहजहान खान को 3-2 से हराया था। वहीं महिला वर्ग में आकांक्षा सालुंके को मलेशिया की एइरा अजमान ने पहले दौर में 3-0 से हराया।

### आईडब्ल्यूएल: केरला का सामना सेतु एफसी से

**कोझीकोड।** गत चैंपियन गोकुलम केरला एफसी शुक्रवार को यहां सातवीं इंडियन वुमैन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) के शुरुआती फुटबॉल मैच में सेतु एफसी से भिड़ेगा। पहली बार आईडब्ल्यूएल घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर डबल राउंड रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा। इससे पहले सभी छह सत्र एक ही स्टेडियम में खेले गए थे। सात टीमें तीन महीने तक एक दूसरे से भिड़ेंगी और लीग का समापन 24 मार्च 2024 को होगा। लीग की अन्य टीम हॉप्स एफसी, ईस्ट बंगाल, ओडिशा एफसी, किकस्टार्ट एफसी और स्पोर्ट्स ओडिशा है। गोकुलम केरला ने पिछले तीन आईडब्ल्यूएल खिताब अपने नाम किए हैं।

# हमें फील्डिंग में करना होगा सुधार

## पहले टी-20 में हार के बाद बोलीं भारतीय स्पिनर श्रेयांका

एजेंसी। मुंबई

**इंग्लैंड** के खिलाफ पहले महिला टी-20 मैच में 38 रन से मिली हार के बाद युवा आफ स्पिनर श्रेयांका पाटिल ने कहा कि भारत को गेंदबाजी में रफ्तार में विविधता के साथ बेहतर क्षेत्ररक्षण करना चाहिए था।

रेणुका सिंह ठाकुर ने पहले ही ओवर में दो विकेट लिए लेकिन भारतीय टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी। इंग्लैंड ने छह विकेट पर 197 रन बना डाले। जवाब में भारतीय टीम छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी। मैच के बाद पाटिल ने पत्रकारों से कहा, हमें गेंदबाजी में रफ्तार में विविधता की जरूरत थी। विकेट गेंदबाजों के अनुकूल नहीं था और बल्लेबाजों को काफी मदद मिल रही थी। डैथ ओवरों में गेंदबाजी आसान नहीं थी। भारत के लिए टी-20 क्रिकेट में पदार्पण करने वाली पाटिल



ने स्वीकार किया कि भारत को फील्डिंग में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा, विकेट बल्लेबाजी के लिए शानदार था लेकिन गेंदबाजी आसान नहीं थी।

हमने अच्छा काम किया। हमने इस पर बात की है कि कैसे सुधार हो सकता है। फील्डिंग बेहतर हो सकती थी। हम शानदार वापसी करेंगे।

### डेब्यू के बारे में सोचकर रातभर नहीं सोई

उन्होंने कहा कि पदार्पण के बारे में सोचकर वह रातभर सो नहीं सकी। उन्होंने कहा , मैं बहुत खुश थी कि पहली बार भारत के लिए खेलूंगी। रोमांचित होने के साथ नर्वस भी थी। मैं पिछली रात सो ही नहीं सकी लेकिन दो गेंदों के बाद सामान्य हो गई थी। पाटिल ने कहा कि महिला प्रीमियर लीग से उन्हें फ्लड लाइट में सफेद गेंद से खेलने में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा , डब्ल्यूपीएल में हैरी दी (हरमनप्रीत कौर), स्मृति मंधाना और जेमिमा रौड्रिग्ज के खिलाफ खेलने से काफी मदद मिली। इससे फ्लड लाइट में और दबाव के क्षणों में गेंदबाजी में भी फायदा हुआ।

### दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम रवाना



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए रवाना हो गई। टीम के साथ मुख्य कोच राहुल द्रविड़, बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर और उनका सहयोगी स्टाफ भी साथ गया है। अफ्रीका दौरे पर भारतीय टीम को पहले तीन टी-20, उसके बाद तीन वनडे और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला टी-20 मैच 10 दिसंबर को खेला जाएगा। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को इस दौरे की टी-20 और वनडे सीरीज के लिए आराम दिया गया है। विराट और रोहित 20 दिसंबर को इंट्रा-स्क्वाड मैच से पहले टीम में शामिल होंगे।

## लीजेंड्स लीग में मैच के दौरान भिड़े गंभीर और श्रीसंत, पूर्व गेंदबाज ने लगाए आरोप

# गंभीर ने मुझे फिक्सर कहा

एजेंसी। सूरत।

**भारत** के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने गुरुवार को आरोप लगाया कि गौतम गंभीर ने उन्हें यहां लीजेंड्स लीग क्रिकेट के मैच के दौरान फिक्सर कहा। बुधवार को इंडियन कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच एलिमिनेटर मैच के दौरान श्रीसंत और उनके पूर्व साथी गंभीर के बीच तीखी बहस हो गई थी। श्रीसंत की गेंद पर गंभीर ने कुछ चौके लगाए तो तेज गेंदबाज ने उन्हें घूर कर देखा था। इस पर दोनों के बीच शब्दों के आदान-प्रदान हुए। ओवरों के बीच ब्रेक के दौरान दोनों एकदूसरे के करीब भी पहुंच गए थे। इसके बाद विश्व कप विजेता खिलाड़ियों को अलग करने के लिए अंपायर को हस्तक्षेप करना पड़ा। श्रीसंत ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लाइव आकर कहा, वह लाइव टीवी पर मुझे फिक्सर फिक्सर कहता रहा, तुम फिक्सर हो।

श्रीसंत ने कहा, मैंने सिर्फ यही कहा, आप क्या कह रहे हो। मैं मजाकिया अंदाज में हसंता रहा। जब अंपायर उन्हें शांत करने की कोशिश कर रहे थे तो उन्होंने उनसे भी इसी भाषा में बात की। श्रीसंत पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2013 में स्पॉट फिक्सिंग प्रकरण में उनकी कथित लिप्तता के कारण बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की अनुशासनात्मक समिति ने आजीवन प्रतिबंध लगाया था। लेकिन उच्चतम न्यायालय ने 2019 में इस प्रतिबंध को घटाकर सात साल का कर दिया था। श्रीसंत ने कहा, मैंने किसी अपशब्द का इस्तेमाल नहीं किया। कृपया सच का समर्थन करें। वह कई लोगों के साथ ऐसा करता रहा है। मुझे नहीं पता कि उसने यह क्यों शुरू किया और यह ओवर



के अंत में हुआ। उन्होंने कहा, अब उनके लोग कह रहे हैं कि उन्होंने सिक्सर सिक्सर बोला है, लेकिन उन्होंने बोला यू फिक्सर तू फिक्सर है। यह बात करने का तरीका नहीं है। मैं इस घटना को यहीं खत्म करने का सोच रहा हूं लेकिन उनके लोग उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि आप एक्स्ट्रा पेड पीआर वर्क (अतिरिक्त भुगतान पर जनसंपर्क करने वाले) के झांसे में नहीं आए।

गंभीर पूर्वी दिल्ली से भाजपा के सांसद हैं। गंभीर ने भारतीय जर्सी में खुद की मुस्कुराती हुई फोटो एक्स पर साझा करते हुए लिखा, जब दुनिया का काम ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का हो तो मुस्कुराते रहो।

### बिना कारण लड़ता है मिस्टर फाइटर, मुझे नीचा दिखाने की कोशिश

श्रीसंत इस वीडियो में यह कहते हुए सुनाई पड़ रहे हैं- मिस्टर फाइटर के साथ जो कुछ हुआ, उसके बारे में मैं कुछ स्पष्ट करना चाहता था। मिस्टर फाइटर बिना किसी कारण के अपने सभी साथियों से लड़ता है। वह वीरू भाई (वीरेंद्र सहवाग) समेत अपने सीनियर खिलाड़ियों और कई लोगों का सम्मान भी नहीं करते। ठीक ऐसा ही हुआ। बिना किसी उकसावे के वह मुझे कुछ ऐसा कहते रहे जो बहुत असभ्य है। यह बात गौतम गंभीर को कभी नहीं कहनी चाहिए थी। श्रीसंत ने कहा कि वह खुलासा करेंगे कि गंभीर ने मैच के दौरान उनसे क्या कहा था। उन्होंने कहा कि शब्दों ने उन्हें और उनके परिवार को आहत किया है। पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, मेरी कोई गलती नहीं है। देर-सबेर आपको पता चल जाएगा कि उन्होंने जिन शब्दों का इस्तेमाल किया और जो चीजें उन्होंने क्रिकेट के मैदान पर कही, वे स्वीकार्य नहीं हैं। मैंने अपने परिवार के साथ बहुत कुछ झेला है। मैंने आपके समर्थन से अकेले वह लड़ाई लड़ी है। अब कुछ लोग मुझे बिना किसी कारण के नीचा दिखाना चाहते हैं। उन्होंने ऐसी बातें कहीं जो उन्हें नहीं कहनी चाहिए थी। इस तेज गेंदबाज ने गंभीर पर हमला जारी रखते हुए कहा कि वह अपने सीनियर्स के साथ-साथ सहकर्मियों का भी सम्मान नहीं करते। श्रीसंत ने कहा कि अगर आप अपने ही साथियों का सम्मान नहीं करते हैं तो टीम का प्रतिनिधित्व करने का कोई मतलब नहीं है। किसी इंटरव्यू में जब उनसे विराट (कोहली) के बारे में पूछा जाता है, तो वह कभी नहीं बोलते, वह कुछ और बोलते हैं। मैं इससे अधिक विस्तार में नहीं जाना चाहता। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि मैं बहुत आहत हूं। मेरा परिवार आहत है। मैंने बुरे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया है। गंभीर और श्रीसंत 2007 टी-20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप में विजेता भारतीय टीम का हिस्सा थे। गंभीर पहले भी मैदान पर विवादों में शामिल रहे हैं, यह पहली बार नहीं है। आईपीएल के दौरान ही उनकी कई दफा विराट कोहली से नोकझोंक हुई थी। इसमें से एक नोकझोंक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच इस साल हुए मैच के दौरान हुई थी। गंभीर तब लखनऊ की टीम के मेंटोर थे।

# स्मिथ के मैनेजर ने उनकी संन्यास की चर्चा को खारिज किया

## अभी भी बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं

एजेंसी। सिडनी



**स्टीव** स्मिथ टीम के अपने साथी डेविड वार्नर की तरह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेंगे क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान को लगता है कि वह अब भी काफी कुछ हासिल कर सकते हैं। लंबे समय से स्मिथ के मैनेजर की भूमिका निभा रहे वारेन क्रेग ने इसकी पुष्टि की है।

वार्नर ने तीन जनवरी 2024 से पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में शुरू हो रहे तीसरे और अंतिम टेस्ट के साथ इस प्रारूप को अलविदा कहने की इच्छा जताई है। इस तरह की चर्चा थी कि भारत और इंग्लैंड के खिलाफ इस साल उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाने के बाद स्मिथ भी संन्यास ले सकते हैं।

न्यू साउथ वेल्स के इस बल्लेबाज का टेस्ट क्रिकेट में औसत अपने युग के बल्लेबाजों में सर्वश्रेष्ठ है लेकिन मौजूदा सत्र में उन्हें बड़ी पारियां खेलने के लिए जूझना पड़ा है। स्मिथ ने 102 टेस्ट में 32 शतक से 58.61 की औसत से 9320 रन बनाए हैं। क्रेग ने हालांकि इन अटकलों को अधिक तवज्जो नहीं दी। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने क्रेग के हवाले से कहा इस समय मैं इसे (संन्यास की चर्चा) खारिज कर सकता हूं। वह अब भी उन चीजों के बारे में बात करता है जिन्हें वह हासिल करना चाहता है। इस 34 साल के बल्लेबाज ने अपने शानदार करियर के दौरान प्रत्येक ट्रॉफी जीती है जिसमें एशेज (तीन बार), वनडे विश्वकप (2015 और 2023), टी-20 विश्वकप (2021) और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (2023) शामिल हैं।

### टेस्ट में 10 हजार रन के करीब हैं स्मिथ

इस साल हालांकि स्मिथ 17 पारियों में 34.53 की औसत से सिर्फ 518 रन बना पाए हैं। स्मिथ हालांकि 10 हजार टेस्ट रन बनाने वाला चौथा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बनने के करीब हैं और वह इस मौके से चूकना नहीं चाहते। ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में एलेन बॉर्डर, रिकी पोंटिंग और स्टीव वॉ 10 हजार से अधिक रन बना चुके हैं। स्मिथ ने हाल में संपन्न एकदिवसीय विश्व कप की 10 पारियों में दो अर्धशतक से 33.55 की औसत से 302 रन बनाए थे।

# नवीन को राष्ट्रीय निशानेबाजी में दोहरी स्वर्णिम सफलता

एजेंसी। नई दिल्ली

**आर्मी** मार्क्स मैनशिप यूनिट के निशानेबाज नवीन ने गुरुवार को भोपाल में संपन्न पिस्टल स्पर्धाओं की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ दोहरी सफलता हासिल की।

> **10 मीटर एयर पिस्टल में उप्र के विवेक को हराया**

नवीन ने एमपी राज्य निशानेबाजी अकादमी रेंज में हुए फाइनल में 246.2 अंक के साथ उत्तर प्रदेश के विवेक को पछाड़ा जिसने 244.0 अंक जुटाए। नौसेना के उज्जवल मलिक 221.3 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नवीन, सागर डांगी और बिशाल श्रेष्ठ की तिकड़ी ने इसके बाद टीम स्पर्धा में 1742 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

नौसेना की टीम 1737 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि हरियाणा ने कांस्य पदक जीता। क्वालीफिकेशन में सेना के निशानेबाज निशांत रावत ने 589 अंक के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। नवीन ने क्वालीफिकेशन में चार अन्य निशानेबाजों के समान 581 अंक जुटाए लेकिन 10 अंक के अंदरूनी हिस्से में अधिक निशाने लगाकार आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे।

## आडवाणी, चावला और मेहता जीते

**चेन्नई।** विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने गुरुवार को यहां दिल्ली के अविनाश कुमार को हराकर राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के पुरुष सिक्स रेड स्नूकर नॉकआउट में जगह बनाई।

पिछले महीने दोहा में रिकॉर्ड 26वां आईएसबीएफ विश्व खिताब जीतने वाले पीएसपीबी के आडवाणी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-2 से जीत दर्ज की और राउंड ऑफ 32 में प्रवेश किया। आडवाणी ने बुधवार को कर्नाटक के सूफयान अहमद को 4-0 से हराया था। खिताब के अन्य दावेदार कमल चावला (आरएसपीबी), आदित्य मेहता (पीएसपीबी) और एस श्रीकृष्णा (पीएसपीबी) भी राउंड ऑफ 32 में जगह बनाने में सफल रहे।

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हरा सीरीज में बराबरी की

## विल जैक्स और सैम कुरैन के दम पर हासिल की जीत

एजेंसी। नॉर्थ साउंड (एंटीगा)

**विल** जैक्स के 73 रन और सैम कुरेन के तीन विकेट के दम पर इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी की।

इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा था और मेजबान टीम 40 ओवर में 202 रन पर आउट हो गई। वहीं जैक्स के दूसरे अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड ने 33 ओवर में चार विकेट पर 206 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए पहले मैच में नाबाद 109 रन बनाने वाले शाई होप ने 68 रन की पारी खेली। एक समय सात ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर चार विकेट पर 23 रन था लेकिन होप ने शेरफान रदरफोर्ड (63) के साथ 129 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। उन्होंने 44 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और 68 गेंद में 68 रन बनाए।

रदरफोर्ड ने 71 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। जवाब में जैक्स ने फिल साल्ट (21) के साथ 50 रन की साझेदारी की और 43 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। इंग्लैंड के जाक क्रॉउले और बेन डकेट




जल्दी आउट हो गए लेकिन हेनरी ब्रूक और जोस बटलर ने 17.1 ओवर बाकी रहते टीम को जीत दिलाई। बटलर 58 रन बनाकर और ब्रूक 43 के स्कोर पर नाबाद रहे।

## अब अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी था

एजेंसी। नॉर्थ साउंड (एंटीगा)

**इंग्लैंड** के कप्तान जोस बटलर ने कहा है कि वह अपने खराब फॉर्म से आजिज आ चुके थे और अब अच्छा प्रदर्शन करना बहुत जरूरी हो गया था।

वनडे विश्व कप में फॉर्म के लिए जूझते रहे बटलर ने सितंबर के बाद से पहला अर्धशतक जमाया। उनके 45 गेंद में नाबाद 58 रन की मदद से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे वनडे में छह विकेट से हराया।

बटलर ने मैच के बाद कहा , मैं फॉर्म के लिए जूझ रहा था। खराब फॉर्म से तंग आ गया था। अब यह जरूरी हो गया था कि अपने चिर परिचित अंदाज में खेलूं। अपनी इस पारी के साथ उन्होंने वनडे क्रिकेट में 5000 रन भी पूरे कर लिए। उन्होंने कहा, बहुत खुश हूं। इस तरह की उपलब्धियों से अच्छा लगता है। पिछला कुछ समय काफी खराब था। बटलर की कप्तानी में इंग्लैंड ने पिछले साल टी-20 विश्वकप जीता था।

# विराट कई रिकॉर्ड तोड़ेंगे पर 100 शतक जमाना बहुत मुश्किल

## सचिन के कुल शतकों का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए करनी होगी कड़ी मेहनत: ब्रायन लारा

एजेंसी। नई दिल्ली

**विराट** कोहली ने हाल ही में खेले गए वनडे विश्व कप में सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों का रिकॉर्ड तोड़ा था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके कुल शतकों की संख्या 80 हो चुकी है। फैंस का मानना है कि विराट सचिन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतकों के रिकॉर्ड को भी तोड़ देंगे। हालांकि, वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज और महान क्रिकेटर ब्रायन लारा की सोच कुछ और ही है। उन्होंने कहा कि ये बातें तर्कहीन हैं।

भारत को अगले साल केवल पांच वनडे खेलने हैं और उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय भविष्य को लेकर अब तक कोई स्पष्टता नहीं है। कोहली को अगर तेंदुलकर की बराबरी करनी है या उनसे आगे निकलना है तो उन्हें टेस्ट क्रिकेट पर काफी निर्भर रहना होगा। अगर वह अगले चार साल तक पूरी फिटनेस



के साथ खेलना जारी रखते हैं तो उन्हें तेंदुलकर की बराबरी करने के लिए हर साल पांच शतक बनाने होंगे, जो कि आसान नहीं है। कोहली की बल्लेबाजी के फैन होने के बावजूद दिग्गज ब्रायन लारा इसके बारे में आशावादी नहीं हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, कोहली की उम्र अभी क्या है? 35 है ना? उनके खाते में 80 शतक हैं, लेकिन उन्हें अब भी 20 की जरूरत है। अगर वह हर साल पांच शतक बनाते हैं तो उन्हें तेंदुलकर की बराबरी करने के लिए चार साल और लगेंगे। कोहली तब 39 साल के हो जाएंगे। कठिन काम, बहुत ही कठिन काम है।

वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ने कहा कि क्रिकेट के नजरिए से यह तर्कसंगत नहीं लगता। जो लोग यह कह रहे हैं कि कोहली तेंदुलकर के 100 शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ देंगे, वे क्रिकेट के तर्क को ध्यान में नहीं रख रहे होंगे। 20 शतक बहुत दूर हैं। ज्यादातर क्रिकेटर अपने पूरे करियर में ऐसा नहीं कर पाते। उम्र किसी के लिए नहीं रुकती है। कोहली कई और रिकॉर्ड तोड़ेंगे, लेकिन 100 शतक सबसे मुश्किल है।

हालांकि, लारा ने यह भी कहा कि अगर कोई ऐसा कर सकता है तो वह कोहली ही हैं। उन्होंने कहा, केवल कोहली ही इसके करीब पहुंच सकते हैं। मैं उनके अनुशासन और समर्पण का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। जिस तरह से वह अपना सब कुछ देकर मैच की तैयारी करते हैं, आप उनके फैन कैसे नहीं हो सकते। मेरी शुभकामनाएं उनके साथ हैं।

### जो लोग विराट को स्वार्थी कहते हैं वे उससे जलते हैं

कोहली ने हाल ही में समाप्त हुए वनडे विश्व कप में 11 मैचों में 95.62 की औसत से 765 रन बनाए थे। वह विश्व कप के एक संस्करण में 700 से अधिक रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर हैं। उन्होंने तीन शतक भी लगाए, लेकिन कई लोगों का मानना था कि उन्होंने कई शतक लगाने के लिए अपनी पारी को धीमा कर लिया था और स्वार्थी होकर खेल रहे थे। क्या विराट वाकई ऐसा कर रहे थे? इस बारे में पूछे जाने पर लारा ने इसे बकवास करार दिया। उन्होंने कहा, जो लोग ऐसा कह रहे हैं वो सभी विराट से जलते हैं। मैंने भी अपने करियर में इसका सामना किया है। विराट पर धीमा खेलने का आरोप पाकिस्तान के मोहम्मद हफीज ने लगाया था। हफीज ने एक शो के दौरान विराट पर शतक को लेकर स्वार्थी होने का आरोप लगाया था। अब ब्रायन लारा ने नाम लिए बिना उनको जवाब दिया है।

# भारोत्तोलक आईडब्ल्यूएफ ग्रां प्री में अजीत दूसरे स्थान पर

एजेंसी। दोहा



**राष्ट्रमंडल** खेलों की रजत पदक विजेता बिंदियारानी आईडब्ल्यूएफ ग्रां प्री टू में निराशाजनक प्रदर्शन के साथ महिलाओं के 55 किलोवर्ग में क्लीन एंड जर्क वर्ग में तीनों प्रयासों में नाकाम रही।

बिंदियारानी उन दो खिलाड़ियों में से थी जो अपनी स्पर्धा पूरी नहीं (डीएनएफ) कर सके। इस वर्ग में 12 भारोत्तोलकों ने भाग लिया था। वह कुल छह में से दो ही वैध लिफ्ट कर सकी और दोनों स्नैच वर्ग में थे जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 81 किलो रहा। इस साल मई में एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाली बिंदियारानी क्लीन एंड जर्क में पहले प्रयास में 106 किलो वजन नहीं उठा सकी। इसके बाद 109 किलो उठाने के दोनों प्रयास नाकाम रहे। मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन नारायण अजीत ने पुरुषों के 73 किलोवर्ग में ग्रुप सी में दूसरा स्थान हासिल किया। राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता अजीत ने स्नैच में 133 किलो और क्लीन एंड जर्क में 157 किलो समेत कुल 290 किलो वजन उठाया। ग्रुप ए की प्रतिस्पर्धा पूरी होने के बाद अंतिम तालिका तैयार की जाएगी।